डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹72600 10 ग्राम | ₹91000 01 किलो | सेंसेक्स 79,223.11 -720.60 | डॉलर 85.922 +0.219

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 05 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-82, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 पंत की तूफानी पारी सिडनी टेस्ट...

## सीआईडी ने जारी किए मोबाइल और ईमेल नंबर

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड सीआईडी ने परीक्षार्थियों और आम लोगों से अपील करते हुए साक्ष्य या जानकारी मांगी है। इसके लिए सीआईडी ने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जारी किए हैं। सीआईडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा, 2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी या अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो) या कोई अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर 9934309058 और ईमेल आईडी (sp-cid@jhpolice.gov.in) पर उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## मुकेश चंद्राकर हत्याकांड में एसआईटी का गठन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। फॉरेंसिक टीम साइंटिफिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना की जांच कर रही है। अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

## एनआईए ने बोकारो से माओवादी बच्चा सिंह को किया गिरफ्तार

■ **एनआईए ने नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में छापेमारी भी की**




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में भाकपा माओवादियों के षड्यंत्र मामले में एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। एनआईए से आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। वह (आरसी-03/2023/ एनआईए/ आरएनसी) मामले में एफआईआर में आरोपित है। एनआईए ने अगस्त 2023 में यूए(पी) अधिनियम और सीएलए अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का सचिव था, जिसे वर्तमान में झारखंड राज्य सरकार ने सीएलए अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। आरोपित प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड और अन्य स्थानों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था। इधर, बोकारो जिले के गोमिया के विभिन्न स्थानों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की आठ टीमों ने सुबह छह बजे से नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में लगभग तीन से चार घंटे तक छापेमारी **शेष पेज 11 पर**

### हजारीबाग के नवादा में एनआईए की छापेमारी

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने शनिवार को हजारीबाग के विष्णुगढ़ स्थित नवादा गांव के एक घर में छापेमारी कर लोगों से पूछताछ की। एनआईए की टीम की गोमिया के झुमरा पहाड़ के क्षेत्रों में छापेमारी से यह संबंधित है। झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां कई बार पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ भी हो चुकी है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को एनआईए की टीम गिरिडीह पहुंची थी। यहां नक्सली कृष्णा हांसदा से जुड़े मामले को लेकर कई घरों में छापेमारी की गई थी। जिन घरों में टीम ने छापेमारी की है, वे घर नक्सलियों के लिए काम करने वाले संदिग्ध और ओवर ग्राउंड वर्करों के हैं।

## टांगी से काटकर की गई थी नाईट गार्ड की हत्या, पांच गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस ने पिछले दिनों सदर थाना क्षेत्र के उलगड़ा मे नदी पर पूल निर्माण में कार्य कर रहे मुंशी की हत्या उग्रवादी संगठन झारखंड संघर्ष जनशक्ति मोर्चा ने कर दी थी । इस हत्याकांड का उद्भेदन करते हुवे इस हत्याकांड में शामिल 5 अपराधियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार अपराधियो में मुनेश्वर सिंह , रमेश सिंह , छोटेलाल उरांव , रामचन्द्र उरांव और सनोज उरांव शामिल है । पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियो के पास से 3 भरठुवा बंदूक , 2 मोबाईल और हत्या में उपयोग किये गए टांगी को बरामद किया है। ज्ञात हो कि 26 दिसंबर, 2024 को लातेहार सदर थाना क्षेत्र के उलगड़ा गाँव में औरंगा नदी पर बन रहे पुल निर्माण स्थल पर नाईट गार्ड बालगोविंद साहू की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई थी। हत्या झारखंड संघर्ष जनशक्ति मोर्चा (जो अब समाप्त हो चुका है) के नाम पर की गई थी। इस मामले में एसडीपीओ अरविंद कुमार और थाना प्रभारी दुलर चौड़े के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पाँच अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से तीन भरथुवा बंदूक, एक **शेष पेज 11 पर**

# राज्य में 7 से 13 तक बंद रहेंगी केजी से आठ तक की कक्षाएं

▶▶ **झारखंड में शीतलहर से नहीं मिल रही राहत**

▶▶ **रांची में और नीचे गिर सकता है तापमान**



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर झारखंड पर पड़ा है और राज्य पिछले चार-पांच दिनों से शीतलहर की चपेट में आ गया है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में सर्द हवाएं चल रही हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

इधर, राज्य में शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, सरकार ने राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से आठ तक की कक्षाएं 7 जनवरी से 13 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। वहीं, वर्ग 9 से वर्ग 12 तक की कक्षाएं एवं सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्ववत संचालित रहेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शनिवार को इससे संबंधित आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि इस अवधि में सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक (माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों सहित) नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर यू-डायस+ 2024-25, बच्चों के अपार आईडी जेनरेशन एवं हाउसहोल्ड सर्वे आदि से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

राजधानी रांची में सुबह और शाम को ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। सुबह और रात में जगह-जगह अलाव जलाकर लोग ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। शनिवार को रांची का न्यूनतम तापमान 7.9 और अधिकतम तापमान 22.9 रिकार्ड किया गया है। कांके में पारा लुढ़ककर तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी में शनिवार सुबह हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन धीरे-धीरे आसमान साफ हो गया।

मौसम केंद्र के अनुसार, रांची, गुमला, गिरिडीह, लातेहार, सिमडेगा, पलामू और लोहरदगा में शनिवार और रविवार को न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री तक जा सकता है। अन्य जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा और आंशिक रूप से बादल छाने की भी संभावना है। सात, आठ जनवरी को भी कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डालटनगंज का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, राज्य में शीतलहर से अगले दो-तीन दिनों तक राहत नहीं मिलने वाली है। उत्तर-पश्चिम से आ रही सर्द हवा के चलते लोग कनकनी महसूस करेंगे। शाम **शेष पेज 11 पर**

## गढ़वा रोड रेल खंड के रास्ते दो जोड़ी और कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे की ओर से महाकुंभ के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर कई कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इस कड़ी में 3 जोड़ी और कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इनमें दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का गढ़वा रोड होकर परिचालन शुरू किया जाएगा। इनमें गाड़ी संख्या 07107/07108 तिरुपति-बनारस-विजयवाड़ा कुंभ मेला स्पेशल (डीडीयू-सोननगर-गढ़वा रोड-बरकाकाना-रांची-सम्बलपुर-विजयवाड़ा के रास्ते) गाड़ी संख्या 07107 तिरुपति-बनारस कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 08, 15 एवं 22 फरवरी, शनिवार को तिरुपति से 20.55 बजे खुलकर सोमवार को 11.25 बजे सोननगर, 11.45 डेहरी ऑन सोन, 12.08 बजे सासाराम, 12.45 बजे भभुआ रोड, 13.15 चंदौली मंझवार एवं 14.20 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.45 बजे बनारस पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 07108 बनारस-विजयवाड़ा कुंभ मेला स्पेशल 20 जनवरी, 10, 17 एवं 24 फरवरी, सोमवार को बनारस से 17.30 बजे खुलकर 19.05 बजे डीडीयू, 19.33 बजे चंदौली मंझवार, 19.55 बजे भभुआ रोड, 20.20 बजे सासाराम, 20.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 20.53 बजे सोननगर सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए बुधवार को 5.30 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07109/07110 नरसापुर-बनारस-नरसापुर कुंभ मेला स्पेशल (डीडीयू-सोननगर-गढ़वा रोड-बरकाकाना-रांची-सम्बलपुर-राजमुंदरी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 07109 नरसापुर-बनारस कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी एवं 2 फरवरी, रविवार को नरसापुर से 06.00 बजे खुलकर सोमवार को 11.25 बजे सोननगर, 11.45 डेहरी ऑन सोन, 12.08 बजे सासाराम, 12.45 बजे भभुआ रोड, 13.15 चंदौली मंझवार एवं 14.20 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.45 बजे बनारस पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 07110 बनारस-नरसापुर कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी एवं 3 फरवरी 2025, सोमवार को बनारस से 17.30 बजे खुलकर 19.05 बजे डीडीयू, 19.33 बजे चंदौली मंझवार, 19.55 बजे भभुआ रोड, 20.20 बजे सासाराम, 20.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 20.53 बजे सोननगर सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए बुधवार को 5 बजे नरसापुर पहुंचेगी । यह जानकारी सरस्वती चन्द्र मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने रेलवे के सोशल मीडिया ग्रुप में प्रेस विज्ञप्ति शेयर कर दी है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




## लिफ्ट और एस्केलेटर कभी चलते हैं कभी नहीं, बीमार-वृद्ध यात्री परेशान

■ **सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है महिलाओं को**

■ **स्टेशन पर रेल नीर नहीं, 15 का पानी 20 रुपए में**

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत हटिया डिवीजन के रांची रेलवे स्टेशन को विगत 26 दिसंबर को ही बोकारो के साथ संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ रख-रखाव का पुरस्कार मिला है। पुरस्कार मिलने के नौ दिन बाद राष्ट्रीय नवीन मेल का संवाददाता जब यात्री सुविधाओं और स्टेशन के रख-रखाव का जायजा लेने रांची रेलवे स्टेशन पहुंचा, तो मंजर कुछ और ही देखने को मिला। रांची स्टेशन के रख-रखाव और यात्री सुविधा में कई ऐसी गड़बड़ियां मिलीं, जिससे न केवल सर्वश्रेष्ठ स्टेशन के अवार्ड पर प्रश्न चिह्न लग रहे हैं, बल्कि रेलवे अधिकारियों की लापरवाही भी साफ झलक रही है। राजधानी का रांची रेलवे स्टेशन निश्चित रूप से पहले से बेहतर हुआ है। मगर, रेलवे अधिकारियों की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण प्रतिदिन हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। सारी सुविधाओं के बावजूद कुव्यवस्था के कारण बीमार, वृद्ध, बच्चों और महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष ध्यान रहा है और **शेष पेज 11 पर**

### कचहरी रोड में 40 हजार रुपए की लूट, पुलिस जांच में जुटी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को कचहरी के पास वन विभाग गेट के सामने एक व्यक्ति से 40 हजार रुपए लूटे गए। घटना के बाद शनिवार तक एफआइआर दर्ज नहीं की गई, लेकिन पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। रामावतार राम नामक व्यक्ति ने एसबीआई बैंक से 40 हजार रूपए निकाले थे और जब वे वन विभाग के सामने लघुशंका करने गए, तो लुटेरों ने उनका रुपया छीन लिया। घटना के बाद लुटेरे कागज के नोटों के बंडल फेंककर फरार हो गए। झारखंड क्रांति मंच के शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने इस लूट की कड़ी निंदा की है और पुलिस से शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## चतरा सांसद और विधायक ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चतरा की समस्याओं से अवगत कराया है। इस मौके पर विधायक जनार्दन पासवान को देखते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लपक कर गले से लगा लिया। सांसद और विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई दी। तीनों नेताओं ने चतरा लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर काफी देर तक चर्चा की। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा आज भी मौलिक सुविधाओं से वंचित है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए सांसद और विधायक को भरपूर सहयोग करेंगे।

## इंडिया | रेलवे में यात्री सुविधाएं बढ़ीं, पर अभी भी मौलिक सुविधाएं अपडेट नहीं



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

शायद ही कोई भारतीय हो जिसने कभी न कभी रेल की यात्रा न की हो। रोजाना लाखों लोगों की दुर्गम और लंबी दूरी की यात्रा को सबसे सस्ता और आरामदायक बनाने में देश की धड़कन रेलवे का अतुलनीय योगदान है। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तेज दौड़ में देश में बढ़ रहे शहरीकरण, मध्यवर्ग की डिमांड और पर्यटन के प्रति बढ़ते रुझान ने रेलवे को भी बदलाव की दौड़ में शामिल कर दिया है। वंदे भारत जैसी ट्रेनों की बढ़ती संख्या के साथ फरवरी, 2023 में लांच अमृत भारत स्टेशन स्कीम ने स्टेशनों को भी वर्ल्ड क्लास बनाने पर जोर दिया जा रहा है जिसने रेल यात्रियों की यात्रा के एहसास को बदल कर रख दिया है। इसके अंतर्गत 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है जिसमें स्टेशनों को आधुनिक बनाना, यात्री सुविधाओं का विस्तार, यात्रियों का मैनेजमेंट और बेहतर साइन सिस्टम बनाया जाना है। स्टेशनों के विकास पर 24,470 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं जिससे ये स्टेशन मॉडल के रूप में विकसित हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन किसी भी शहर का चेहरा माने जाते हैं और इन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में भी देखा जाता है। इस योजना के तहत यात्रियों को साफ और हायजेनिक वेटिंग एरिया, रेस्टरूम बनाए जाने हैं साथ ही खाने-पीने के अच्छे स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। यात्रियों और गाड़ियों के आने और जाने के लिए अलग-अलग पॉइंट बनाए जा रहे है। सड़कें चौड़ी और पर्याप्त पार्किंग सुविधा के साथ बस, टैक्सी और ऑटो रिक्शा स्टैंड से जोड़ा जा रहा है। यात्रियों के निर्देश स्पष्ट और कई भाषाओं में लिखे जा रहे हैं और प्रकाश की व्यवस्था और उपकरणों के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे पांच वर्षों में 10-12 लाख करोड़ रुपये के निवेश से भारतीय रेलवे का आधुनिकीकरण किया जाना है । नई टिकट वापसी योजना 24 घंटे के भीतर रिफंड सुनिश्चित करेगी और वर्तमान तीन दिन से एक सप्ताह की रिफंड प्रक्रिया का स्थान लेगी। वंदे भारत ट्रेनें पूरे भारत में तीन श्रेणियों में शुरू की जाएंगी, 100 किलोमीटर से कम के मार्गों पर वंदे मेट्रो,



100 से 550 किलोमीटर के मार्गों पर वंदे चेयर कार और 550 किलोमीटर से अधिक के मार्गों पर वंदे स्लीपर।वर्तमान में, वंदे भारत ट्रेनें पूरे भारत में लगभग 50 मार्गों पर चल रही हैं।अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन अप्रैल 2029 तक चालू हो जाएगी और उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत में तीन और बुलेट ट्रेन परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जाएगा।रेलवे ने 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 40,000 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाले तीन आर्थिक गलियारों की योजना बनाई है। 1,300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण निजी भागीदारी से किया जाएगा। बदले हुए स्टेशनों पर शॉपिंग मॉल और एयरपोर्ट के वेटिंग लाउंज जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएँ होंगी। रेलवे बोर्ड के पांच साल बाद दिए आदेशानुसार देश के सभी 68 डिविजनों में अब ए और ए1श्रेणी के स्टेशनों में 40 किलो से ज्यादा वजन होने पर रेल यात्रा यात्री को कुली को ढाई सौ के बजाय 340 रुपए देने होंगे वही व्हीलचेयर पर बुजुर्ग बीमार व्यक्ति को लाने के लिए 130 की जगह पर 180 रुपए का भुगतान करना होगा स्ट्रेक्चर पर बीमार शख्स को लाने के लिए 200 रुपये की जगह 270 रुपये देने होंगे। छोटे रेलवे स्टेशनों पर दर कुछ कम होगी ज्यादा पैसे मांगने पर रेल यात्री स्टेशन मास्टर से शिकायत कर सकेंगे।जबकि श्रेष्ठ व्यवस्थित स्टेशन के पुरस्कार विजेता रांची स्टेशन में रात में कुली नहीं रहते और दिन में भी तय दर से कई गुना अधिक पैसे वसूलते हैं। बीमार,वृद्ध,महिलाओं और भारी सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को देश के लगभग स्टेशनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है । हवाई अड्डों की तरह ट्रॉली की व्यवस्था कर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है क्योंकि रात दिन चलने वाली ट्रेनों की बढ़ती संख्या की तुलना में कुलियों की संख्या भी पर्याप्त नहीं है। रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए तीन बड़े मौलिक सुधारों की आवश्यकता है पहली सभी ट्रेनों में नाम और नंबर बड़े अक्षरों में लिखे जाएं ताकि दूर से कोई भी उसे पढ़ पाए और दूसरा स्टेशनों की उदघोषणाओं में स्टेशन का नाम ट्रेन के विलंब होने की सूचना के साथ बताया जाए ताकि ट्रेन के अंदर के यात्रियों वृद्धों और दृष्टिबाधित को रतजगा कर बार-बार पूछताछ न करनी पड़े।तीसरा स्टेशनों के नाम भी बड़े अक्षरों में ऐसे लिखे जाएं जो ट्रेन के अंदर से आसानी से दिख जाएं। अभी यात्रियों में बेचैनी रहती है कि ट्रेन लेट चल रही है कौन सा स्टेशन आया और कब मेरा स्टेशन आएगा ।ग्रामीण या कम पढे लिखे लोगों को बार-बार पूछना पड़ता है कि कौन सी ट्रेन है कहा जाएगी और कौन सा स्टेशन है जिससे सभी को परेशानी होती है।

## सीएम आज लांच करेंगे अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ रविवार को दिन के 12:00 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। राज्य बजट 2025-26 के लिए आम जनता का सुझाव प्राप्त करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल ऐप प्रारंभ किया जा रहा है। वहीं, बजट के संबंध में बेहतर सुझाव देने वाले तीन व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है।

### ऐसे भेजें सुझाव

- अबुआ बजट पोर्टल अथवा अबुआ बजट मोबाइल ऐप पर स्वयं को पंजीकृत करें।
- होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल भरें एवं ओटीपी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें और अपना पंजीकरण करें।
- मोबाइल पर आए हुए ओटीपी एवं स्क्रीन पर दिखाए गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें।
- रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सुरक्षित (सेव) करें।
- संबंधित विभाग/क्षेत्र का चयन कर अपना बहुमूल्य सुझाव पोस्ट करें।
- फुटनोट में अंकित सोशल मीडिया पेज यथा फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम अथवा ई-मेल के माध्यम से भी लोग अपना सुझाव दे सकते हैं।

# कोहरे और कनकनी ने बढ़ाई मुश्किलें

## रबी फसलों पर संकट, किसानों की बढ़ी चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वर्तमान मौसम में घने कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शनिवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जो देर सुबह तक बना रहा। हालांकि, बाद में धूप निकली, लेकिन ठंडी हवाओं से कनकनी बरकरार रही। किसानों ने इस मौसम के साथ पाला गिरने की आशंका व्यक्त की है, जिससे रबी फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना है। पहली जनवरी से मौसम में आए इस बदलाव को विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमारों के लिए घातक बताया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों, रूम हीटर, अलाव और अंगीठी का उपयोग आम हो गया है। लोगों ने इन उपायों के जरिए ठंड से राहत पाने का प्रयास किया है।

### लहलहाती फसलें अब चिंता का कारण

अरहर, चना, मसूर, सरसों, आलू और गेहूं जैसी लहलहाती फसलों को लेकर किसानों में खुशी थी, लेकिन अब मौसम के उतार-चढ़ाव ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। ठंड और पाला गिरने की स्थिति में दलहनी और तिलहनी फसलों के प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे कम पैदावार की संभावना जताई जा रही है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से मवेशियों की देखभाल भी पशुपालकों के लिए चुनौती बन गई है।

# सुदूरवर्ती पंचायत महुदंड में एक भी स्वास्थ्य केंद्र नहीं

**बीमार पड़ने पर 25 किलोमीटर दूर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाना पड़ता हैं मरीजों को**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला के हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय से 25 किलो मीटर दूर जंगलों पहाड़ों से घिरे महूदंड पंचायत में आजादी के इतने वर्षों बाद भी स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं है। मामूली बीमार पड़ने पर भी लोगों को 25 किलोमीटर दूर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद आना पड़ता है। गंभीर रूप से बीमार रोगी रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। पंचायत के अधिकतर मरीज गरीब हैं। अनुमंडलीय अस्पताल 25 किलोमीटर दूर होने के कारण किराया भी ज्यादा होने के कारण मरीज अपने आस पास के ही नीम हकिमों से इलाज कराना बेहतर मानते हैं। इस पंचायत की मुखिया मीना देवी ने शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने स्वास्थ्य उपाधीक्षक से महूदंड पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की है। मुखिया मीना देवी का ज्ञापन मिलने के बाद स्वास्थ्य उपाधीक्षक ने ज्ञापन को पलामू के सिविल सर्जन को भेज कर महूदंड पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र खोलने का आग्रह करेंगे।

# वाहन के धक्का से युवक घायल

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत शनि मंदिर के समीप शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन के धक्का से 40 वर्षीय सुनील पासवान नामक युवक घायल हो गया। वह औरंगाबाद जिला मुफस्सिल थाना अंतर्गत कारखाना गांव निवासी नागेश्वर पासवान का पुत्र है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एस आई रंजीत कुमार सिंह व राकेश कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचकर घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल को रेफर कर दिया गया। संभावना जताई जा रही है कि सड़क पार करने के दौरान उसे किसी वाहन से टक्कर लग गया है।

# पांकी विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे और ऑपरेशन कक्ष का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** शनिवार को पांकी के विधायक कुशवाहा डॉ. शशी भूषण मेहता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे कक्ष और मोतियाबिंद ऑपरेशन कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटकर इन सुविधाओं का शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक का स्वागत चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेंद्र प्रसाद और प्रबंधक अनुज सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इसके बाद प्रसव कक्ष के समीप स्थित एक्स-रे कक्ष और स्वास्थ्य केंद्र के ऊपरी तल पर बनाए गए ऑपरेशन थिएटर का विधिवत उद्घाटन किया गया।




### विधायक ने दी नई सेवाओं पर जानकारी

संबोधन में विधायक ने कहा कि एक्स-रे और ऑपरेशन कक्ष की शुरूआत से प्रखंडवासियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ये सेवाएं स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक को इन नई सुविधाओं के उचित रखरखाव और केंद्र की अन्य व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने स्वास्थ्य सेवाओं में इस सुधार का स्वागत किया।

# सीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक, नपं चुनाव में पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को सीओ पंकज कुमार ने बीएलओ के साथ बैठक कर झारखंड सरकार के पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग सदस्य द्वारा निर्देशित राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने के संबंध में चर्चा की। बैठक के दौरान सीओ ने बीएलओ को डोर टू डोर सर्वे करने के संबंध में कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ व सुपरवाइजर विधानसभा निर्वाचन के नियमावली के अनुसार निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को आरक्षण की पात्रता के लिए क्षेत्रवार मतदाता सूची विखंडन का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ हुसैनाबाद नगर पंचायत कर्मी व पूर्व पार्षद से समन्वय बनाकर विखंडन एवं सत्यापन का कार्य पूरा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से बीएलओ चन्द्रावती देवी, रूबी कुमारी, रमावती देवी,कंचन कुमारी, सोनी देवी, सुनीता कुमारी, कमला कुँवर,शारदा देवी,प्रीति कुमारी समेत कई अन्य बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद थे।

# सदर एसडीएम ने पांकी में मजदूर किसान महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** शनिवार को सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने पांकी प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान वे शासी निकाय की बैठक में शामिल हुई और शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव भी संपन्न कराया। बैठक में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीएम ने महाविद्यालय के कर्मचारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए और शिक्षक दिनेश कुमार को शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। एसडीएम सुलोचना मीणा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बैठक के साथ-साथ उन्होंने महाविद्यालय के क्लासरूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाएं बंद पाई गईं और छात्र अनुपस्थित मिले।



इस पर उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया कि कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करें और छात्रों की उपस्थिति को अनिवार्य करें। इसके अलावा, एसडीएम ने महाविद्यालय की भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता, सचिव डॉ. बिंदेश्वरी सिंह, प्राचार्य अवध बिहारी सिंह, राकेश सिंह, दिनेश कुमार, संकटेश्वर सिंह सहित शासी निकाय के अन्य सदस्य और शिक्षक उपस्थित थे।




## डीडीसी ने की मनरेगा व आवास योजना कार्यों की समीक्षा

# सप्ताहभर में लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में मनरेगा और आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 और उससे पहले की 17,263 लंबित योजनाओं को एक सप्ताह में पूरा कर मनरेगासॉफ्ट में अपडेट करने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया गया कि हुसैनाबाद में 5,348, पाटन में 2,766 और मेदिनीनगर में 1,165 योजनाएं लंबित हैं। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिया गया कि वे इन कार्यों को प्राथमिकता दें।




### प्रदर्शन में गिरावट पर निर्देश

डीडीसी ने मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता जाहिर की। जनवरी 2025 तक लक्ष्य के मुकाबले मेदिनीनगर ने 37.27%, पाटन ने 43.39%, और हुसैनाबाद ने 46.01% काम पूरा किया। खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने, मानदेय में कटौती और जिम्मेदार कर्मियों को कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया गया।

### आवास योजना की समीक्षा

आवास योजनाओं (प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन आवास, और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना) के अंतर्गत लंबित कार्यों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए गए। स्वीकृति और प्रथम किस्त में देरी समाप्त करने के लिए शिविर लगाने की बात कही गई। लाभुकों को मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी और समन्वयक मौजूद रहे।

## दहेज हत्या मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार, दो फरार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत निमिया के ज्ञान निकेतन स्कूल के पीछे स्थित अरुण तिवारी की बहू प्रिया दुबे की फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में उनके पति मणिकांत तिवारी, ससुर अरुण तिवारी और सास अंजना तिवारी को शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। देवर विवेक तिवारी और ननद रितु तिवारी फरार हैं। मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। प्रिया सात महीने की गर्भवती थी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस मामले की सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**चैनपुर।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, चैनपुर प्रखंड इकाई ने विधायक आलोक चौरसिया के तत्वावधान में गरीब, असहाय और निरीह लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। शाहपुर, नरसिंहपुर और पथरा क्षेत्र की कार्यकारिणी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हर प्रखंड और समाज में एक ऐसा संगठन होना चाहिए, जो सामाजिक उन्नति और प्रगति के लिए कार्य करे। स्वर्णकार संघ ने इस ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के लिए एक सराहनीय पहल की है। सरकार की नीतियों में कमी के कारण गरीबों को कंबल और अलाव जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिसकी भरपाई सामाजिक संगठन कर रहे हैं।' इस अवसर पर स्वर्णकार संघ के पदाधिकारी और सदस्य–राजेंद्र सोनी, संतोष सोनी, राजू सोनी, प्रदीप सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, पियूष सोनी, जिला परिषद सदस्य रामलोज चौरसिया, भीष्म चौरसिया, और रामकरेश चौरसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज में जागरूकता फैलाना था।

### डॉ. प्रदीप वर्मा के प्रदेश चुनाव प्रभारी बनने पर दुर्गा जौहरी ने जताई खुशी

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य दुर्गा जौहरी ने झारखंड प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है। डॉ. प्रदीप वर्मा पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र के निवासी हैं, जो पलामू जिले के लिए गर्व की बात है। दुर्गा जौहरी ने कहा, 'यह पहली बार है जब पलामू जिले से किसी को प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसके लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मांझी का आभार व्यक्त करती हूं और उन्हें बधाई देती हूं।' इसके साथ ही उन्होंने सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए गणेश मिश्रा और दुर्गा मरांडी को भी शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रदीप वर्मा की नियुक्ति को पलामू क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, और इससे जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

**मेदिनीनगर।** दिनकर स्पोर्टिंग क्लब, नोकिया के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 5 जनवरी से 11 जनवरी तक किया जा रहा है। इस टूनामेंट का उद्घाटन आज दोपहर 2 बजे डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया द्वारा किया जाएगा। विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया जिले और राज्य स्तर पर फुटबॉल मैचों का आयोजन करते थे। उनकी इसी परंपरा और सोच को आगे बढ़ाने के लिए हर साल इस टूनामेंट का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में बक्सर, बिहार, कोलकाता, मुगलसराय, पलामू, छत्तीसगढ़, सोनभद्र, बोकारो और जबलपुर जैसी टीमों ने भाग लिया है। टूनामेंट के सेमीफाइनल में चार टीमों का मुकाबला होगा और फाइनल मैच 11 जनवरी 2025 को खेला जाएगा। विधायक आलोक चौरसिया ने क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे इस टूनामेंट में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। कार्यक्रम में जिला पार्षद रामलोज चौरसिया, भीष्म चौरसिया, आशीष चौरसिया, रमकरेश प्रसाद, मुखिया पति सुनील प्रसाद, व्यास राम चौरसिया, कमल किशोर चौरसिया, रामकृष्ण चौरसिया, रामलखन प्रसाद, और बिनोद चौरसिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### महिला से दुष्कर्म की कोशिश, जंगल में बेहोशी की हालत में मिली

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के तेलरिय मोहल्ला में 25 वर्षीय गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। महिला गुरुवार शाम करीब चार बजे बकरी लेने घर से निकली थी। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी, तो परिजन उसकी तलाश में निकले और जंगल में बेहोशी की हालत में उसे पाया।महिला को तत्काल स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला 24 घंटे से अधिक समय तक बेहोश रही और होश में आने के बाद भी बोलने की स्थिति में नहीं है। रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन महिला पर हमला हुआ है, जिससे वह सदमे में है। उन्होंने कहा कि महिला के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। महिला आठ माह की गर्भवती है, और डॉक्टरों के अनुसार, गर्भस्थ शिशु की धड़कनें तेज हो रही हैं। इसे देखते हुए महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि यह कदम मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और महिला के होश में आने और बयान देने के बाद आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज की जाएगी।

## सिविल कोर्ट पलामू : अपर लोक अभियोजक को दी गई भावभीनी विदाई



### सेवानिवृत्ति उपरांत सहकर्मियों ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट पलामू के अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को शनिवार को उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई दी गई। वे 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। अभियोजन कार्यालय में आयोजित इस विदाई समारोह में लोक अभियोजक राजेश कुमार शर्मा ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनोज कुमार सिंह ने सरकारी अभियोजन कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के न्यायप्रियता के साथ काम करते हुए कई मामलों में अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता पाई।

विदाई समारोह में मनोज कुमार सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पलामू न्याय मंडल में काम करना उनके सेवाकाल का सबसे बेहतरीन समय रहा। उन्होंने कहा कि बार और बेंच का रिश्ता यहाँ बेहद सौहार्दपूर्ण रहा, जिससे कार्य करने में सुविधा हुई। सेवानिवृत्ति पर उन्होंने सहकर्मियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहकर्मियों ने उन्हें फूल-मालाओं और गुलदस्ते से सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा, प्रवीण कुमार सिंह, दिलीप सिंह, उस्मान गनी, जगरनाथ, जस्टिन सोरेंग, शैलेश रंजन समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा अभियानः वाहनों पर रेडियम और रिफ्लेक्टर चिपकाए गए

**सर्दी और धुंध से सुरक्षा के लिए विशेष अभियान**

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक, विस्फुटता चौक, रेड़मा चौक और अन्य स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। शनिवार को अभियान के तहत करीब 500 से अधिक वाहनों पर रेडियम और रिफ्लेक्टर पेपर चिपकाए गए। साथ ही, सड़क सुरक्षा से जुड़े पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि सर्दी और धुंध के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। रेडियम और रिफ्लेक्टर टेप से धुंध में वाहन आसानी से नजर आ सकते हैं, जिससे सड़क हादसों में कमी आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को गति का आकलन करने में परेशानी होती है और दुर्घटनाएं बढ़ती हैं।

## कांग्रेस का संविधान अभियान 6 जनवरी से शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने स्थानीय कांग्रेस भवन के सभागार में पत्रकार सम्मेलन आयोजित कर आगामी 'जय बापू जय भीम जय संविधान' अभियान की जानकारी दी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को बताया कि यह अभियान 6 जनवरी 2025 को पांकी विधानसभा के मनातू प्रखंड से प्रारंभ होगा और पलामू जिले के सभी 21 प्रखंडों में संचालित किया जाएगा। यह अभियान 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसके सफल संचालन के लिए प्रखंड संयोजक और कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

जिला अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता को यह बताना है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) किस तरह संविधान, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। बिट्टू पाठक ने कहा कि देश महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर और संविधान के आदर्शों पर ही चल सकता है। इन तीनों के बिना भारत की कल्पना अधूरी है।

पत्रकार सम्मेलन में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, समीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, शंकर पांडे, और जितेंद्र कमलापुरी समेत कई नेता उपस्थित थे।

### संविधान की रक्षा का संदेश

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अभियान के जरिए संविधान, महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के योगदान को जनता तक पहुंचाने और उनके खिलाफ हो रहे कथित अपमान पर जन जागरूकता फैलाने का प्रयास करेगी।

## स्व. हरिनारायण प्रसाद साहू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष, मजदूर नेता और जनसमस्याओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्व. हरिनारायण प्रसाद साहू की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि स्व. हरिनारायण प्रसाद साहू सदैव उनके हृदय में विराजमान रहेंगे। हृदयानंद मिश्र ने कांग्रेस के समस्त सदस्यों से आग्रह किया कि स्व. हरिनारायण प्रसाद साहू के उच्च विचारों को आत्मसात करें और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा, 'हरिनारायण प्रसाद जी ने अपने जीवन में मजदूरों और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जो योगदान दिया, वह हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।' इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

## संत मरियम के छात्र ने मिलिट्री कॉलेज में आठवां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया पलामू का मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के पूर्व छात्र सनी सिंह ने राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (फ्ब्क्टउ) के प्रवेश परीक्षा में देशभर में आठवां स्थान प्राप्त कर पलामू जिला और झारखंड राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सनी कुमार सिंह को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और विशेष माला पहनाकर सम्मानित किया।

सनी सिंह, जो पलामू के कजरी ग्राम के एक किसान परिवार से आते हैं, ने प्रारंभिक शिक्षा संत मरियम विद्यालय में प्राप्त की। पांचवीं कक्षा के बाद वे सैनिक स्कूल धौलपुर में दाखिला लेकर आगे की पढ़ाई की। अब इस परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद सनी देहरादून स्थित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करेंगे। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने सनी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'सनी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। यह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें विश्वास है कि सनी भविष्य में और बेहतर करेगा और संभवतः सेना के शीर्ष पद तक पहुंचेगा।'

सनी के साथ आए उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को सनी की सफलता से प्रेरणा लेने और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लेने का संदेश दिया।

विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने सनी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विशुन राम नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन के नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में विशुन राम ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमार को 109 मतों के अंतर से हराया। इस चुनाव की प्रक्रिया फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव में कुल 326 वोट डाले गए, जिनमें से विशुन राम को 235 मत मिले, जबकि संतोष कुमार को 126 मतों से संतोष करना पड़ा। 320 निगम कर्मचारियों और 6 अभियंताओं ने इस चुनाव में भाग लिया। चुनाव को लेकर 25 और 26 दिसंबर को नामांकन दाखिल किए गए थे। जांच के बाद, विशुन राम को क्रमांक संख्या 1 और ट्रैक्टर चुनाव चिन्ह, जबकि संतोष कुमार को जेसीबी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया था। जीत के बाद विशुन राम ने कहा कि वह निगम और सफाई कर्मियों की मांगों को नगर आयुक्त के समक्ष मजबूती से रखेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में सफाई कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार होता रहा है, जिसे अब रोकने के प्रयास किए जाएंगे।

विशुन राम की जीत पर विजय चंद्रवंशी और सोनू मल्लिक ने उन्हें बधाई दी। विशुन राम ने अपनी जीत को निगम कर्मचारियों की एकता और विश्वास का प्रतीक बताया और आश्वासन दिया कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### वार्ड 26: पेयजल संकट और जलजमाव से जूझते निवासी


# नालों की दुर्गंध और बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 26, जिसमें हमीदगंज कुंड और पहाड़ी मोहल्ला शामिल हैं, कई समस्याओं से जूझ रहा है। कोयल नदी किनारे स्थित इस वार्ड में ऊंचे-नीचे स्थानों पर मकान बने हैं। यहां अधिकतर बाहरी लोगों ने जमीन खरीदकर बसेरा बनाया है, लेकिन कई लोग जमीन के उचित कागजात न होने के कारण पक्के मकान नहीं बना सके हैं।

यहां पेयजल की उपलब्धता न होना है। नदी किनारे बसे होने के बावजूद, लोगों को दूरस्थ स्थानों से पेयजल लाना पड़ता है। वार्ड में अब तक नगर निगम द्वारा जलापूर्ति पाइपलाइन का विस्तार नहीं किया गया है। निवर्तमान वार्ड पार्षद नईमा बीवी, जो 2008 से लगातार तीन बार इस वार्ड का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, ने दावा किया कि उन्होंने जलापूर्ति के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि फेज-2 के तहत पूरे वार्ड में पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द पूरा होगा।

वार्ड संख्या 26, जिसकी कुल आबादी 4350 है, में समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कई दावे किए गए हैं, लेकिन वार्डवासियों की समस्याएं अभी भी जस की तस बनी हुई हैं।



### पार्षद का दावा और वार्ड की स्थिति



*नईमा बीवी ने वार्ड में पीएम आवास, पेंशन और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव के काम करना उनकी प्राथमिकता रही है।*

### वार्ड 26 के निवासियों की राय





वार्ड में बड़े नालों का पानी कोयल नदी तक पहुंचता है, लेकिन अधिकांश नाले खुले होने के कारण लोग दुर्गंध और गंदगी से परेशान हैं। शहर के निचले हिस्से में होने के कारण बारिश के समय जलजमाव की स्थिति बन जाती है। कौशल्या देवी, वार्ड की एक निवासी, ने निगम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, जबकि अब्दुल रजाक ने बताया कि पहले कचरा उठाने के लिए वाहन आता था, जो अब बंद हो गया है। वहीं, हसीना बीवी, एक अन्य निवासी, ने कहा कि खुले नालों की समस्या से वार्डवासियों को लगातार परेशानी हो रही है।

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण की पात्रता सर्वे के लिए प्रगणकों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग आरक्षण की पात्रता निर्धारण हेतु नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य किया जाना है। इस संदर्भ में स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में प्रगणकों और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने उपस्थित लोगों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी प्रगणकों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान अपनी शंकाओं का समाधान कर लेना आवश्यक है ताकि सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

सर्वेक्षण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक वार्ड स्तर पर अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, जिसमें वार्ड सुपरवाइजर और सदर व चैनपुर अंचल के कर्मचारी शामिल हैं। इसके साथ ही मतदान केंद्रवार प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति और वार्डवार अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नगर निगम के 35 वार्डों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता का निर्धारण करना है। प्रगणकों को सोमवार तक यह कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान चैनपुर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, सिटी मैनेजर शाहिद हसन, अनुराग कुमार, और लव पांडेय सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

इस प्रयास से नगर निगम यह सुनिश्चित करना चाहता है कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की पात्रता सही तरीके से निर्धारित हो और इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

# गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




**समारोह स्थल, व्यवस्थाओं और सुरक्षा पर विशेष निर्देश**

**प्रमुख बिंदु:** मुख्य कार्यक्रम स्थलः सार्वजनिक झंडोत्तोलन गोविंद उच्च विद्यालय (टाउन हॉल), गढ़वा में प्रातः 09:05 बजे होगा। मौके पर मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पेयजल, शौचालय और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। 25 जनवरी की संध्या 05 बजे से स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी गणतंत्र दिवस 2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और सरकारी/गैर सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल का चयन किया गया, जिसमें गोविंद उच्च विद्यालय (टाउन हॉल), गढ़वा को झंडोत्तोलन के लिए चुना गया है। कार्यक्रम के दौरान मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति और ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को आयोजित होगी, जिसमें स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं, यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया है। 26 जनवरी को प्रातः 06 बजे से अपराह्न 12 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन मुख्य सड़कों पर प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम स्थल की सफाई को लेकर नगर परिषद को निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की जिम्मेदारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को सौंप दी गई है। उपायुक्त ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को समय पर कार्यों को पूरा करने और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, सिविल सर्जन समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत सड़क पर गुलाब अभियान का आयोजन

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों को गुलाब पुष्प देकर जागरूक किया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश और कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग गढ़वा के नेतृत्व में सड़क पर गुलाब अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब पुष्प और पुष्प माला भेंट दी गई और उन्हें यातायात नियमों के पालन की अहमियत समझाई गई। कार्यक्रम में सड़कों पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक विनय रंजन तिवारी, आईटी सहायक नीरज पाण्डेय सहित कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के बस स्टैंड झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पास शनिवार को एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक घायल हो गया। युवक की पहचान डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी उमेश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वह मोटरसाइकिल से चिनियां थाना क्षेत्र के हाट बाजार खूरी में अपने सामानों की बिक्री करने के लिए जा रहा था। उसे इलाज के लिए एक क्लीनिक में भर्ती कराया गया है।

## पांच चौकीदारों ने योगदान दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** झारखंड ग्रामीण पुलिस के नवनियुक्त पांच चौकीदारों शनिवार को थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के समक्ष कार्यालय में योगदान दिया है। चौकीदार से थाना प्रभारी ने संपूर्ण जानकारी लेने के बाद चौकीदारों के कार्य दायित्व के बारे में बताया। झारखंड ग्रामीण पुलिस के तहत धुरकी थाना में तीन महिला चौकीदार, दो पुरुष चौकीदारों ने योगदान दिया है। उनमें धोबनी गांव की सुजांती कुमारी, घघरी गांव की अलका कुमारी अंबाखोरया की स्वेहा कुमारी, पुरुष चौकीदार में घघरी के लेखपाल यादव और विकेश कुमार यादव ने योगदान कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि नवनियुक्त झारखंड ग्रामीण पुलिस चौकीदारों ने थाना में योगदान कर लिया है। उनके दायित्व और जिम्मेदारी को निर्वहन करने के लिए निर्देश भी दिया गया।

## ठंड से वृद्ध की मौत

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पश्चिमी पंचायत में ठंड से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम बाल कुंवर सोनी 75 वर्ष है। वह पिछले कई दिन से बीमार चल रहे थे। शनिवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया की बीमारी के हालात में उन्हें ठंड के प्रकोप होने से उनकी मौत हो गई।

## कड़ाके की ठंड व कोहरे से जनजीवन प्रभावित




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। शनिवार को सुबह 12 बजे तक प्रखंड घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया। हालांकि, दोपहर में सूर्यदेव के दर्शन हुए लेकिन ठंड के तेवर कम नहीं हुए। ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव जलाते नजर आए। कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की लाइट जलाकर चालक किसी तरह अपने गंतव्य तक पहुंचे। लगातार गिरते तापमान ने मजदूरों और दैनिक कामगारों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। ठंड के कारण मजदूर अपने काम छोड़ घरों में रहने को मजबूर हैं। बुजुर्गों के लिए यह ठंड किसी आफत से कम नहीं है। बच्चे ठंड का शिकार हो रहे हैं। बच्चों को सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

## बस चालक का अंतिम संस्कार हुआ

**मेराल।** प्रखंड के छपरवार गांव निवासी जेपीएस बस चालक 40 वर्षीय शशि पांडेय की शुक्रवार को एनएच 75 पर बस ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में मौत हो जाने के बाद शनिवार को पैतृक गांव में कोयल नदी तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि शशि पांडेय जेपीएस बस चालक के रूप में बस लेकर रांची जा रहे थे, इस दौरान एनएच 75 बकोरिया गांव के पास कोहरे के कारण सामने से आ रहे ट्रक से दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में ट्रक चालक समेत तीन लोगों की मौत हुई थी। परिजनों ने बस मालिक से 10 लाख रुपए की मुआवजा की मांग की है।

## एक नजर

### नाइस मिनी मार्ट का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के निकट नाइस मिनी मार्ट का भव्य शुभारंभ भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव,शमीम खान,तस्लीम खान,हफीज खलीफा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस छोटे से शहर में नाइस मिनी मार्ट खुल जाने से यहां के लोगों को खाने की सामग्री क्रय करने में काफी सुविधा होगा उन्होंने नाइस मिनी मार्ट के प्रोपराइटर अबूताज बाबू को यहां मिनी मार्ट खोलने के लिये शुभकामनाएं एवं बधाई दिये। प्रोपराइटर अबुताज बाबू ने कहा कि हमारे यहां ए टू जेड, ग्रोसरी, ड्राई फ्रूट, चॉकलेट केक, मसाला,डेरी प्रोडक्ट, कोल्ड ड्रिंक, वॉटर बोतल, सहित अन्य सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां से सामान लेने वाले ग्राहकों को फ्री में होम डिलीवरी भी किया जायेगा नाइस मिनी मार्ट के प्रोपराइटर अबुताज बाबू के द्वारा विधायक अनन्त प्रताप देव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य ताहीर अंसारी,सिटी मैनेजर प्रमेय मंडिलवार, कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार, तसलीम खान सीनियर, झामुमो नेत्री किरण देवी, शमीम खान, आमीन खान, तस्लीम खान, समाजसेवी महमूद आलम, राजीव कमलापुरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएसएम कॉलेज के कर्मियों ने प्राचार्य के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के कर्मियों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्राचार्य द्वारा वित्तिय अनियमितता करने के कारण वेतन व ईपीएफ का भुगतान नही होने का आरोप लगाते हुए जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग की है। एसडीओ को दिये आवेदन में कहा गया है कि महाविद्यालय के प्राचार्य ने शासी निकाय द्वारा गठित वित्तिय सलाहकार समिति की अवहेलना किया गया है उनके द्वारा अनाधिकार वित्त पदाधिकारी को पदमुक्त करना,कैश काउंटर से पैसा लेकर बैंक में जमा नही करना,जून 2024 से दिसम्बर 2024 तक सभी कर्मचारियों को वेतन भुगतान लंबित, नवंबर 2021 से मार्च 2023 तक बकाया वेतन का भुगतान नही करना,जनवरी 2020 से दिसंबर 2022 तक का ईपीएफ कर्मचारी के वेतन से काटकर भविष्य निधि के खाता में जमा नहीं करने का आरोप लगाया गया है। मांग करने वालों में शिक्षक प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह सेंगर,उमेश पाठक,श्याम बिहारी सिंह,अरुण कुमार,शिव कुमार प्रसाद,मो0 नेयाज अहमद खान,ब्रज बिहारी सिंह,श्री राम सिंह वीरेंद्र यादव, सहित 19 कर्मियों के नाम शामिल है।

## कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए वर्तमान विधायक



**रमना।** स्वर्गीय सरयू राम चंद्रवंशी के स्मृति में आयोजित 26 वें कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्र के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सबसे बड़ा पुण्य का काम हैं गरीब, मजदूरों का सेवा करना। यह गर्व की बात है कि अपने पूर्वजों की समृति में व्यवसायी रामसेवक प्रसाद और सुनील कुमार द्वारा पिछले 25 वर्षों से ठंड के मौसम में असहाय लोगों को कंबल उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रकार के कार्य में भागीदार भी पुण्य के भागी है। उन्होंने कहा कि सभी सक्षम लोगों को गरीब, लाचार लोगो की सेवा करना चाहिए ,ताकि कोई भी जरुरतमंद आवश्यक संसाधनों से वंचित न रहे। झामुमों प्रदेश कार्य समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि सरयू राम के स्मृति में प्रत्येक साल असहाय और जरुरमंदो के बीच कंबल वितरण होने वाले कार्यक्रम में वह कई उन्हें कई बार शामिल होने का अवसर मिला है। स्वर्गीय सरयू राम के पद चिन्हों पर आगे बढ़ते हुए उनके परिजन भी गरीबों के सेवा में लगे हैं। कार्यक्रम को पंसस सीता देवी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार ने किया। मौके पर सुनील कुमार, विरेंद्र प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, अशर्फी लाल, नरेश प्रसाद गुप्ता, रोहित वर्मा, राकेश कुमार सिंह, मुन्ना पासवान, गुड्डू सिंह, नीरज पाठक,अरविंद निराल, राजीव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीहवार बाबा मंदिर का चापानल एक वर्ष से खराब, श्रद्धालु परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगावां गांव स्थित डीहवार बाबा मंदिर परिसर में 10 वर्ष पूर्व पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही के प्रयास से विधायक निधि के तहत लगाया गया चापानल पिछले एक वर्ष से खराब है। इस कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पूरन सिंह खरवार ने बताया कि यह चापानल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों के लिए पानी का एकमात्र स्रोत था। चापानल खराब होने के बाद लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव से चापानल की मरम्मत के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि विधायक द्वारा संज्ञान लिया जाए तो श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सकता है। मंदिर परिसर का यह चापाकल न केवल श्रद्धालुओं के लिए बल्कि आस पास के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मुद्दा लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है। अब उम्मीद है कि विधायक अनंत प्रताप देव इस समस्या का समाधान करेंगे और जल्द ही चापानल की मरम्मत करवायी जाएगी। मौके पर बिंदु चंद्रवंशी, अंबिका सिंह,गुडू चंद्रवंशी, देवराज सिंह,प्यारी चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## असहायों के बीच मुखिया ने किया कंबल वितरण

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को दर्जनों असहाय, वृद्ध और जरूरतमंदों के कंबल वितरण किया। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार की ओर से पंचायत को 100 कंबल दिया गया है। जिसे पंचायत के हर वार्ड क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय द्वारा बहुत कम मात्रा में कंबल उपलब्ध कराया गया है, जिस कारण कई जरूरतमंदों को कंबल नहीं मिल सका। मुखिया ने कहा कि वंचित लोगों को निजी मद से कंबल वितरण करेंगे। जिन लोगों को कंबल मिला उसमें राजो देवी, कुलदीप बियार, यशोदा देवी, रामपति कुंवर , दुर्गावती कुंवर, कुबुतरी कुंवर, बिगनी देवी, बच्चा बियार, रामनाथ प्रजापति सहित अन्य लोगो को कंबल दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव आदित्य कुमार, वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, विरेन्द्र लाल, शम्भू ठाकुर, सुरजन गुप्ता, अशोक पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने वर्ग आठवीं की परीक्षा तिथि तय की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** झारखंड अधिविध परिषद रांची ने आठवीं वर्ग का परीक्षा तिथि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निर्देशानुसार जारी कर दिया है। वर्ग आठवीं का परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी, अतिरिक्त भाषा में से एक विषय की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान का परीक्षा होगी। परीक्षा अवधि 3 घंटे की होगी, जिसमें परीक्षाथीर्यों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए अलग से 15 मिनट का समय दिया जाएगा। परीक्षा की तिथी 28 जनवरी निर्धारित किया गया है। प्रथम पाली 9:45 से 1:00 बजे तक व दूसरी पाली 2:00 बजे से 5:15 तक होगी। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से होगी, जिसमे प्रश्न पत्र बहु वैकल्पीय होंगे। सभी विषयों से 50-50 अंकों का प्रश्न पूछा जाएगा। विद्यालय स्तर पर 100 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा होगा। परीक्षा का प्रवेश पत्र 18 जनवरी से परिषद के वेबसाइट पर डाउनलोड कर प्रधानाध्यापक सभी परीक्षार्थियों को हस्तगत करेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत खुटिया गांव स्थित शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका मीना खातून, नसीमा खातून, मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान की उपस्थिति में दर्जनों बच्चों को स्वेटर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सेविका मीना खातून व नसीमा खातून ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़ा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान ने कहा कि सरकार बच्चों की भलाई के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इस प्रकार के कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## अजमेर शरीफ के लिए झामुमो नेता पैदल रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय निवासी समाज सेवी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद फरीद अजमेर शरीफ के लिए पैदल रवाना हुए। सर्वप्रथम मोहम्मद फरीद ने करीब 5 किलोमीटर पैदल चलकर अपने सिवान के अंतिम छोर के वाहन पर बैठे। काफी संख्या में लोगों ने मोहम्मद फरीद को फूल माला पहनकर स्वागत करते हुए रवाना किया। मोहम्मद फरीद ने कहा कि लंबी ख्वाहिश थी कि वह अजमेर शरीफ पर जाकर चादरपोशी करें लेकिन उपर वाले जब तक नहीं चाहते उनके यहां हम नहीं पहुंच सकते। आज मेरा वहां बुलावा आया है, इसलिए मेरा सौभाग्य है कि मैं वहां जा रहा हूं। मैं अपने ग्राम पंचायत मौके पर भाजपा नेता मोहम्मद मुजीब ने शुभकामनाएं दी।

**अवसर**

## जिले के युवाओं के लिए बड़ी खबरः अग्निवीर एयरमैन भर्ती के लिए आवेदन शुरू

# 27 जनवरी तक करें ऑनलाइन पंजीकरण



नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। भारतीय वायुसेना (IAF) ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार 7 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस भर्ती में वे उम्मीदवार पात्र हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ हो। शैक्षणिक योग्यता के तहत 12वीं कक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ या कला और वाणिज्य संकाय में 50% अंकों के साथ पास होना अनिवार्य है। इसके अलावा, 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी और नियम भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को समय सीमा के भीतर आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## विजेता उपविजेता टीम को मिला ट्रॉफी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत खेल मैदान में आदिवासी सरना विकास परिषद के सौजन्य से लड़का-लड़की फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीम भाग ली। फाइनल मैच मझिआंव प्रखंड के विडंडा की टीम व रंका प्रखंड के अनचेरी की टीम के बीच खेला गया। विडंडा की टीम एक गोल से विजयी हुई। लड़की टीम में रंका प्रखंड के विरबंधा बनाम कुदरुम के बीच खेला गया। दोनों टीम बराबर रहने पर पेनाल्टी कीक से वीर बंधा की टीम विजयी घोषित की गई। लड़का व लड़की विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी देखकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में आकाश ऋषि, उपाध्याय सिंह,लाइन मैन की भूमिका में सोनू जोशी ,शशिकांत, पप्पू लोहरा तथा देखरेख की भूमिका अजीत उरांव ने निभाया। मौके पर मुख्य अतिथि आदिवासी समूह के वरिष्ट नेता गिरजा नंदन उरांव, सरना विकास परिषद गढ़वा के सचिव प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष महेंद्र उरांव सहित अन्य लोगों अतिथियों विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर उत्सावर्द्धन किया गया। मौके पर पंचम उरांव ,रामेश्वर उरांव,जगदीश उरांव, राहुल उरांव ,शिव पूजन ऊरांव ,रविंदर उरांव ,प्रदीप उरांव , अमर उरांव पंचायत पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार, दंडाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसआई संजय कुमार, पुलिस पुलिस बल के साथ काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# अस्पताल से मृतक का शव गांव पहुंचा, शोक

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव के पहल पर बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत नगड़ा ग्राम निवासी दिलेश्वर यादव पिता धना यादव का पार्थिव शरीर रांची स्थित मेडी हॉप सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल से शव को नगड़ा स्थित आवास पर लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिलेश्वर यादव के परिजन ने बताया कि बीते 1 जनवरी को दिलेश्वर यादव अपने अन्य दोस्तों के साथ सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उसे घायल अवस्था में उपरोक्त मेडी हॉप सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रांची में इलाज कराया जा रहा था। अस्पताल में ही दिलेश्वर अपनी जिंदगी का जंग हार गया। परिजन द्वारा युवक इलाज के लिए पहले ही काफी रुपए दिया जा चुका था, पर शेष 80 हजार रुपए का बिल नहीं चुका पाए थे। इस कारण अस्पताल प्रबंधन ने शव देने से मना कर दिया था। इसके बाद बालूमाथ निवासी राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव को मामले की जानकारी मिलने पर तुरंत राज्य के मंत्री सह राजद नेता श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव को मामले की जानकारी दी। मंत्री ने तुरंत पहल करते हुए अपने पीए को उपरोक्त हॉस्पीटल में भिजवाया और अस्पताल प्रबंधक से बात कर शव को परिजन को सौंप दिया गया। इसके बाद शव अपने पैतृक आवास नगड़ा पहुंची। इसे लेकर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित पीड़ित परिवार ने मंत्री संजय प्रसाद यादव को साधुवाद दिया है। इस घटना के बाद से मृतक दिलेश्वर यादव के परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट गया है। लोग रो-रो कर विलाप कर रहे हैं। गांव में भी मातम पसरा है।

# सड़क दुर्घटना को रोकना सभी की नैतिक जिम्मेवारी : उपायुक्त

**सीट बेल्ट का उपयोग करने व हेलमेट पहनकर घर से निकलने की अपील**

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले मे 1 से 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी जिला वासियों से अपील की है। सड़क पर यात्रा करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से गाड़ी चलाने वालों से यह आग्रह किया कि वह सीट बेल्ट का उपयोग करें और टू-व्हीलर सवार हेलमेट पहनकर ही घर से बाहर निकलें। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही जीवन की रक्षा हो सकेगी। सीट बेल्ट और हेलमेट जैसे सरल और प्रभावी सुरक्षा उपायों से सड़क हादसों में गंभीर चोटों और मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। बढ़ती सड़क दुर्घटना पर रोक लगाना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। इस माह का उद्देश्य न केवल सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने जिला वासियों से अनुरोध किया है कि वह इस अभियान का हिस्सा बनें। साथ ही अपने परिवार और समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

## न्यूज बॉक्स

### मुखिया ने बांटे कंबल

**बेतला (लातेहार)।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज द्वारा शनिवार को बेतला पंचायतों में कंबल उपलब्ध कराया गया। बेतला पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने कंबल का वितरण गरीब असहाय वृद्ध लोगों को बीच किया। वर्तमान समय में कड़ाके की पड़ रही ठंड के कारण गरीब व असहाय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर आवास मित्र उमेश कुमार, वार्ड सदस्य यमुना सिंह, दरोगा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### यात्री बस से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बांय गांव निवासी हेमराज गंझू की पत्नी बुधनी देवी(60) महाराजा बस नामक यात्री बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन मे महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि वृद्ध महिला महाराजा नामक यात्री बस से कंबल लेने के लिए पंचायत भवन बारियातू आ रही थी। महिला बस के गेट के पास खड़ी थी। इस क्रम में महिला अचानक गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।

### अमूल्य दूध का कलेक्शन सेंटर केंद्र शुरू

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में शनिवार को अमूल्य दूध का कलेक्शन सेंटर का विधिवत प्रारंभ किया गया। केंद्र का प्रारंभ अमूल्य दूध के अधिकारियों ने किया। बताया गया कि केंद्र का संचालन दूध उत्पादक एसोशिएशन के अध्यक्ष महेंद्र दांगी, सचिव राजदेव यादव द्वारा किया जाएगा। प्रखंड के किसान व दूध उत्पादन से जुड़े लाभुक इस केंद्र पर दूध की बिक्री कर अच्छी आमदनी कर सकते हैं। कलेक्शन सेंटर पर दूध की बिक्री करने पर किसानों को समय-समय पर बोनस की राशि भी दी जाएगी। साथ ही दूध उत्पादन से संबंधित कई जानकारियां उन्हें प्राप्त होगी। कलेक्शन सेंटर प्रारंभ के मौके पर किसान आशीष कुमार, कमलेश कुमार,कपिल कुमार, संजय दांगी,नागेश्वर दांगी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### पंसस किया कंबल का वितरण

**महुआडांड़।** पंचायत में ठंड को देखते हुए पंचायत समिति संदस्य नीलम देवी ने पंचायत के विभिन्न गांव से चिन्हित बुजुर्ग महिला पुरुष लोगों के बीच शनिवार को कंबल वितरण किया। मौके पर दामोदर नायक रविंद्र नायक, पैरों देवी, गुलाम देवी सहित लगभग 30 लोगों को कंबल दिया गया। संबंध में पंचायत समिति ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से पंचायत समिति सदस्य को 30 पीस कंबल मिला था, जिसे शनिवार को वितरण किया गया।

### नवनियुक्त तीन चौकीदारों ने सीओ के समक्ष दिया योगदान

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा अंचल के नोनगांव, लेम्बोईया और बरवाडीह बीट के लिए तीन नवनियुक्त चौकीदारों ने अंचलाधिकारी उदल राम के समक्ष योगदान दिया। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी के आदेश अनुसार 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित नियुक्ति (चौकीदारों) समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार चतरा जिला अंतर्गत चौकीदारों के रिक्त पदों को सीधी नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या 01/2024 के आलोक में कार्यालय के आदेश अनुसार ज्ञापांक 485/स्था. 14 अक्टूबर 2024 द्वारा नवनियुक्त चौकीदारों को निम्नानुसार बीट स्थापित किया गया। जिसके तहत 4 जनवरी 2024 को अंचलाधिकारी के समक्ष पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव बीट के लिए श्रीधर प्रसाद, लेम्बोईया बीट के लिए बीरबल कुमार और बरवाडीह बीट के लिए अमित कुमार रॉकी ने योगदान दिया है।

### अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास निर्माण स्थल का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**सिमरिया (चतरा)।** अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने सिमरिया प्रखंड के आवास निर्णण स्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इचाक पंचायत को कुल 120 अबूआ आवास का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें 88 लाभुको को ही प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। शेष योगय लाभुको का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 62 आवास का लक्ष्य इचाक पंचायत को मिला है। इस दौरान बीडीओ ने पंचायत में लंबित आवास योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को जल्द आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। आवास के निर्माण में काम लगाने की जानकारी लाभुकों एवं कर्मियों को दिया गया। राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। इसके पश्चात भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की बात कही गई। बीडीओ ने इचाक पंचायत के ग्राम ईद, शीला, बोंगादाग, दुटमटिया आदि गावों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान शशिकांत उपाध्याय पंचायत सचिव, अजय कुमार कनिय अभियंता, मुकेश कुमार स्वंय सेवक आदि शामिल थे।

### ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त, ठंड से कांप रहे लोग

**बरवाडीह।** प्रखंड में कोहरे और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया हैं। लगातार गिरते तापमान और कोहरे की घनी चादर के बीच लोग ठंड से कांप रहे हैं। खासकर गरीब, बुजुर्ग और बेघर लोग इस सर्दी से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। स्थिति की गंभीरता के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कंबल वितरण की कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी साफ देखी जा सकती हैं। कड़ाके की ठंड में राहत सामग्री के अभाव में गरीब तबका मुश्किल हालात का सामना कर रहा हैं। ठंड की गंभीरता को देखते हुए बरवाडीह अंचलाधिकारी अलाव जलाने की व्यवस्था की हैं। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, बाजारों और अन्य भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव जलाने का निर्देश दिया है, ताकि ठंड से राहत मिल सके। अंचल अधिकारी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अलाव नियमित रुप से जलते रहें और इसके लिए संबंधित कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द कंबल वितरण अभियान शुरू करना चाहिए और ठंड से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड में रहकर ठंड से जुड़ी बीमारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की जरूरत हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का प्रभाव और बढ़ सकता हैं। ऐसे में प्रशासन को तत्परता के साथ राहत कार्यों को गति देनी होगी, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय रहते राहत मिल सके।

**प्रमंडलीय आयुक्त ने की राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य कार्यों की समीक्षा**

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राजस्व संग्रहण लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का शनिवार को चतरा आगमन हुआ। परिसदन पहुंचने पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त के अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से ई कोर्ट, म्यूटेशन के लंबित मामले एवं भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों के मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा करते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें। वहीं भू अर्जन की समीक्षा के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दिया की भारत माला परियोजना जिले के चार अंचल हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड़ा व सिमरिया शामिल है। जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान 157 करोड़ में से लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है। विवादित भूमि को लेकर भी सभी संबंधित को पूर्व के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया-शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार लेते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से लिया। आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को औचक छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आंखों की जांच



**महुआडांड़।** प्रखंड में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक संजू कुमारी ने बस स्टैंड परिसर के यात्री पड़ाव में सभी वाहन चालक बस ,ऑटो चालकों के आँख की जांच की। मौके पर तबरेज खान, गौरव कुमार, नुरूआलम,प्रेम प्रकाश सिंह ,नवीन एक्का सहित दर्जनों चालक उपचालक ने जांच कराया।

प्रपत्र VII

**समाहरणालय, गढ़वा**

**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा संख्या 1114/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 27/12/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **रंका–रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु ग्राम–चटकमान, थाना–रंका, थाना सं0–104, अंचल–रंका, जिला–गढ़वा में कुल :- **1.935** एकड़ भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.935** एकड़ है और जो ग्राम–चटकमान, थाना–रंका, थाना सं0–104, अंचल–रंका, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भुखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 137 | 1146 | रैयती | टाड़ दो | 0.044 | रघु पासवान पिता झरी पासवान | 255 | रास्ता | 254 | 226 |
| 2 | 35 | 243 | रैयती | टाड़ दो | 0.019 | रामप्रसाद साव वगैरह | 244 | रास्ता | 1138 | 246 |
| 3 | 72 | 246 | रैयती | टाड़ दो | 0.076 | द0 रामकिशुन वो बिरबल यादव पिता-लंगटू यादव | 245 | रास्ता | 243 | 247 |
| 4 | 107 | 247 | रैयती | टाड़ दो | 0.040 | सरजू महतो पिता स्व0 रामप्रत महतो | 250 | रास्ता | 246 | 248 |
| 5 | 50 | 266 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | रामलाल यादव वगैरह | 250 | रास्ता | 248 | 267 |
| 6 | 117 | 270 | रैयती | धान दो | 0.027 | नटई यादव | 267 | रास्ता | 271 | 271 |
| 7 | 18 | 278 | रैयती | टाड़ दो | 0.059 | विशुन यादव वगैरह | 277 | रास्ता | 272 | 279 |
| 8 | 5 | 280 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | जगदेव यादव पिता स्व0 वृक्ष यादव वगैरह | 290 | रास्ता | 279 | 285 |
| 9 | 147 | 281 | रैयती | स्कूल मैदान | 0.051 | झरी बैगा पिता हजवड़ बैगा | 280 | 282 | रास्ता | 283 |
| 10 | 5 | 479 | रैयती | टाड़ दो | 0.047 | अयोध्या तिवारी पिता नन्द किशोर तिवारी वगैरह, ओम प्रकाश यादव पिता सीताराम यादव, संजय साव, कृष्णा तिवारी | रास्ता | 479 | रास्ता | 480 |
| 11 | 26 | 7 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.032 | चमरू सिंह पिता जिवधन सिंह | 6 | 9 | 5 | रास्ता |
| 12 | 101 | 77 | रैयती | टाड़ दो | 0.097 | कामता साव, कृष्णा साव शिव साह पिता राजकुमार साह, नन्दु साव, रामधीन साव पिता हजारी साव | रास्ता | 76 | रास्ता | 78 |
| 13 | 125 | 78 | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | जोधा यादव वगैरह | रास्ता | 81 | 77 | 79 |
| 14 | 125 | 79 | रैयती | धान दो | 0.057 | जोधा यादव वगैरह | रास्ता | 81 | 78 | 217 |
| 15 | 72 | 217 | रैयती | टाड़ दो | 0.070 | द0 रामकिशुन वो बिरबल यादव पिता-लंगटू यादव | रास्ता | 82 | 79 | 213 |
| 16 | 113 | 213 | रैयती | टाड़ दो | 0.040 | नरेश यादव, ईश्वरी यादव पिता रामलखन यादव | रास्ता | 214 | 217 | 211 |
| 17 | 110 | 211 | रैयती | टाड़ दो | 0.057 | ओम प्रकाश यादव वगैरह | रास्ता | 210 | 213 | 209 |
| 18 | 37 | 209 | रैयती | टाड़ दो | 0.017 | बंशीधर यादव, सत्यानारायण, प्रसाद यादव पिता स्व0 शिवनिखन यादव | रास्ता | 208 | 211 | 208 |
| 19 | 27 | 208 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | बंशीधर यादव, सत्यानारायण, प्रसाद यादव पिता स्व0 शिवनिखन यादव | रास्ता | 207 | 209 | 188 |
| 20 | 50 | 188 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | रामलाल यादव वगैरह | रास्ता | 189 | 208 | 187 |
| 21 | 18 | 187 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | ललन यादव पिता गणेश यादव वगैरह | रास्ता | 186 | 188 | 161 |
| 22 | 18 | 161 | रैयती | टाड़ दो | 0.053 | ललन यादव पिता गणेश यादव वगैरह | रास्ता | 162 | 187 | 160 |
| 23 | 5 | 160 | रैयती | टाड़ दो | 0.010 | देवपति देवी पति मालदेव यादव इत्यादि | रास्ता | 159 | 161 | रास्ता |
| 24 | 147 | 159 | रैयती | टाड़ दो | 0.071 | शंकर परहिया वगैरह | 160 | रास्ता | 164 | रास्ता |
| 25 | 63 | 156 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | शिवनाथ यादव, संतोष यादव, राजेश्वर यादव पिता बासुदेव यादव | रास्ता | 156 | रास्ता | 157 |
| 26 | 5 | 564 | रैयती | टाड़ दो | 0.082 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 564 | 564 | रास्ता | 563 |
| 27 | 114 | 561 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | नरेश यादव, ईश्वरी यादव पिता रामलखन यादव तथा दशरथ यादव पिता बेलास यादव | 564 | 558 | रास्ता | 556 |
| 28 | 114 | 558 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | नरेश यादव, ईश्वरी यादव पिता रामलखन यादव तथा दशरथ यादव पिता बेलास यादव | 561 | 553 | रास्ता | 557 |
| 29 | 64 | 553 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | दशरथ यादव | 558 | 552 | रास्ता | 554 |
| 30 | 5 | 1077 | रैयती | टाड़ दो | 0.032 | शिवकुमारी देवी पति स्व0 वृक्ष यादव | 564 | 1076 | रास्ता | 1078 |
| 31 | 4 | 1076 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 1077 | 1074 | रास्ता | 1075 |
| 32 | 5 | 1074 | रैयती | टाड़ दो | 0.059 | सुरज साव पिता सकल साव, संजय यादव व संतोष यादव पिता स्व0 शिवकुमार यादव | 1076 | 1072 | रास्ता | 1144 |
| 33 | 5 | 1072 | रैयती | टाड़ दो | 0.194 | अजय शंकर तिवारी वगैरह | 1074 | 1103 | रास्ता | 1099 |
| 34 | 5 | 603 | रैयती | टाड़ दो | 0.120 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 603 | 602 | 610 | रास्ता |
| 35 | 5 | 602 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | रास्ता | 603 | 601 | 603 | रास्ता |
| 36 | 5 | 601 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 602 | 600 | 598 | रास्ता |
| 37 | 5 | 600 | रैयती | रास्ता | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 601 | 598 | 601 | रास्ता |
| 38 | 5 | 598 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 600 | 567 | 599 | रास्ता |
| 39 | 5 | 567 | रैयती | टाड़ दो | 0.045 | लिलावती देवी पति महादेव यादव वगैरह | रास्ता | 566 | 569 | रास्ता |
| 40 | 4 | 566 | रैयती | टाड़ दो | 0.091 | मुनी देवी पति सुरेन्द्र साव, सुरज सोनी पिता सकल साव | 567 | रास्ता | 565 | रास्ता |
| 41 | 85 | 1065 | रैयती | टाड़ दो | 0.028 | महावीर भुईयां पिता गणपति भुईयां | रास्ता | 1066 | 1057 | रास्ता |
| 42 | 143 | 1066 | रैयती | धान दो | 0.039 | मुस्मात सुरजी भुईयां पिता राम भुईयां | 1065 | 1067 | 1065 | रास्ता |
| 43 | 143 | 1069 | रैयती | टाड़ दो | 0.022 | मुस्मात सुरजी भुईयां पिता राम भुईयां | 1067 | 1070 | 1068 | रास्ता |
| 44 | 118 | 1070 | रैयती | टाड़ दो | 0.032 | सुरेश भुईयां पिता फिरंगी भुईयां | 1069 | 1070 | 1062 | रास्ता |
| 45 | 125 | 1138 | रैयती | टाड़ दो | 0.075 | जोधा महतो वगैरह | 242 | रास्ता | 1138 | 243 |
| | | | | कुल :- | 1.9350 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :- शून्य, जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :- ग्राम–चटकमान, थाना–रंका, थाना सं0–104, अंचल–रंका, जिला–गढ़वा क्षेत्रफल:- 0, एकड़:- 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :- शून्य

उपायुक्त, गढ़वा

PR 343569 Land Reforms(24-25)#D

### डीवीसी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम, तुबेद कोयला खान ने नेवारी ग्राम पंचायत के जेरजेर टोला, धोबिया झारण गांव में कंबल का वितरण किया गया। वर्तमान समय में क्षेत्र में भीषण ठंड पड़ रही है, जिसे देखते हुए डीवीसी ने सामाजिक दायित्व के माध्यम से कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में लगभग 100 कंबल का वितरण किया गया। उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने बताया कि दामोदर घाटी निगम सीएसआर योजना के तहत नेवारी, डीही पंचायत के जरूरतमंद गरीब व वृद्ध ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, किसानों, ग्रामीणों के सवार्गीण विकास के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, स्वरोजगार, कृषि आदि के विकास के लिए निरंतर बेहतर कार्य कर रही है। आगे इसमें और तेजी लाया जायेगा। इस अवसर पर नेवारी ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेश ओरांव, प्रबंधक (खनन), सहायक प्रबंधक अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# समाज सेवियों ने कंबल वितरण करने की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मगध प्रभावित विस्थापित क्षेत्र के समाज सेवियों ने बढ़ती ठंड को देखते हुए एनटीपीसी, जिला प्रशासन, सीसीएल से कंबल वितरण करने की मांग की है। उप प्रमुख सह मगध विस्थापित नेता कामेश्वर राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, मगध विस्थापित समाजसेवी जितेंद्र प्रसाद ,अखिलेश यादव, पदुम यादव, अनिल प्रसाद, दुर्गा उरांव, बिनोद गंझू,रवि प्रकाश, अभिमन्यु साव, त्रिवेणी साव, ईश्वर साव, सतनारायण साव दामोदर साव, विजय साव,विजय यादव, मुखिया परमेश्वर उरांव ने बढ़ते ठंड को देखते हुए चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस बार ठंड कुछ ज्यादा है। लोगों को खास कर बूढ़े बुजुर्ग, बच्चों को काफी ठंड का सामना करना पड़ रहा है और आग तापने के दौरान घटना का भी शिकार हो जा रहे हैं। बताया कि बीते वर्ष एनटीपीसी द्वारा कंबल वितरण किया गया था, जिससे क्षेत्रीय लोगों को काफी सहूलियत हुई थी, पर दिसंबर माह बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन, सीसीएल या एनटीपीसी अब तक एक भी कंबल क्षेत्र में वितरण नहीं की है। लोगों ने आग्रह करते हुए यथा शीघ्र कंबल वितरण करने की मांग की है। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने इस मामले में पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि प्रखंड में लगभग 2500 कंबल प्राप्त हो चुका है। यथाशीघ्र पंचायत के जनप्रतिनिधि को कंबल आवंटन करा क्षेत्र में वितरण किया जाएगा।

**टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से त्रस्त नागरिकों का कफन सत्याग्रह**

# फुटब्रिज और फ्लाईओवर की मांग को लेकर 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** माकपा नेताओं ने शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन स्थित टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर कफन सत्याग्रह किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और कामता पंसस अयूब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेनों के अधिक आवागमन के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहता है, जिससे सैकड़ों लोग रोजाना जाम की समस्या झेल रहे हैं। फाटक के कारण मरीजों, छात्रों, सरकारी कर्मियों और यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है।

जिला सचिव रसीद मियां ने कहा कि फाटक पार करने की होड़ में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पूर्व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेशन परिसर में फुटब्रिज निर्माण कार्य भी ठप है। करोड़ों का राजस्व देने वाले टोरी जंक्शन पर फ्लाईओवर और फुटब्रिज जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। सत्याग्रह के बाद 11 सूत्री मांग पत्र प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और रेल मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ माकपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की।

### समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में शनिवार को नाई ठाकुर समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महेश ठाकुर व संचालन जितेंद्र कुमार जीतू ने किया। बैठक में समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया। शराब सेवन से दूर रहने का आह्वान किया। बैठक में समाज को एकजुट रहने के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की अपील की गई। बैठक के बाद प्रखंड स्तरीय नाई ठाकुर समाज की कमेटी की घोषणा किया गया। घोषित कमेटी के अनुसार ननकू ठाकुर को स्थाई अध्यक्ष, अजय ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष,विजय ठाकुर व रामलखन ठाकुर को सचिव, रामसेवक ठाकुर व रामेश्वर ठाकुर को उपाध्यक्ष, बालेश्वर ठाकुर व महेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष, सुरेश ठाकुर व प्रदीप ठाकुर को सह सचिव व मुकेश ठाकुर को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर भारतीय सेन सेना के प्रदेश महासचिव जितेंद्र कुमार जीतू, जिला अध्यक्ष उमेश ठाकुर, जिला महासचिव शिव शंकर ठाकुर व उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : सांसद सुखदेव

## हिंडाल्को को हर हाल में मजदूरों को देना होगा रोजगार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ट्रक अनलोडिंग मजदूर संघ के सैकड़ो मजदूर लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात किया और मजदूरों ने सांसद को बताया कि हम लोग अनलोडिंग स्टेशन में बिगड़ 17 वर्षों से कम कर रहे हैं जिससे हम लोगों का भरण पोषण होता है। हिंडालको कंपनी गत दो माह से अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया है जिसके कारण हम सबों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सांसद से सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किये। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के साथ हैं। मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मजदूरों को न्याय मिलेगा। श्री भगत ने कहा कि विगत 17 वर्षों से सैकड़ो ट्रक मजदूर काम कर रहे हैं जिसके कारण हजारों लोगों का भरण पोषण हो रहा है। दो माह से हिंडाल्को के द्वारा ट्रकों का परिचालन बंद करने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मजदूरों को न्याय दिलाना उनका दायित्व है। हिंडाल्को एक ओर रोपवे से बॉक्साइट का ढुलाई कर रही है लेकिन ट्रकों के द्वारा बॉक्साइट का ढुलाई लोहरदगा स्टेशन में नहीं कर रही है अगर ट्रकों से प्रदूषण होता है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा। हिंडाल्को के दोहरे नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों के हक हुकुम के लिए वे मजदूरों के साथ है।हिंडाल्को का हर हाल में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा।मौके पर मनोज सोन तिर्की , अनिल उरांव, विनोद उरांव, प्रेमचंद महतो, प्रदीप उरांव ,नीलमणि तिग्गा, सुधा उरांव ,ललिता उरांव, रवि महली, बुधमन टोप्पो, विमला उरांव, फुलमनी उरांव,सुगी उरांव ,धर्मदेव उरांव,ननका अंसारी ,निवेश उरांव ,रोपा उरांव ,मनोज भगत, आलोक कुमार साहू ,नेसार अहमद, साजिद अहमद चंगू, जगदीप भगत, सोनू कुरैशी सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

### डीसी ने बाल कल्याण समिति के कार्यकलाप और मूल्यांकन का किया समीक्षा

**सिमडेगा।** बाल कल्याण समिति के कार्य-कलाप और मूल्यांकन की समीक्षा एवं अधिसूचित सुरक्षा का स्थान में रिक्त पदों पर चयन हेतु चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति के कार्य-कलाप और मूल्यांकन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बाल कल्याण समिति में बच्चों से संबंधित लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। अधिसूचित सुरक्षा का स्थान में रिक्त पदों पर चयन हेतु मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों का पुनः टाइपिंग टेस्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# मसमानो पंचायत के जरूरतमंदों के बीच बीडीओ ने किया कंबल वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत में पंचायत भवन में भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, मुखिया ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य सुकरमुनी उरांव, वार्ड सदस्य बंधका उरांव, वार्ड सदस्य दशमी देवी, समाजसेवी सरोज राम, हबीब अंसारी, लाल देवव्रत नाथ शाहदेव, पंची उरांव, केश्वर उरांव सहित अन्य लोगों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वृद्ध जनों को



ठंड में कंबल काफी राहत देगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन असहायों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल, धोती, साड़ी सहित अन्य वस्तुएं मिलने के उन्हें काफी सहयोग होती है। उन्होंने वृद्ध जनों से कहा कि किसी भी मामले पर आप सभी पंचायत प्रतिनिधि के अलावे प्रखंड प्रशासन से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान मसमानो पंचायत के मसमानो गांव, टोटो, बेदाल व बुड़का के वृद्धजन एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक और स्कूटी सवार गंभीर

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के ओयना टोंगरी के समीप हुए सड़क दुर्घटना में बाइक और स्कूटी पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार छतर बगीचा निवासी किस्को जनवाल स्कूल की हिंदी शिक्षीका रोशनी कीरो अपने स्कूटी पर सवार हो घर लौट रही थी इसी क्रम में विपरीत दिशा से बाइक पर सवार होकर आ रहे सेन्हा उगरा निवासी चंद्रपाल उरांव का पुत्र अंकित उरांव और रामेश्वर उरांव के बाइक और स्कूटी में टक्कर हो गई। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल ही गए हैं।

### भाजपा प्रखंड समिति बानो की बैठक आज

**बानो।** बीजेपी प्रखण्ड कमिटी का रविवार को 12 बजे प्रदेश के आदेश अनुसार जिला के आदेश से सदस्यता अभियान के निमित्त बानो डाक बंगला परिसर में विशेष बैठक रखा गया है जिसमे मंडल में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य पूर्व विधायक प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी एवं जिला मोर्चा के पदाधिकारी मंडल के सभी पदाधिकारी मंडल मोर्चा के पदाधिकारी पूर्व मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष एवं सभी सम्मानित कार्यकर्तागण सादर अपेक्षित है । उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने दी ।

## नवपदस्थापित थाना प्रभारी का उप प्रमुख एनुल अंसारी ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी अजीम अंसारी का उप प्रमुख एनुल अंसारी ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि नये थाना प्रभारी से क्षेत्र में आपसी भाईचारा कायम करने के साथ ही अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने, पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम करने की काफी उम्मीदें रहेगी। थाना प्राभारी ने भी उप प्रमुख से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध पर लगाम लगाने हेतु उनसे सहयोग कि अपील की।मौके पर रजी अंसारी, शहजाद अंसारी, शाहिद अंसारी, नारायण लोहरा, मेराज अंसारी आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के दो जागरूकता रथों को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत लोगों को यातायात के नियमों के जानकारी व पालन हेतु शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर लोहरदगा से रवाना किया गया। इन जागरूकता रथों के जरिये लोगों को हेमलेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन का परिचालन करने समेत अन्य जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त व




अन्य पदाधिकारी जिला परिवहन कार्यालय की ओर से चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमो का अनुपालन से ही जीवन रक्षा होगी। लोग सड़क सुरक्षा के नियमो के तहत ही वाहनों को चलाना सुनिश्चित करें। जब भी दोपहिया वाहन चलाये हेलमेट जरूर पहने। वही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। डीसी ने कहा कि छोटे बच्चों और कम उम्र के बच्चों को अभिभावक वाहन न दे। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, समाजसेवी संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में खुला दिवस आयोजित

## त्रैमासिक परीक्षा परिणाम वितरण सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में 11वीं व 12वीं विज्ञान और कला के भैया बहनों का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम एवं अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं के मूल्यांकन पर तथा उज्वल भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अभिभावको से चर्चा की गई और योजनाएं बनाई गई ` साथ ही बच्चों के शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक विकास एवं घर और महाविद्यालय में उनके क्रियाकलाप को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, रश्मि साहू,यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, सत्यम सतलज, आरती भगत सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं , अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## घर में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बटम मुहल्ला में गुरुवार की रात एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार की सुबह उसका शव फंदे से लटकता देख परिजन आनन फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुडू बटम मुहल्ला निवासी स्व. बिनु उरांव के पुत्र रौशन उरांव 45 के रूप मे हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बेटे और दो बेटी को छोड़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार वह मजदुरी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिवारिक विवाद में उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल फांसी लगाने का कारण का खुलासा नही हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया है।

## समिति सदस्यों ने तीन यूनिट रक्तदान किया

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा तीन पीड़ित मरीजों को ब्लड दिया गया। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के महादेव टोली निवासी अरविंद महतो की पत्नी ममता देवी,सदर प्रखंड के हरमू पंचायत निवासी माड़ो उरांव का पुत्र श्रीकांत उरांव, कुडू प्रखंड के रामकेश्वर साहू के पुत्र मनोज साहू समेत तीनों मरीज सदर अस्पताल में इलाजरत थे। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य सूरज मिश्रा नवीन कुमार एवं रितेश उरांव ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर पीड़ित के इलाज में मदद की। जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा कि रग रग में सेवा की भावना लिए बैठा हूं। खुद जागता हूं और लोगो को जागता हूं। थोड़ा सा प्रयास से कई घरों की आंगन जगमगाती है। जीवन राज मेहता ने कहा दो बूंद काफी है जीवन के लिए, सिर्फ लेने की इच्छा रखने वाले डोनेट कर दूसरों की जान बचाने में भूमिका निभाएं पीड़ित के लिए संजीवनी की काम करेगी।



# जमीन विवाद में हुई हत्या मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को सुनाई सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) राज कमल मिश्रा की अदालत ने लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में हुए हत्या के एक मामले में तीन आरोपितों को अलग-अलग सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि मामले में 10 गवाहों की गवाही हुई। सुनवाई के बाद पीडीजे ने तीन आरोपितों को सजा सुनाई, जबकि दो आरोपितों को रिहा कर दिया। बताया गया कि 22 जुलाई 2022 को कुडू थाना क्षेत्र में शाम 6 बजे भूमि विवाद को लेकर रामदेव भगत, उनकी पत्नी और बड़े भाई के साथ मारपीट हुई।

इस घटना में रामदेव के बड़े भाई के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद कुडू थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 121/22) दर्ज की गई। मामले में कोर्ट ने आरोपी दशई उरांव को धारा 307 के तहत दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सजा और 5,000 का जुमार्ना जबकि मुन्ना उरांव और पप्पू उरांव को 10-10 वर्ष की सजा और दस दस हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है। वही दुर्गी उरांव और देवकी उरांव को संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने इन्हें रिहा कर दिया।

## उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक, रखा गया दो मिनट का मौन



**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसे लेकर आज उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा प्रांगण शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहारकुशल कर्मी रहीं।

### बुलडोजर के साथ चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दिनों सड़क जाम और सड़क दुर्घटना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा डीसी के निर्देश पर शनिवार को सिमडेगा दिल्ली मार्केट मार्केट कंपलेक्स टैक्सी स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया इस दौरान मुख्य रूप से सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद प्रशासक नगर परिषद समीर बोदरा एवं सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार तथा आकाश डेविड सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर टैक्सी स्टैंड के आसपास सड़क किनारे दोनों और सरकारी भूमि पर किया गया अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से तोड़फोड़ करते हुए हटवाया गया।

# मुस्लिम ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी निंदनीय : अब्दुल रउफ अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कंवलजीत सिंह ने दो मुस्लिम ट्रांसपोर्टरों के संबंध में कुछ अनर्गल बयानबाजी किया है जिसकी हम निंदा करते हैं। सदर श्री अंसारी ने आगे कहा है कि ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति जो आंदोलन कर रही है, उनकी सभी मांगें जायज है। बिमरला बॉक्साइट माइंस के संरक्षक शिव कुमार भगत, संरक्षक इस्लाम अंसारी, अध्यक्ष राजीव उरांव सहित उस इलाके के सभी मुखिया जो आंदोलन कर रहे हैं उनका हम समर्थन करते हैं। उन्होंने



कहा कि बिमरला माइंस में जनहित को देखते हुए कंपनी के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। इससे हिंडाल्को के दलालों को दर्द क्यों हो रहा है। श्री अंसारी ने कहा कि बॉक्साइट के परिवहन में सभी समुदाय के लोग शामिल हैं। फिर भी हिंडाल्को कंपनी द्वारा ना ही कोई रोजगार दिया गया और ना ही कोई काम में रखा गया। श्री अंसारी ने ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नेताओं से पूछा है कि बिमरला माइंस में ट्रक का भाड़ा प्रति टन 120 रुपया कम क्यों है? तथा एग्रीमेंट के आधार पर कंपनी किसी भी माइंस में ट्रिप नहीं दे रही है, जिससे सभी ट्रक मालिकों को काफी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के नेताओं द्वारा कम्पनी के द्वारा किया हुआ एग्रीमेंट की कॉपी अभी तक सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया। ना ही उसकी कॉपी किसी ट्रक मालिकों को देखने के लिए मिली है। इससे जाहिर होता है कि एसोसिएशन और कंपनी की आपसी मिलीभगत है। जिसके कारण ट्रक मालिकों, लोडरों, चालकों व सह चालकों का शोषण किया जा रहा है।

## तीन साल की बच्ची को गलत नियत से छू रहा था, आरोपी गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से चौकाने तथा सामाजिक रिश्ते को शर्मसार करने जैसी बातें सामने आई है, जो काफी निंदनीय है। पीड़िता नाबालिक बच्ची के मां ने सेन्हा थाना में शुक्रवार को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि 30 दिसंबर दिन सोमवार को 3 वर्ष की नाबालिक बच्ची को मटर खिलाने के नाम पर घर के आंगन में खेल रही बच्ची को अपने खेत की ओर ले जा कर गलत नियत से आरोपी खलील अंसारी उम्र 60 वर्ष पिता बसिक अंसारी द्वारा ले जाया गया। 3 वर्ष की बच्ची के प्राइवेट पार्ट को छूने लगा। जिसकी सूचना परिजनों को मिलने के बाद इज्जत बचाने के दृष्टिकोण से मामले को दबाया गया। आरोपी के परिवार से शिकायत किया परंतु कोई सकारात्मक पहल नही होने पर शुक्रवार को आवेदन देते हुए सेन्हा पुलिस से न्याय का गुहार लगाया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने घटित घटना की जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामले को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 01/25 दर्ज कर आरोपी खलील अंसारी उम्र 60 वर्ष को चार घंटे के अंदर गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## सिमडेगा डीसी ने नगर भवन में 90 लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

**सिमडेगा।** जिले में शीत लहर ठंड के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नगर भवन, सिमडेगा में शनिवार को असहाय, वृद्ध तथा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जिसमें शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों के 90 असहाय, वृद्ध तथा जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। उपायुक्त के द्वारा जिला में शत प्रतिशत लक्षित जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया गया। साथ ही ठंड का प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अलाव की भी व्यवस्था महत्वपूर्ण चौक चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर की जा रही है.मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, नगर प्रशासक पदाधिकारी समीर बोदरा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## 25 जनवरी को सिमडेगा नगर भवन में होगी मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 25 जनवरी को नगर भवन में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन के लिए शनिवार को न्याय प्रशासन,जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक पीडीजे प्रकोष्ठ में हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रधान जिला जज ने कहा कि झालसा के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विभागों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति सह जोनल जज अनुभा रावत चौधरी उपस्थित रहेंगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसके लिए जिले के सभी विभागों से समन्वय बनाकर इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है।

### सिमडेगा मत्स्य कार्यालय में जिला स्तरीय मत्स्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

# मत्स्य पालन में उद्यमिता का विकास करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दिशा-निर्देशन पर जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के परिसर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखण्डों से करीब 200 से अधिक मत्स्य कृषक उपस्थित हुए। कार्यशाला उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उप मत्स्य निदेशक, झारखण्ड, राँची के अमरेन्द्र कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिला एक कृषि प्रधान जिला है, जहाँ सिर्फ एक धान की फसल होती है, बाकी समय किसानों के पास रोजगार का काई विकल्प नहीं रहता है। जिले में कुल 3000 निजी / सरकारी जलकर है जिनमें मत्स्य पालन किया जा सकता है। साथ जिले में 36 छोटे / बड़े जलाशय है जिनमें मत्स्य पालन की अपार संभावना है। विजय केरकेट्टा, बायोफ्लॉक तालाब के लाभुक द्वारा एक साल में 200000 रू0 की आमदनी प्राप्त की जिसे उपायुक्त द्वारा काफी प्रसंशनीय कार्य बताया गया तथा इसी तरह से अन्य लोंगों को भी मत्स्य पालन से जुड़ कर उद्यमिता विकास करने का अहवान किया गया। जिस तरह से मिट्टी की नब्ज पहचानने हेतु कृषि विभाग कार्य कर रहा है उसी तरह से प्रत्येक तालाबों की मिट्टी पानी की जाँच कर नब्ज पहचानने होंगे तभी इस जिले को मछली पालन में अग्रणी जिला बना सकते है। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के द्वारा एक लैब बनाने हेतु मत्स्य कृषकों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। परंपरागत तरीको को छोड़कर तकनीकी रूप से ज्यादा से ज्यादा लोग को मछली पालन में जोड़ना है तथा चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता की ओर बढ़ना है तभी इस कार्यशाला का सार्थकता सिद्ध हो सकती है। अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, झारखण्ड, राँची द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, के दिए गए निदेश के आलोक में सभी जिलों में मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, एनेफडीपीपी पर अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराना प्रयोग करना, तथा इससे संबंधित एप्लिकेशन को मत्स्य किसानों के फोन पर डिजिटली रूप से डाउनलोड कर उसका लाभ लेना।

## मनरेगा की राज्य स्तरीय दल ने बाघडेगा का पंचायत क्षेत्र का किया दौरा

**सिमडेगा।** राज्य स्तरीय दल द्वारा सिमडेगा जिला अंतर्गत केरसई प्रखंड के बाघड़ेगा पंचायत के पंचायत भवन एवं क्षेत्र भ्रमण कर मनरेगा योजना का निरीक्षण किया गया।पंचायत भवन में मनरेगा योजना अंतर्गत 7 रजिस्टर का सही-सही संधारण करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं ग्रामसभा पंचायत भवन के जगह गांव में करने का निर्देश दिया गया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 से पूर्व के योजना को यथा शीघ्र नियमसंगत तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिन लाभुकों का पशु शेड पूर्ण कर लिया गया है उसमें पशु रखने का निर्देश दिया गया। बागवानी योजना में समय समय पर दावा, खाद, पानी एवं अन्य कार्यकलाप करने का निर्देश दिया गया। योजनाओं में योजना बोर्ड, पीने का पानी, शेड मेडिकल किट इत्यादि का रखने का निर्देश दिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को पंचायत भवन में मनरेगा योजना अंतर्गत 7 रजिस्टर का संधारण प्रति सप्ताह कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्र भ्रमण करते हुए मनरेगा योजना का सही तरीके से क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया गया।लोकपाल मनरेगा को अभिलेखों का सही तरीके से संधारण कराने का निर्देश दिया गया।पंचायत निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, लोकपाल मनरेगा, परियोजना पदाधिकारी, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं अन्य उपस्थित थे।

# एसएसबी ने मोस्ट वांटेड उग्रवादी के गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

## भय मुक्त माहौल का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 32वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को झांगुर ग्रुप के सुप्रीमो और मोस्ट वांटेड रामदेव उरांव के गांव देवरागाणी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार गौरव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी और थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया।

शिविर में एसएसबी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हिमांशु गिरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की और दवाइयां उपलब्ध कराईं। साथ ही, चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने वृद्ध और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

**युवाओं को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास**

कंपनी कमांडर अभिषेक कुमार गौरव ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य उग्रवादी गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में भय मुक्त वातावरण तैयार करना और लोगों की स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि एसएसबी का लक्ष्य युवाओं को मुख्यधारा से जोड़कर क्षेत्र में शांति और विकास स्थापित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे एसएसबी का सहयोग करें, क्योंकि उनके समर्थन के बिना एसएसबी का प्रयास अधूरा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एसएसबी उनकी सुरक्षा के लिए दिन-रात तत्पर है।

**उपस्थिति और संदेश**

इस मौके पर इंस्पेक्टर निरंजन कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो, चिकित्सा टीम के सदस्य और एसएसबी के जवान उपस्थित रहे।

# मानसिक विकार से जूझ रही मां ने पुत्री की गला रेतकर की हत्या



## पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ाअजियातु गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ मां फूलमानी देवी ने अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी नीतू कुमारी की तेज धारदार सब्जी काटने वाली बैठी से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना शुक्रवार रात की है, जब मृतका के पिता कैलाश गोप घर में खाना बना रहे थे। उन्होंने पत्नी से बच्ची को गर्म कपड़े पहनाने को कहा। इस पर फूलमानी ने बच्ची को लेकर सब्जी काटने वाली बैठी से उसका गला रेत दिया। हल्की आवाज सुनकर कैलाश जब अंदर गए, तो पत्नी को बच्ची की गर्दन काटते हुए देखा। उन्होंने तुरंत घटना की जानकारी आसपास के लोगों और पुलिस को दी। परिजनों के अनुसार, फूलमानी देवी की मानसिक स्थिति लंबे समय से खराब थी और वर्ष 2018 से उसका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। हाल ही में उसकी दवाइयों में बदलाव किया गया था, जिससे उसकी स्थिति और बिगड़ गई। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में प्रयुक्त तेज धारदार बैठी को जब्त कर लिया गया है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र मे एक 26 वर्षीय युवती के साथ 28 वर्षीय युवक द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पूरे मामले को लेकर युवती ने आरोपी युवक घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुम्हार टोली गांव निवासी कुलदीप साहू के विरुद्ध महिला थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि वह जब 17 वर्ष की थी तब आरोपी उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद शादी का झांसा देकर घटना की जानकारी किसी को नही देने की चेतावनी दी थी। जिसके कारण वह घटना की जानकारी किसी को नही दी थी। इसके बाद आरोपी अक्सर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। इधर हाल के दिनों में जब भी वह शादी करने की बात कहती थी तो वह शादी से इनकार कर देता था। साथ ही गाली गलौज कर उसकी पिटाई भी कर दिया था। जिसके बाद वह महिला थाना पहुच कर लिखित आवेदन दी।आवेदन मिलने के बाद महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी के निर्देश पर युवक पकड़ कर थाना लाया गया। साथ ही कॉंसेलिंग में वह शादी करने की बात से इनकार कर दिया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया।

# पेट्रोल पंप कर्मी की लापरवाही से बाइक में लगी आग

## ग्राहक ने मुआवजे की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के सदर थाना क्षेत्र स्थित नागफेनी पेट्रोल पंप पर पंप कर्मी की लापरवाही से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पेट्रोल भराने आए एक ग्राहक की पल्सर एनएस 200 बाइक में आग लग गई, जिससे बाइक धूं-धूं कर जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि बाइक पर सवार दोनों युवक समय रहते कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना के दौरान आग की लपटें पेट्रोल पंप तक पहुंच सकती थीं, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने रस्सी की मदद से जलती हुई बाइक को पेट्रोल पंप परिसर से बाहर खींच लिया। घटना के संबंध में बाइक सवार संजय ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ गुमला से बेड़ो जा रहा था। नागफेनी पेट्रोल पंप पर 500 का पेट्रोल भराने के दौरान पंप कर्मी ने बाइक की टंकी से नॉजल हटाते वक्त लापरवाही बरती, जिससे पेट्रोल की कुछ बूंदें साइलेंसर पर गिर गईं। गर्म साइलेंसर के संपर्क में आते ही बाइक में आग लग गई। घटना से हड़कंप मच गया, लेकिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ से पेट्रोल पंप को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। इस घटना के बाद बाइक सवार ने पेट्रोल पंप कर्मी और मालिक को जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग की है। संजय ने चेतावनी दी कि यदि मुआवजा नहीं दिया गया, तो वह कानूनी कार्रवाई करेगा।

# भरनो के गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक, दर्जनों लोग घायल



**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड के विभिन्न गांवों में आवारा और पागल कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में इन कुत्तों ने दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दिया है। घबराए ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लेने पहुंच रहे हैं। वर्तमान में यहां आधा दर्जन लोग इलाज करा रहे हैं, जबकि कई अन्य मरीजों ने दूसरे केंद्रों का रुख किया है। ग्रामीणों का कहना है कि कुत्तों के इस आतंक से वे बेहद परेशान और भयभीत हैं। आवारा कुत्तों के हमलों के कारण गांवों में शाम ढलने के बाद लोग घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कुत्तों की रोकथाम के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

# बजरंग दल की बाइक रैली से गूंजा गुमला

## आज सभी दुकानें रहेंगी बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बजरंग दल द्वारा शौर्य सह साहसिक यात्रा के तहत गुमला नगर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मां दूधेश्वरी धाम भलदम चट्टी, सोसो मोड़ प्रांगण से हुआ। जय श्रीराम, जय श्रीकृष्ण और हर-हर महादेव के जयघोष से गुमला नगर गूंज उठा। सैकड़ों कार्यकताओं ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का मार्ग मां दूधेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर थाना चौक, महावीर चौक, रामनगर, तरी, बहरा टोली, डूमरडीह, पालकोट रोड, डीएसपी रोड, टावर चौक, घाटो बगीचा, सिसई रोड, जशपुर रोड होते हुए हनुमान मंदिर, बस डिपो, दुंदुरिया में समापन हुआ।

**5 जनवरी को बंद रहेगा गुमला**

बजरंग दल ने 5 जनवरी को आयोजित साहसिक यात्रा के समर्थन में गुमला के सभी हिंदुओं से अपनी दुकानें बंद रखने और कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। व्यापारियों ने इस आह्वान का समर्थन किया है और सभी दुकानें बंद रखने का संकल्प लिया है। 5 जनवरी को यात्रा का शुभारंभ लिप्टिस बगीचा, लक्ष्मण नगर से होगा, जो गुमला नगर भ्रमण के पश्चात हनुमान मंदिर, बस डिपो, दुंदुरिया में समाप्त होगी। इसके बाद महाभंडारा और मंचीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक श्री रंगनाथ महतो उपस्थित रहेंगे।

**प्रमुख लोग रहे मौजूद**

रैली में प्रमुख रूप से अजय सिंह राणा, मनीष बाबू, मुकेश सिंह, संतोष यादव, रविंद्र सिंह, समलेश शर्मा, अमित कुमार, अनुप लाल, विपुल गुप्ता, अमन राणा, यशराज सिंह, मनोज साहू, धरमु गोप, कुनाल कुमार, सूरज वर्मा, रवि नायक, मृत्युंजय कुमार, अमित गुप्ता, शशांक सोनी, लायन मनीष और रोहित खंडेलवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्मला हॉस्पिटल ने आयोजित की निशुल्क नेत्र शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** डुमरी मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय भवन में शनिवार को निर्मला हॉस्पिटल गुमला द्वारा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 40 लोगों का पंजीकरण किया गया, जहां सभी की आंखों और बीपी की जांच की गई।

**मोतियाबिंद और पीटीजी के मरीजों की पहचान**

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ए.के. सरकार ने बताया कि जांच के दौरान 12 मरीजों में मोतियाबिंद और 3 मरीजों में पीटीजी (प्राइमरी एंगल-क्लोजर ग्लूकोमा) की समस्या पाई गई। इन मरीजों को रविवार को गुमला स्थित निर्मला हॉस्पिटल बुलाया गया है, जहां उनकी पुनः जांच के बाद ऑपरेशन किया जाएगा।

**निशुल्क इलाज और सुविधा**

डॉ. सरकार ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीजों को एक रात हॉस्पिटल में रुकना होगा। उनके रहने, खाने-पीने की पूरी व्यवस्था निशुल्क की गई है। अगले दिन मरीजों को घर छोड़ने की व्यवस्था भी अस्पताल द्वारा की जाएगी।

# चैनपुर में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को पुलिस अधीक्षक गुमला, शंभू सिंह के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत चैनपुर के लुथरन मैदान में एक फुटबॉल टूनामेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूनामेंट की अगुवाई चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शोभा देवी, शुशीला दीपक मिंज, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, पंचायत समिति सदस्य अनीता उरांव और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी एवं एएसई नंदकिशोर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और गेंद को किक मारकर किया गया। टूनामेंट की पहली प्रतियोगिता चैनपुर और बेंदोरा के बीच खेली गई, जिसमें बेंदोरा की टीम ने जीत हासिल की।जनप्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को कहा कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे भी हमारी तरह ही हैं। उन्होंने सड़क पर सुरक्षा के नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने युवाओं को जागरूक रहने की सलाह दी और उन्हें चेताया कि मोबाइल पर आने वाले फ्रॉड कॉल्स का शिकार न बनें और घर के परिजनों को बताए। खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने और आपस में झगड़ा न करने की अपील की। इस आयोजन में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एएसई नंदकिशोर कुमार, शोभा देवी,तेरेषा लकड़ा, अनीता एक्का, दीपक खलखो, कमल करकेट्टा,सुशील दीपक मिंज,मधुरा मिंज प्रमोद खलखो और अनीता सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के श्री रामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**गुमला।** लुथेरन मिशन चौक, दुंदुरिया में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी धनंजयानंद जी ने की। स्वामी धनंजयानंद जी ने अपने प्रवचनों में कहा, अनुकूल परिस्थितियों में सत्य का पालन करना सहज है, लेकिन महानता उन लोगों की होती है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य पर दृढ़ रहते हैं। आत्म कल्याण का मार्ग सत्य पथ पर चलकर ही प्राप्त किया जा सकता है।

# छतरपुर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा : पर्यावरण संरक्षण के लिए जुनूनी युवक की अनूठी पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पलामू जिले के नवा बाजार निवासी कंचन कुमार सिंह ने छतरपुर से कन्याकुमारी तक की पैदल यात्रा शुरू कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का बीड़ा उठाया है। बीते 10 दिनों में उन्होंने 170 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शुक्रवार को बिशुनपुर पहुंचकर स्थानीय युवाओं का समर्थन और उत्साह प्राप्त किया।

**पेड़ लगाओ, इंसानियत बचाओ का संदेश**

कंचन सिंह ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा, दिल लगाने से अच्छा है पेड़ लगाओ, यह घाव नहीं, छांव देगा। उन्होंने अपनी इस पदयात्रा का उद्देश्य इंसानियत और पर्यावरण संरक्षण बताया। उनकी अपील है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने में योगदान दिया जाए।

**युवाओं ने किया स्वागत**

बिशुनपुर पहुंचने पर स्थानीय युवाओं ने कंचन सिंह का स्वागत किया और उनके इस जुनून की सराहना की। युवाओं ने उनके साथ सेल्फी खिंचवाई और उनके लिए नाश्ते और भोजन का प्रबंध भी किया।

**यात्रा के दौरान प्यार और समर्थन का अनुभव**

कंचन सिंह ने बताया, 99% भारतीय बहुत प्यारे हैं। जहां से गुजर रहा हूं, वहां लोगों का प्यार और समर्थन मिल रहा है।

# पालकोट प्रशासन ने गरीबों और वृद्धजनों को वितरित किए निशुल्क कंबल



**गुमला।** पालकोट प्रखंड प्रशासन ने गरीब, असहाय और वृद्धजनों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम कुल्लूकेरा और बंगरू पंचायत में आयोजित हुआ, जिसमें प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा ने अपने हाथों से 32 लोगों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर विनय लकड़ा ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ठंड से बचाव के लिए सजग रहें और जरूरतमंदों की मदद करें। कार्यक्रम में प्रखंड के अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और कंबल वितरित किए। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय निवासियों ने राहत महसूस की और इसे सराहा।

### ई-जनशिकायत कार्यक्रम

# रायडीह और सिसई के नागरिकों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** परियोजना निदेशक रीना हांसदा की अध्यक्षता में शुक्रवार को ई-जनशिकायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रायडीह और सिसई प्रखंड के नागरिकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी समस्याओं को साझा किया।

**पेंशन, राशन और सड़क निर्माण से जुड़े मुद्दे उठे**

कार्यक्रम में 20 से अधिक नागरिकों ने पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं सामने रखीं। इसके अलावा सिंचाई सुविधाओं की कमी, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क और नाली निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत और सोक पीट निर्माण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

**प्रखंड स्तर पर ऑन-द-स्पॉट समाधान**

श्रीमती हांसदा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। जाति प्रमाण पत्र संबंधी कई मामलों का प्रखंड स्तर पर पहले ही समाधान कर लिया गया था। अन्य समस्याओं का भी मौके पर निपटारा किया गया।

**प्रशासन की प्रतिबद्धता**

श्रीमती हांसदा ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर हल की जा सकने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान करें और पंचायत व ग्राम सभाओं के माध्यम से दीर्घकालिक समस्याओं का निवारण सुनिश्चित करें।

### हिंडाल्को के खिलाफ आक्रोश

# 16 जनवरी से बीमरला माइंस में खनन और परिवहन बंद करने की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** हिंडाल्को के शोषणात्मक रवैये के खिलाफ ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति ने सख्त कदम उठाने का ऐलान किया है। समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत (टुनटुन), इस्लाम अंसारी और अध्यक्ष राजीव उरांव ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि 16 जनवरी से बीमरला माइंस में खनन और परिवहन कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

**18 सूत्री मांगों की अनदेखी पर विरोध**

शिवकुमार भगत ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से हिंडाल्को के शोषण के खिलाफ आंदोलन जारी है। प्रभावित क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए कंपनी को 18 सूत्री मांग सौंपी गई थी। लेकिन हिंडाल्को ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया। इसी के चलते समिति ने माइंस को बंद करने का निर्णय लिया है।

**ट्रक मालिकों की बकाया राशि का मुद्दा**

क्रांतिकारी नेता इस्लाम अंसारी ने कहा कि ट्रक मालिकों को पिछले दो साल से ?120 प्रति टन कम भाड़ा दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि इस राशि को एरियर के साथ तत्काल भुगतान किया जाए।

**आंदोलन को लेकर दृढ़ संकल्प**

समिति ने स्पष्ट किया कि बीमरला माइंस का खनन और परिवहन कार्य तब तक बंद रहेगा, जब तक कंपनी उनकी मांगों को पूरा नहीं करती।

# लौवाकेरा गांव के ग्रामीण विद्युतिकरण कार्य में खामियों से नाराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के नाथपुर पंचायत के लौवाकेरा गांव के ग्रामीणों ने गांव में चल रहे विद्युतिकरण कार्य को लेकर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खंभे गांव के बाहर लगाए जा रहे हैं, जिससे घरों तक बिजली पहुंचाने में गंभीर कठिनाइयां हो रही हैं।

**ग्रामवासियों की चिंताएं**

ग्रामीणों ने बताया कि खंभों की वर्तमान स्थिति के कारण बिजली तार उनके घरों के ऊपर से गुजरेंगे। अधिकांश मकान खपरैल होने के कारण यह स्थिति बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता दे सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संवेदक कार्य में सुधार करे और खंभों को गांव के भीतर लगाया जाए।

**शिकायत की तैयारी**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वे इस मामले की लिखित शिकायत लेकर मंगलवार को गुमला के उपायुक्त के जनता दरबार में अपनी बात रखेंगे।

# मिशन बदलाव ने चोरी के मामलों में न्याय की गुहार लगाई

## पुलिस अधीक्षक ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव के प्रतिनिधिमंडल ने नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव ज्योति गलोयरिया कुजूर के नेतृत्व में शनिवार को गुमला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर चेतर की रहने वाली संध्या उरांव की चोरी के मामले में न्याय की मांग की।

**सब्जी बेचकर चलाती हैं गुजारा, चोरों ने लूटा भविष्य**

संध्या उरांव, जो टोटो में सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं, ने महिला समूह से 50,000 का लोन लेकर अपने व्यवसाय को शुरू किया था। लेकिन टोटो बाजार टांड़ में उनका ?50,000 नकद और पर्स में रखे गहने चोरी हो गए। इस घटना के बाद उन्होंने गुमला और टोटो थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक चोर पकड़े नहीं गए हैं।

**थाने की लापरवाही पर नाराजगी**

ज्योति वर्मा ने बताया कि टोटो थाने ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द आरोपी को पकड़ने की मांग की।

**पुलिस अधीक्षक ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि टोटो थाने को इस मामले में निर्देशित कर दिया गया है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर चोर को पकड़ने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

**कठिनाई में महिला की स्थिति**

ज्योति वर्मा ने कहा कि संध्या उरांव का पति नहीं है और वह अपने परिवार का भरण-पोषण बड़ी मुश्किल से कर रही हैं। महिला समूह से लिया गया लोन चुकाना भी उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# वन महोत्सव का आयोजन कातिग गांव में सामुदायिक वन अधिकार की नई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** कातिग अंबाटोली गांव में ग्राम सभा द्वारा आयोजित वन महोत्सव ने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 2018 से लागू वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक दावा को मान्यता देना था। यहां 87 एकड़ भूमि पर सामुदायिक दावा किया गया था, जिसके फलस्वरूप 9 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर गांव के लोगों को 67.68 एकड़ का सामुदायिक वन पट्टा मिला। वन प्रबंधन समिति का गठन-पट्टे के साथ ही गांव में एक वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें 10 सदस्यों को शामिल किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य जंगलों का संरक्षण और प्रबंधन करना है। धूमधाम से मनाया गया वन महोत्सव- वन महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया, जिसमें गांव के सभी लोग शामिल हुए।

फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि, जिसमें प्रखंड समन्वयक श्री ललित कुमार महतो भी थे, ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले संघर्ष और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। शपथ ग्रहण समारोह-कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर जंगलों को बचाने के लिए शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विंसेंट टोपो, सचिव अशोक तिग्गा, और फिया फाउंडेशन की रजनी केरकेट्टा, नीलम एक्का, उषा सरिता, उषा मिंज, कमल कुजूर, सृष्टि खलखो, संजय टोप्पो, अंतू भगत, राकेश, और ललिता देवी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस वन महोत्सव ने न केवल सामुदायिक एकता को बढ़ावा दिया है, बल्कि जंगलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाई है। यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनकर उभरा है, जो अपनी प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए संकल्पित हैं।

## नया साल



काहे का नया साल, कैसा न्यू ईयर, अरे रोज जैसे चूल्हे चौके में ही पिसना है तो नया क्या पुराना क्या..., माया जी का बड़बड़ाना लगातार चालू था। पतिदेव कान में ईयरफोन ठूंसे लेखन कार्य में तल्लीन थे या ऐसा दिखावा कर रहे थे। अब वह तो ठहरे झोलाछाप साहित्यकार जिसकी साहित्य जगत में कुछ ऐसी छाप तो थी नहीं। हो भी कैसे जनाब सोशल मीडिया का 'स' भी नहीं जानते न मानते। अब भी पुरातन काल की तरह डाक से रचनाएँ भेजते हैं अखबारों और पत्रिकाओं में।उनके नाम का लिफाफा आ गया तो समझो छप गये जनाब, पर कितनों ने पढ़ा ये कहाँ पता। एक आध बार उन जैसे किसी पुरातन पाठक का प्रशंसा-पत्र आ जाता। फेसबुक इंस्टा पर शेयर करते तब तो जमाने को पता चलता न। खैर ये तो उनकी बात क्योंकि उन्हें तो इसका मलाल भी नहीं है। खुश हैं वे अपने लेखनी अपनी दुनिया में। पर माया जी...उनकी क्या इज्जत रह जाएगी अगर एक भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन की फोटो फेसबुक पे नहीं आई तो ।सबने तो फाइव स्टार होटलों की कपल बुकिंग वाली स्टेटस भी लगा रखी है अभी से। पार्टी वेयर की शॉपिंग स्पेशली की है दो तीन दोस्तों ने। खैर माया जी इतनी भी नकलची नहीं हैं, पिछले साल वाली गाउन में ही फिट कर लेंगी खुद को, ऐसा मन को पहले ही समझा चुकी हैं। पतिदेव तो शादी वाली सूट में अब भी आसानी से फिट हो जाते हैं तो उसकी भी टेंशन नहीं पर सेलेब्रेट तो करना है,भले रैडिसन जाना नसीब नहीं फिलहाल पर किसी ठीक ठाक होटल तो जा ही सकते हैं। पर ये बातें आउटडेटेड पति समझे तब न। उनको तो नया साल मतलब एक जनवरी को पूजा पाठ कर धूप सेंकते हुए कुछ खालिस पूए पकवान मिल जाएँ। अम्मा बाबा चाचा ताऊ से फोन पर बतिया कर कुशलक्षेम पूछ लें, बतिया लें और श्रीमती जी के नाम प्रेम भरे चंद अशआर लिख डायरी में समेट लें, क्योंकि सुना तो सकते नहीं क्योंकि मायादेवी को ये बचकानी बातें पसंद नहीं। चलिए देखते हैं इस बार इनका न्यू ईयर कैसे सेलेब्रेट होता है। सुना तो है कि इसबार भी मायाजी की माया ही चलने वाली है। मतलब चेहरे पर जबर्दस्ती वाली स्माइल चेंप कर थर्टी फर्स्ट की पार्टी में शादी वाला सूट पहन कर जाना ही पड़ेगा। मायाजी खुश हैं सालों बाद फिर उसी स्टाइल का सूट चलन में है। चलिए फिर माया जी का हैप्पी न्यू ईयर तो हैप्पी हो गया लगता है, आपका हमारा सबका नया साल भी खुशियों भरा हो यही कामना हम सब करें।



रश्मि सिंह

# हरिद्वार, हर की पौड़ी और स्वच्छ गंगा

हमारी अगली मंजिल उत्तराखंड के दिल्ली-हरिद्वार राजमार्ग पर कनखल में स्थित पतंजलि योग पीठ थी। निकलते हुए दिन के ग्यारह बज गए। मार्ग में इतना अधिक जाम कि सरकते वाहनों के साथ भाड़े की गाड़ी में बढ़ते हुए दस बजे रात्रि में पहुँच पाए। एक आश्रम में हमें बहुत सस्ते में कमरा मिल गया। नाश्ते से लेकर रात्रि भोजन तक की बहुत उत्तम व्यवस्था परिसर के अंदर ही थी। बस, दो दिन ही वहाँ रहने की अनुमति मिलती है।



अनिता रश्मि

योग को हिमालय की कंदराओं, चोटियों से उतारकर पूरे विश्व की गोद में पहुँचानेवाले स्वामी रामदेव द्वारा स्थापित यह भारत का सबसे बड़ा योग शिक्षा संस्थान है... सर्वसुलभ। सुबह योग-ध्यान स्थल में जाकर हमने योग की बारीकियाँ सीखीं। एक बड़े से हॉल में देशी-विदेशी लोग एक साथ योग के विभिन्न आसनों में व्यस्त। सुबह-शाम यहाँ अभ्यास कराया जाता है। छात्रगण इधर-उधर अनुशासन में बँध विभिन्न ऋषियों के नाम पर रखे गए हॉस्टल के अंदर आते-जाते दिखे। इसी के निकट पतंजलि का बहुचर्चित फॉर्म हॉउस है। दिन में आस-पास के इलाकों को देखने के लिए हम बाहर निकल गए। हिन्दुओं के सात पवित्र तीर्थस्थलों में से एक हरिद्वार का शाब्दिक अर्थ है- 'भगवान तक पहुँचने का रास्ता।' पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने यहीं पर अपनी जटा खोलकर गंगा नदी को मुक्त किया था। कुछ कहते हैं, गौमुख से 253 किलोमीटर तक बहने के बाद गंगा नदी पहली बार हरिद्वार में गंगा के मैदान में प्रवेश करती है। इसका प्राचीनतम नाम गंगाद्वार था।

उज्जैन, नासिक और प्रयागराज के साथ हरिद्वार में भी गरूड़ के घड़े से अमृत की बूँदें छलकी थीं। इसी कारण हरिद्वार में प्रत्येक 12 वर्ष पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। कुंभ मेले के आयोजन की यह कथा नई नहीं थी। कनखल से निकल गंगाद्वार के बहुचर्चित हर की पौड़ी के पास किसी जैन धर्मशाले की तलाश दूसरे दिन सुबह जल्द पूरी हो गई। दो कमरों में हमने साथियों संग आसन जमा लिया।

शाम को हर की पौड़ी में सीढ़ियों पर बैठ देर तक लहरों का संगीत सुनते रहे। यहाँ स्वच्छ हरिताभ में श्वेत के बूटे धारण कर नदी ठाँठें मारती हुई हमारे चेहरों पर जल की हिम शीतल छींटें मार रही थी। चारों ओर अबालवृद्ध पर्यटकों की अगाध मुग्ध भीड़ गंगा की वाचलता को आत्मसात कर रही थी। लहरों का कल-कल निनाद मन के शोर पर भारी था।



देखा, एक साड़ी लहरों संग पछाड़ खा रही थी। खाती रही। न आगे जाए, न हटे। भरपूर रौशनी में बस कभी पछाड़ खाती रही, कभी थिरकती। मैं सोचती रही, 'यह किसी सद्यस्नाताः की है अथवा किसी लाश की? या फिर यूँ ही गंगा में खँगाल गंगा को गंदी करने के दौरान बगावत कर हाथों से छिटक गई...?' नदियाँ आपसे संवाद करना चाहती हैं, दर्द हमारा समझो। हमारा दर्द इक दिन तुम्हारा न बन जाए, इसे भी जितनी जल्दी समझ सको, समझ लो। पर्वत, पठार, वन भी कहते नहीं थकते, अब तो थम जाओ। हमें प्यार करो, हमारी गोद में आओ, हमें नष्ट न करो। हम हैं कि नासमझ बने भोगते रहते हैं। हर तरफ छोटे-बड़े जार में गंगा जल के विक्रेता क्रेताओं से घिरे बैठे थे। हम अभी थोड़ी देर पूर्व गंगा आरती के अलौकिक विधान के साक्षी बन चुके थे। संझबाती के समय अनेक लोग खुद दीए जला रहे थे। गंगा आरती को देखने के लिए दोनों पाटों पर लोग जमे रहे।

घंटा-घड़ियालों की आवाज से पूरा समुदाय भक्तिरस में डूब चुका था। धूम्र-धुवन से सुगंधित तट, मंदिरालय का प्रसिद्ध 'हर की पौड़ी' अर्थात ब्रह्म कुंड के घाट के प्रसिद्ध गंगा मंदिर और हरिचरण मंदिर आकर्षण के मुख्य केंद्र हैं। गहराती रात ने हम सबको उठने का इशारा किया। अंततः बेमन से उस मनोरम माहौल का मोह त्यागकर हम लौट चले। गंगा पर बने पुल पारकर पैदल लौटते हुए बाजार की गहमागहमी, चिल्ल पों संग हो ली।

रात्रि विश्राम के बाद प्रातः काल उदयांचल पर अंशुमान ने नारंगी, पीली, लाल चंदेरी सजा दी कि दोमंजिले धर्मशाले में गहमागहमी बढ़ गई। बाहर सुबह का सूर्य आगवानी करने को तैयार खड़ा था, दीदी कह रही थीं, जल्दी तैयार होकर चलो। आज गंगा में स्नान भी करेंगे और पूजा भी। हम फिर गंगा के तट पर और चारों तरफ भक्तों का भक्ति का सैलाब। यहाँ गंगा अपने पूरे उफान पे बहती है। लोग सिक्कड़ों को पकड़ स्नान में व्यस्त। मैं उसकी खूबसूरती में डूबी।

धर्मशाला के सामने ही एक गली है। वहाँ से पहाड़ पर स्थित नाग वासुकी की पत्नी मनसा देवी का मंदिर जाने के लिए रोप वे मिलता है। हम टिकट लेकर केबल कार में बैठ, रोप वे से घाटी के रमणीक विस्तार से मिलते हुए ऊपर पहुँचे तो एकदम ढँके-घिरे देवालय में पूजा-अर्चना के लिए लाइन लगी थी। तब का वह खुला-खुला सा माहौल अब बंद-बंद सा।।।कत्तई रास नहीं आया।

अब शिवालिक पहाड़ पर बिल्वा पर्वत की चोटियाँ नहीं, बस, लोग ही लोग नजर आ रहे थे। हर ओर विविध बोलियों, भाषाओं में अपनी बात कहने के लिए उतावले होते लोग-बाग, पूजा करते समय धक्कम-धुक्की में अति व्यस्त। हाँ, बीच-बीच में फूटते सीढ़ियोंवाले रास्ते मनभावन लगे 178 मीटर की ऊँचाई पर स्थित मंदिर को देवी मनसा का घर माना जाता है।

### रमणीयता की कसौटी पर खरी अन्य सुप्रसिद्ध जगहें हैं

चिल्ला वन्यजीव अभ्यारण्य, पारद शिवलिंग, पिकनिक स्पॉट क्रिस्टल वर्ल्ड, भारत माता मंदिर, सात महान ऋषियों का सप्तऋषि आश्रम आदि। गंगा नदी के पूर्वी तट पर चिल्ला अभ्यारण्य में हाथी, बाघ, भालू और छोटी बिल्लियाँ, हाथी और विभिन्न प्रकार के पक्षी हैं। दो-तीन दिन आस-पास के दर्शनीय स्थलों से गले मिलने के बाद हमने मसूरी की ओर बढ़ने का प्लान किया।

## पीली साड़ी

आज फिर कमला को आने में देरी हो गई थी। सरला उससे कभी कुछ नहीं बोलती लेकिन उसे ही देर से आने शर्म आती थी। क्या करें बुढ़ापा में शरीर तेजी से काम नहीं कर पाता ।आने में रोज देरी हो जाती थी ।अब तो काम करने में पहले जैसी फुर्ती भी नहीं रही। सरला को 10:00 बजे दफ्तर के लिए निकलना होता है। वह भी उसके साथ लगकर काम करती तब जाकर काम खत्म हो पाता। यह लो मौसी।... सरला ने एक खूबसूरत पीली साड़ी उसकी हाथों में रख दिया। इतनी सुंदर साड़ी.... उसका चेहरा खुशी से चमक उठा। बेटे को नौकरी लग गई है। उसे तो मुझसे ज्यादा तुम ने पाला है और माँ जैसा प्यार किया है। उसने अपनी पहली पगार से तुम्हारे लिए यह साड़ी भेजी है। सौ साल जिए मेरा बेटा।..... वह बोली, मेरी पोती की शादी होने वाली है। यह साड़ी में उसको दे दूँगी। कोई जरूरत नहीं है उसे देने की। बच्चों को बुढ़ापे में तुम्हारी सेवा करनी चाहिए तो तुम्हारे बेटों ने तुम्हें दूध में पड़ी मक्खी की तरह बाहर फेंक दिया है। लेकिन पोती मेरी बड़ी सेवा करती है।....उसने साड़ी को अपने हाथों से सहलाया जैसे वह अपनी पोती को दुलार कर रही हो। फिर बोल उठी, क्या करूँ बेटा, जब तक शरीर चलता रहा सभी सम्मान देते रहे। अब शरीर में पहले जैसी ताकत नहीं रही तो इस बुढ़िया को कौन रखेगा। अब तो पहले जैसा काम भी नहीं कर पाती हूँ। तुम्हारे छोड़कर सभी ने मुझे हटाकर नई कामवाली को रख लिया है। 'क्या करोगी मौसी, जब लोग पैसा देंगे तो काम भी तो चाहेंगे। तभी बेल बजी कमला मौसी ने जाकर दरवाजा खोला। एक कामवाली खड़ी थी। वह बोली, मैम साहब ने मुझे आज से ही काम करने को कहा है। कमला के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह रूआँसी शीला के पास गई और बोली, तो आपने भी मुझे हटाकर नई कामवाली को रख लिया ना। फिर थोड़े गुस्से से साड़ी उसके हाथों में रखते हुए कहा, यह साड़ी भी अपनी नई कामवाली को दे दीजिए। सरला हँस पड़ी। वह बोली, किसने कह दिया कि आपको हटा दिया है, आप यहाँ रोज आएँगी और पगार भी नियमित रूप से आपको मिलेगा। बस आपको काम नहीं करना है। आपके बेटे का कहना है कि मौसी अब आराम करेंगी। क्योंकि उनके बेटे की नौकरी लग गई है। कमला की आंखें नम थी। काम के बदले पगार तो वह हर महीने पाती थी लेकिन निःस्वार्थ ममता के बदले प्यार और सम्मान उसे अब मिला था।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

## नवल वर्ष के स्वागत में





नवल वर्ष के नव स्वागत में
बिहंसा है मन नव
प्रभात का
धरा पल्लवित पुष्पित
कलियां
मुस्काया नभ आज
प्रात का।
गगनांचल में जाग रहा है,
उम्मीदों का स्वप्निल सूरज।
बीत गये पल बिगत रात के,
नवल भाव का कर लें स्वागत।
पलकों पर ठहरे आंसू कण,
स्मृतियों को आज विदा दें।
भर लायें अंचल में स्वर्णिम,
नव विहान की नव उम्मीदें।
आशाओं की नवल सुरभि से,
सपनों का मौसम महका दें।
अनजानी खुशियों का मधुवन,
फूलों का नंदन लहका दें।
आज तरंगित हो जाये मन,
ऋतु तुरुवर के पात पात का।



पद्मा मिश्र

## टुसू पर्व

झारखंड का पर्व टुसू है, सुंदर है पहचान।
संस्कृति की यह झलक
समेटे, इसको दें
सम्मान॥
पौष माघ टुसू सदा
आता, हर्षित सभी
किसान।
फसल खड़ी खेतों
में पककर, नया
काटते धान॥
पौराणिक है कथा कहानी, जिसको
कहते लोग।
रूपवती इक कोमल बाला, जिसका
पिता किसान॥
मोहित उसकी सुंदरता पर, हुआ
क्रूर इक भूप।
कन्या लाज बजाने खातिर, दे दी
अपनी जान॥
टुसू नाम था उस बाला का,
कहता है इतिहास।
याद करें उसे पर्व मनाकर, व्यर्थ
न हो बलिदान॥
बसंत ऋतु में मकर मनाएँ, टुसू
की हो धूम।
मेला लगता नदी किनारे, हर्षित
सकल जहान॥
पर्व लोक उत्सव का टुसू, करे
नहीं यह भेद।
हर जन जाति मानते मिल-जुल,
लगते एक समान॥
गूँज रहा मंदार है देखो, पड़ी
जोर की थाप।
नाचे गाएँ आनंदित हो, बजे
ढोल पर गान।
सबर लोहरा, आदिवासी, कोल्ह
तथा संथाल।
मुंडा, कोरा संग मनाएँ, कुड़मी
महतो जान॥
पीठा चावल का बनता है, हड़िया
पीते लोग।
परंपरा अति पावन लगती, सुंदर
लगे विधान॥




रीना सिन्हा सलोनी

गीत

## शरद ऋतु

शरद दिया है दस्तक आकर, सुन
लो मेरे यार।
आने को त्योहार खड़े हैं, हो जाओ तैयार।
शरद लगे सबको ही प्यारा, मौसम
है अनुकूल।
ऋतु आई फूलों भौरों की, यह मत
जाना भूल।
अति कोमल ऋतु ज्ञानी भी है,
करे नहीं तकरार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो
जाओ तैयार।।
ताप,शीत, वर्षा-सी कीचड़, करे नहीं
व्यवधान।
मधुर मिलन मौसम का होता, होते ऊजार्वान।
प्रथम पर्व 'जितिया' आता है, जो ममत्व का
सार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो जाओ तैयार।।
काँस फूल खिलता धरती पर, धवल वस्त्र
परिधान।
श्वेत चुनरिया में वसुधा है,परियों-सी है शान।
जगजननी भी आने को हैं, करे भक्त सत्कार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो जाओ तैयार।।
ऊर्जा से परिपूर्ण करे माँ, करती जग कल्यान।
नौ रूपों और नौ दिनों तक, करते पूजा ध्यान।
शरद ऋतु की बड़ी महिमा है, लौटे
पालनहार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो जाओ तैयार।।
घर का कोना- कोना महके, मन का दूर
विकार।
श्री- गणेश का स्वागत करते, होता नव
संचार।
खुशियों का यह पर्व दिवाली, रहा शरद
उपहार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो जाओ तैयार।।
दिनकर की यह पावन षष्ठी, शरद काल
सौगात।
ठंड गुलाबी खूब सुहाती, पुलकित होता गात।
चतुर्मास का अंत इसी में, किया शरद
उपकार।
आने को त्योहार खड़ा है, हो जाओ तैयार।।



पुष्पा पाण्डेय

## तो मुस्कुराओ

मुश्किलों को हराना है तो
मुस्कुराओ।
गर मंजिलों को पाना है
तो मुस्कुराओ।।
गमों के बादल हटाना है
तो मुस्कुराओ।
नया चमन सजाना है तो
मुस्कुराओ।।
छोटी हो जाएगी हर
संघर्ष की राह।
आशा के दीप जलाना है
तो मुस्कुराओ।।
जख्म बहुत तकलीफ
देते हैं दिलों को।
उन सब से बाहर आना
है तो मुस्कुराओ।।
फर्क न पड़े कौन क्या
सोचता है जग में।
दुश्मनों को जलाना है तो
मुस्कुराओ।।
खबर न हो जमाने को
तुम्हारे किसी मरम की।
मरहम जख्मों पे लगाना
है तो मुस्कुराओ।।
सफर आसान हो जाएगा
जिंदगी का खुद ये।
अगर हिम्मत खुद में
बढ़ाना है तो
मुस्कुराओ।।
रुकता नहीं यहां 'नेह'
कोई किसी के लिए।
जग को कुछ कर
दिखाना है तो
मुस्कुराओ।।



पूनम शर्मा स्नेहिल

# टुसु पर्व यानी नारी शक्ति का उत्सव

रे टुसु का अर्थ है ... कुंवारी कन्या, तिरि दिता कीले टुसु, तिरि संग पाले गो, आर की टुसु राखते परबो, मकर होलो बारी गो....



पूनम सिन्हा भावशिखा

इस मंगल गीत को गाते हुए कुंवारी लड़कियां और महिलाऐं टुसु को लेकर नदी जाती हैं और इसे जल में विसर्जित करती हैं। मकर संक्रांति या 'टुसु-परब' का जुड़ाव आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपरा से है यह झारखंड के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक हैं और इसे झाड़खंड के अलावा ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, आदि क्षेत्रों में मनाया जाता हैं। ऐसे तो हमारे देश में,सारे त्योहारों का जुड़ाव प्रकृति और खेती-बारी से होता हैं पर टुसु पर्व को विशेषकर नारी-शक्ति और स्वाभिमान के रूप में मनाया जाता हैं, टुसु का उत्सव अगहन के संक्रांति से पूस के मकर संक्रांति तक मनाया जाता है ' चूंकि आदिवासी लोगों के लिए धान की खेती का महत्व ज्यादा होता हैं और इन दो महीनों में, धान की कटनी, दौनी और कूटनी के बाद किसानो का घर अनाज से परिपूर्ण होता हैं और किसान खुश होते हैं तो इस त्योहार को खुशी व्यक्त करने का तरीका! भी बोला जा सकता हैं।

टुसु पर्व में कुंवारी कन्याएं जंगल से लकड़ी लाकर उसे छोटे - बड़े आकार में जरुरत के हिसाब से काटती हैं, फिर पूरे मनोयोग से उपवास कर उन लकड़ियों से खूबसूरत झांकी बनाती हैं, उसे रंगीन मोतियों, कागज और फूल आदि से सजा, टुसु की स्थापना करती हैं। टुसु की स्थापना के बाद गाँव की लड़कियां इसकी पूजा, अर्चना प्रति दिन शाम को एक साथ मिल-जुल, मंगल गीत गाते हुए करती हैं। पूरे एक महीने के बाद पूस के मकर संक्रांति के दिन, सारे लोग उपवास रख इस झांकी (टुसु) को लेकर, नाचते- गाते और ढोल बजाते नदी तक लेकर जाते हैं और टुसु को जल में विसर्जित करते हैं ' टुसु के दिन नदी में नहाने की परंपरा हैं, नहाने के उपरांत वहीं नदी किनारे चूड़ा-दही,पकवान खा कर उपवास को तोड़ा जाता हैं, इनलोगों का खास पकवान 'पीठा' होता हैं जिसे चावल और गुड़ से बनाया जाता हैं। इस त्योहार के दिन, नदी किनारे करीब हर जगहों पर टुसु मेला लगता हैं।



**टुसु पर्व के साथ एक ऐतिहासिक कहानी भी जुड़ी हैं :** कहा जाता हैं कि 'टुसु' एक गरीब किसान के घर जन्मी, खूबसूरत लड़की थीं, जिसकी खूबसूरती की चर्चा धीरे-धीरे पूरे राज्य में फैल गई, कुछ दिन पश्चात यह बात वहां के राजा के कानों तक पहुंची, वहां का राजा बहुत कुकर्मी था, उसने 'टुसु' को उसके इच्छा के विरुद्ध प्राप्त करना चाहा लेकिन 'टुसु' ने नदी में कूद कर अपनी जान दे दी। उसी साहसी! कुंवारी कन्या!की याद में, आज भी कुंवारी कन्याएं। 'टुसु' बना, इसकी पूजा एक महीने तक करती हैं और पूस संक्रांति के दिन पूरे मान-सम्मान के साथ, इसका विसर्जन कर बिदा करती हैं!

*-संयोजन : नरेश अग्रवाल*

## काव्य कोना

### दूर तक

अंतिम थाप की गूँज दूर
तक सुनाई देगी
दिल से निकली आह दूर
तलक जायेगी।
जूगनूँ की भुक-भुकाहट दूर
से पथ दिखलायेगा
व्याकुल मन की व्याकुलता
देर तक रंग दिखलायेगा।
वर्षा की पहली फुहार में मिल कर
भीगने की कसक देर तक रहेगी
बिछड़ने और मिलने की यादों का
असर देर तक दिखेगी।
न आह की, न वाह की, आलिंगन
की चाहत हमेशा रहेगी
आलिंगन की बयानी धड़कन संग
चलेगी देर तक।
मन में भावनाओं का गुबार
उठता रहेगा देर तक
जिन्दगी में प्रेम का सागर यूँ ही
बढ़ता चलेगा दूर तक।
काल की कहानी चलते चलेगी
बिना रूके देर तक
अपनत्व की कहानी चलेगी
गैरों में भी देर तक।

नाग मणि

## गुगल बाबा और ज्ञान

ज्ञान ध्यान की बातें करना, पूर्ण
मूर्खता काम लगे।
गूगल बाबा जो भी
कहता, सही गलत
सद्ज्ञान लगे।।
अनुभव हीन
गुगल बाबा जो,
सर पर चढ़कर
बोल रहे।
जीव जगत में
मनमौजी मन, चिंतन चिंता
कौन गहे।
ठीक-ठाक कुछ गलत बताता,
सुधिगण उसको पकड़ चलें।
ऐसे बुद्धि कुंद होती है,
समझ-दार कब अकड़ चले।
तकनीकी शिल्पी दुनिया से,
बाहर भाव मुकाम लगे।
गूगल बाबा जो कहता है, सही
गलत सद्ज्ञान लगे।
सृष्टि चराचर समझाती है,
छेड़-छाड़ से दूर रहो।
एक दिवस ना पछताए तुम, अब
कुदरत का कोप सहो।
जल ही जीवन जीवन सुक्तक,
पशु पक्षी नर जीव कहें।
पावक पावन सत्य निवेदित, कर्म
धर्म जगनीति कहें।
कर्म जगत ही साध्य साधना,
धरा धाम यश गान लगे।
गूगल बाबा जो कहता है, सही
गलत सद्ज्ञान लगे।।
वेदों की बातों का चिंतन, मूल
मंत्र समझा न सका।
मंथन से जो सुत्र मिला है,
इसको कोई पा न सका।
समझ-समझ कर समझाना भी, है
दुनिया की एक कला।
कला जगत की बात अलग है,
कला पारखी समझ चला।
ज्ञान हमारा संगी साथी, हमराही
हमप्राण लगे।
गूगल बाबा जो कहता है, सही
गलत सद्ज्ञान लगे।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

## स्नेह स्पर्श..

सब ने उसको है चाँद कहा,
अधरों को सुर्ख गुलाब कहा,
कुंतल उसकी नागिन सी लगी सुन कर रह
जाती है वह ठगी,
सौंदर्य का क्यों करना वर्णन,
पढ़ सको तो पढ़ लो
उसका मन।
समझो उसके जज्बात सखे ,
छू सको तो छू लेना हिय
सखे, कभी देखो जाकर
रसोईघर, लोई को रख
वो चकले पर,
सस्नेह कोमल हाथों से,
लोई पर फिराती बेलन जब,
अनुराग भरे कोमल मन से
फुलके खिलाती तुमको तब,
बल का जो करती प्रयोग,
फूलके का कर नहीं पाते उपयोग
वैसे ही स्नेहिल स्पर्शों से,
करोगे जब उसको सिंचित,
देखना घर आंगन कैसे न हो पुलकित?
पुरुषत्व का जो ढ़ाओगे कहर,
नजरों से जाओगे उतर
फिर रौनक कहाँ से उस घर में,
अफसोस रहेगा जीवन भर।
कभी सँवारना उसके बिखरे बाल,
देखना पसीने से तरबतर आनन,
व्यस्त जब वह घर के कामों में,
कह देना बस बैठो क्षण दो क्षण,
फिर देखना उसके सुर्ख
गाल, उन शब्दों
से ही वह जाये
निहाल, खुद को
तुम में वह देगी
ढाल, सिर्फ इतना
समझो जज्बात
प्रिये, छू सको
तो छू लेना
बस तुम हिय
प्रिये।



सविता सिंह मीरा





याद रखें कि ईश्वर-प्राप्ति का अर्थ होगा सभी दुःखों का विनाश।

– श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, 'योगी कथामृत' में

### आज का दोहा


**हुई आरती भोर की, पूरी हुई अजान।**
**सूरज को जाडा.चढ़ा, सोया लंबी तान।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## संभल

समय समापन का नहीं,
आज पंथी उठ पाया नहीं
पंछी की आवाज सुन,
कालिमा है छाई चतुर्दिक्।
अब उस सोए पंथी को कौन समझाएं
दूसरों के नीड़ में अपने बच्चे पालना
'बहुसंख्यक कौओं का नहीं
अल्पसंख्यक कोकिल का शौक है।'
कौए की आवाज सुन
सोया पंथी आज भी है।
पूछता है कौआ पंथी से
'धर्म अपना भूल गए?
इस कालिमा में डूब गए?'



अंशुमान मिश्रा
जवाहर विद्या मंदिर
श्यामली, रांची, कक्षा-9

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# मैड्रिड के इंटरनेशनल टूरिज्म ट्रेड फेयर को दिया जाएगा निमंत्रण

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

उत्तर प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रचारित-प्रसारित करने के प्रयास में एक कदम आगे बढ़ते हुए योगी सरकार स्पेन के मैड्रिड और जर्मनी के बर्लिन के टूरिज्म फेयर में प्रदेश के टूरिज्म ऑफरिंग्स को शोकेस करने जा रही है। इस दौरान, प्रदेश में आयोजित हो रहे महाकुंभ को भी 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के तौर पर इन दोनों ही टूरिज्म और ट्रेड फेयर में शोकेस किया जाएगा।

दोनों ही स्थानों में बी2बी और बी2सी सेशंस के संचालन के लिए वीआईपी लाउंज बनाए जाएंगे, साथ ही अंग्रेजी समेत स्थानीय भाषाओं में प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करायी जाएगी। यहां उत्तर प्रदेश को 'ब्रांड यूपी', बुद्ध और सनातन आस्था की भूमि के तौर पर प्रोजेक्ट करने के साथ ही सभी प्रमुख टूरिस्ट सेक्टर्स और प्रदेश में निवेश परक माहौल के अंतर्गत विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भावी निवेशकों से संवाद भी किया जाएगा।

इन दोनों ही देशों समेत आसपास के देशों के टूर ऑपरेटर्स समेत टूरिज्म सेक्टर से जुड़े विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ भी संवाद स्थापित किया जाएगा। यहां उत्तर प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक थाती के साथ ही ओडीओपी प्रोडक्ट्स और राज्य के पारंपरिक उत्पादों को भी प्रमोट किया जाएगा।




● 'महाकुंभ 2025' को केंद्रित करते हुए उत्तर प्रदेश की टूरिज्म ऑफरिंग्स को प्रदर्शित किया जाएगा।

## स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 24 से 28 जनवरी के मध्य होगा आयोजित

सीएम योगी के विजन के अनुसार, उत्तर प्रदेश में हो रहा 'महाकुंभ 2025' धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक धरोहर होने के साथ ही कई मायनों में विशिष्ट है। इसी विशिष्टता को दोनों प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में पूरी प्रमुखता के साथ दर्शाने की तैयारी उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कर ली है। इसमें न केवल सकल विश्व को इस विरासत का हिस्सा बनने और साक्षात्कार करने का निमंत्रण दिया जाएगा, बल्कि, इसकी विशिष्टताओं समेत उत्तर प्रदेश की अन्य टूरिज्म ऑफरिंग्स को भी शोकेस किया जाएगा। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 24 से 28 जनवरी के मध्य आयोजित 'इंटरनेशनल टूरिज्म ट्रेड फेयर' में 'महाकुंभ 2025' को केंद्रित करते हुए उत्तर प्रदेश की टूरिज्म ऑफरिंग्स को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां 40 स्क्वायर मीटर के थीमैटिक भव्य पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। वहीं, जर्मनी के बर्लिन में 4 से 6 मार्च के बीच आयोजित होने वाले 'आईटीबी बर्लिन 2025' में महाकुंभ की सफलताओं को प्रदर्शित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश की टूरिज्म ऑफरिंग्स को शेयर किया जाएगा।

# मथुरा के मंदिर में सदस्यता रसीदों का घोटाला, केस दर्ज

**एजेंसी। मथुरा**

● मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन स्थित इस्कॉन मंदिर में एक चौंकाने वाला रसीद दान घोटाला सामने आया है। मंदिर के सदस्यता विभाग में तैनात मुरलीधर दास पर आरोप है कि उसने श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान की राशि को हड़प लिया और रसीद बुक लेकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एसपी सिटी अरविंद सिंह ने बताया कि यहां एक मेंबरशिप डिपार्टमेंट है, जिसमें लोग मेंबर बनते हैं और चंदा देते हैं। उस विभाग में काम करने वाले मुरलीधर दास, जिन्होंने 32 रसीदें प्राप्त की थी, उन पर आरोप है कि उन्होंने इन रसीदों को वापस नहीं किया। उससे धन अर्जित किया है। उस धन का हिसाब नहीं दिया। उन्होंने आगे बताया कि आरोप को देखते हुए विश्वनाथ दास की तहरीर पर थाना वृंदावन में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इसकी विवेचना की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मामले की जांच के साथ कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस मामले के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार कर्मचारी की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि कर्मचारी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है और अन्य गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

# तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 6 की मौत

**एजेंसी। विरुधुनगर**

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किए हैं। अभी वहां पर आग बुझाने और तलाशी का काम किया जा रहा है।




विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में पोमियापुरम गांव के निवासी बालाजी की इसी गांव में साईनाथ फायर वर्क्स नाम से पटाखा फैक्टरी है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय विस्फोटक नियंत्रण विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है। बताया जा रहा है कि आज सुबह पौने दस बजे के करीब पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे के वक्त फैक्टरी के 35 कमरों में 80 से ज्यादा मजदूर पटाखों के निर्माण में लगे हुए थे। बताया गया है कि यह विस्फोट पटाखा बनाने के लिए रसायन मिलाते समय अचानक घर्षण के कारण हुआ। इस विस्फोट में 4 कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये। इन कमरों में मौजूद 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में और किसी के घायल या नुकसान होने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। शिवकाशी और चतुर अग्निशमन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

## केजरीवाल ने की एक और बड़ी घोषणा

# सरकार बनते ही हजारों, लाखों के 'गलत' पानी के बिल कर दिए जाएंगे माफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनावी वादों और अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। एक के बाद एक वह दिल्ली के जनता के लिए घोषणाएं करते जा रहे हैं और इसी कड़ी में उन्होंने एक और बड़ी घोषणा की है। केजरीवाल के अनुसार, उनके जेल जाने के बाद दिल्ली की जनता को हजारों और लाखों का गलत पानी का बिल मिला है। जिसको वह अपनी सरकार बनने के बाद माफ कर देंगे। यह वादा अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि "आप" की सरकार बनने पर पानी के सभी ग़लत बिल माफ कर दिए जाएंगे।



केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार फ्री पानी उपलब्ध करा रही है, 20,000 लीटर पानी फ्री मिलता है। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल गया तो पता नहीं भाजपा ने क्या-क्या किया, दिल्ली वालों के लाखों रुपए के पानी के बिल आने लगे। उन्होंने कहा कि फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर जिन लोगों के पानी के गलत बिल आए हुए हैं, उन्हें भरने की जरूरत नहीं हैं, चुनाव के बाद उनके गलत बिल माफ कर दिए जाएंगे।

## चुनाव में झूठे वादों को लेकर दिल्ली पहुंची महिलाओं ने किया केजरीवाल के घर का घेराव

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जब से महिला सम्मान योजना की घोषणा की है, तभी से लगातार विपक्षी पार्टियों उनके लिए हमलावर हो गई हैं। केजरीवाल ने महिलाओं को फिलहाल 1,000 रुपये अभी देने और चुनाव जीतने के बाद उस रकम को 2,100 बढ़ा देने का वादा किया है। केजरीवाल के इन दावों और वादों को झूठा बताया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा लगातार अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधती दिखाई दे रही है। अब पंजाब से आई महिलाओं ने अरविंद केजरीवाल के घर का घेराव किया और जमकर नारेबाजी भी की। शनिवार सुबह पंजाब से आई महिलाओं का कहना है कि पंजाब में भी चुनाव के समय आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को 1000 रुपये महिला सम्मान राशि देने की घोषणा की थी लेकिन सरकार बनने के बाद अभी तक महिलाओं को वह राशि नहीं मिली है। पंजाब से आई महिलाओं ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के घर का घेराव भी किया।



# जियो फाइबर के मैनेजर को एसटीएफ ने बचाया, मुठभेड़ के बाद 3 गिरफ्तार

**एजेंसी। मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश के हाथरस से अगवा किए गए जियो फाइबर के मैनेजर को एसटीएफ ने मुरादाबाद में मुठभेड़ के बाद छुड़ा लिया। इस दौरान तीन अभियुक्त पकड़े गए हैं। जिसमें एक को गोली लगी है। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यूपी के नए एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश की तरफ से मिली जानकारी में बताया गया कि एक जनवरी को जनपद हाथरस में जिओ फाइबर के मैनेजर अभिनव भारद्वाज की फिरौती हेतु अपहरण की घटना हुई थी। जिसका अभियोग थाना हाथरस गेट पर पंजीकृत हुआ था। आज जनपद मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस में अपहरणकर्ताओं से यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और जनपद हाथरस की संयुक्त टीम से मुठभेड़ हुई है। जिसमें अगवा अभिनव भारद्वाज को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ में एक बदमाश को गर्दन के पास गोली लगी है। घायल बदमाश के अलावा इनके दो और सह अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त विशाल जिसको गोली लगी है वो उत्तराखंड अल्मोड़ा का रहने वाला है। दूसरा सुजल कुमार भी यहीं का रहने वाला है। तीसरा अभियुक्त करण बिष्ट है जिसकी उम्र 20 वर्ष की है। इनके पास घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार ,पचास हज़ार रुपए नगद, मोबाइल फोन और अन्य सामान हज़ार रुपए नगद के साथ मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक स्कूटी भी है जो घटना में प्रयुक्त हुई है। तीनों अभियुक्तों को डीएम आवास के पास गिरफ्तार किया गया है। जिस बदमाश के गले में गोली लगी है। उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसटीएफ और हाथरस पुलिस ने सूचना के आधार पर अपहरणकर्ताओं का पीछा कर मुरादाबाद में घेर लिया। वहां पर मुठभेड़ हो गई।



# केजरीवाल ने 50 हजार गज में बनाया 45 करोड़ रुपए का शीश महल : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में कामकाजी महिला छात्रावास सुषमा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। आरोप लगाया कि केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "मेरे घर पर कुछ बच्चे मिलने आए थे तो मैंने उनसे पूछा कि केजरीवाल जी ने क्या किया? तो एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने एक 45 करोड़ रुपये का शीशमहल खुद के लिए बनाया। राजनीति में आए तब कहते थे हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीश महल बनाया। केजरीवाल को दिल्ली की जनता को हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, "अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर की चिंता नहीं की। उन्होंने शराब घोटाला किया, मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर भ्रष्टाचार किया और दवाओं के नाम पर घोटाला किया। इतना ही नहीं, सीसीटीवी के नाम पर घोटाला किया, बस खरीद में घोटाला किया और सबसे बड़ी घोटाला निजी सुविधाओं के लिए, अपना शीशमहल बनाने के लिए किया।



# आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें।

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

# दरभंगा में दो वारंटियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

**एजेंसी। पटना**

बिहार में दरभंगा शहर के लहेरियासराय अन्तर्गत सैदनगर-अभंडा में भीड़ ने शनिवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रही लहेरियासराय थाने की पुलिस पर जानलेवा कर दिया। इसमें दो सब-इंस्पेक्टर व एक सिपाही जख्मी हो गए। उन्हें दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) इमरजेंसी में ले जाया गया है। पुलिस टीम कोर्ट के आदेश पर फरार आरोपित जितेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी। जितेंद्र के खिलाफ वारंट और कुर्की की कार्रवाई का मामला दर्ज था। गिरफ्तार कर ले जारी आरोपितों के पक्ष में स्थानीय लोगों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया। इस दौरान भीड़ ने एक पुलिस कर्मी से पिस्टल भी छीनने की कोशिश की। जख्मी पुलिस कर्मी अमित कुमार ने कहा कि हम लोग दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर ले जा रहे थे। इस बीच कुछ महिला-पुरुष उन्हें ले जाने से रोकने लगे। हमने उन्हें सरकारी काम में बाधा डालने से मना किया। इसके बाद वहां भीड़ जुट गयी और पुलिस पर पथराव किया जाने लगा। इससे हम लोगों को चोट लगी। घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जगनाथ रेड्डी जलारेड्डी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसएसपी ने बताया कि लहेरियासराय थाने की पुलिस ने समस्तीपुर फैमिली कोर्ट से निर्गत नोटिस के आधार पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया था। इसके विरोध में आरोपितों के परिजनों ने पुलिस पर हमला किया और मारपीट की। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्हें डीएमसीएच भेजा गया है। पथराव में पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन लोगों की पहचान की जा रही है।

# बिहार में आय से अधिक संपत्ति मामले में ईओयू की छापेमारी

**पटना।** बिहार के पटना स्थित बेऊर जेल के अधीक्षक के विभिन्न ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति मामले में शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने छापेमारी की है। केंद्रीय कारा बेउर के अधीक्षक विधु कुमार के गांव स्थित पैतृक घर और जेल परिसर के पास स्थित सरकारी आवास पर आर्थिक अपराध इकाई ने शनिवार की सुबह धावा बोला। बताया जाता है कि आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारी आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच के लिए पहुंचे हैं। कुछ महीने पहले ही बिहार कारा सेवा के अधिकारी विधु कुमार की पटना के बेउर केंद्रीय कारागार में पदस्थापना हुई थी। इसके पहले वह मोतिहारी केंद्रीय कारा के अधीक्षक के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि आर्थिक अपराध थाना में इस मामले की एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रारंभिक रूप से इनके द्वारा आय से अधिक धर्नाजन से संबंधित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

# उद्धव ठाकरे की सुरक्षा में निजी सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की सुरक्षा में निजी सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है। उनकी निजी सुरक्षा मुंबई पुलिस के पास रहेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक बड़े औद्योगिक समूह की तरफ से पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और परिवार को निजी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। निजी सुरक्षा के लिए 8 सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। बीते वर्ष जनवरी में मातोश्री पर पुलिस कम होने के बाद अब वहां पर निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात होने जा रहे हैं। सोमवार से सुरक्षा की समीक्षा कर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी के साथ मुआयना किया जा रहा था। अब नियमित सुरक्षा में सुरक्षाकर्मी रहेंगे। गौरतलब है कि बीते वर्ष पुलिस नियंत्रण कक्ष में उद्धव ठाकरे के घर (मातोश्री) के पास हमले की साजिश रचे जाने के संबंध फोन आया था। इसके बाद उनके घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। जानकारी के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया था कि वह मुंबई-गुजरात ट्रेन में यात्रा कर रहा था। इस दौरान उसने चार-पांच लोगों को उद्धव ठाकरे के घर के सामने हमला करने की बात करते हुए सुना था। वे लोग उर्दू में हमले की साजिश के बारे में बात कर रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि कॉल का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मातोश्री की सुरक्षा बढ़ा दी थी। बता दें कि जब उद्धव ठाकरे की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा घटाने की जानकारी सामने आई थी, तब इसे लेकर उनके बेटे आदित्य ठाकरे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।



# बगैर नक्शा के घर निर्माण मामले में सांसद बर्क को 16 तक देना होगा जवाब

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बगैर नक्शा पास कराए घर निर्माण के मामले में अब 16 जनवरी तक नोटिस का जवाब देना होगा। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि सांसद को 16 जनवरी का एक नोटिस दिया गया है। जिसमें वह पक्ष प्रस्तुत करेंगे। पहले उनके पास 27 दिसम्बर तक का समय था। इस दौरान उनके द्वारा एक आपत्ति प्रस्तुत की गई। जिसके बाद पुनः उन्हें अब 16 जनवरी को जवाब देना है। एसडीएम ने कहा कि अगर वह दी गई तिथि में जवाब नहीं देते हैं, तो जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी उसको अमल में लाया जाएगा। प्रशासन के इस कदम से सांसद की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि इसके अलावा उनके खिलाफ पहले ही कई मामले दर्ज हो चुके हैं। सांसद के खिलाफ पुलिस ने पहले हिंसा भड़काने का मुकदमा दर्ज किया था और फिर गाड़ी से संबंधित आदेश की जांच शुरू की थी।

# अयोध्या के मिल्कीपुर में होना है उपचुनाव, योगी देगें जीत का मंत्र

**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट सीट कही जाने वाली अयोध्या के मिल्कीपुर में विधानसभा का उपचुनाव होना है। उसके लिए सरकार की तरफ से मंत्रियों की बड़ी फौज तैयारी में लगी है। उसी तैयारी का क्रम जांचने के लिए आज मुख्यमंत्री योगी अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और उन्हें जीत का मंत्र भी देंगे।

एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उपचुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री के इस दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के आने से पहले प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे प्रदेश सरकार के सभी मंत्री भी यहां पहुंच रहे हैं। इनमें से जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा शुक्रवार को ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य राज्य मंत्री भी शामिल होंगे। इनके अलावा संगठन की ओर से प्रभारी का दायित्व निभा रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भी कार्यकर्ता संवाद में शामिल होंगे।



उधर मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा दहशत में है। आखिर भाजपा परेशान क्यों है, एक सीट से क्या होने वाला है, क्या उनकी सरकार गिर जाएगी या सरकार बदल जाएगी। यहां पर भाजपा ने अपने मंत्रियों की लंबी चौड़ी फौज उतार रखी है। खुद सीएम योगी कई बार आ चुके हैं। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत के बाद अब मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भी अपनी वर्तमान रणनीति तैयार रखी है। प्रतिष्ठा की इस सीट पर भाजपा ने ताकत झोंक रखी है। क्योंकि लोकसभा में इस सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की थी। उसके बाद इसे लेकर भाजपा को कई बार घेरा जा चुका है। अभी हाल में हुए उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत ने पार्टी का मनोबल बढ़ाया है। इसलिए किसी भी कीमत पर वह इस सीट को जीतने का प्रयास कर रहे हैं।

# कंपनी के जीडीए ने ही चोरी की थी लाखों की दवाएं, हुआ गिरफ्तार

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा पुलिस ने एक कंपनी में जीडीए के पद पर काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति ने अपनी कंपनी से लाखों रुपए की दवाइयों की चोरी की थी। उसके बाद जब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो इस व्यक्ति का नाम सामने आया। पुलिस ने इसको गिरफ्तार करते हुए इसके पास से 50 हजार का माल भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक थाना सेक्टर 63 नोएडा पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर रहते हुए कंपनी से करीब 2 लाख रुपए की दवाइयां चोरी कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर 50,000 रुपये की दवाइयां बरामद की हैं। पुलिस ने बताया है कि 11 दिसंबर को थाना सेक्टर 63 नोएडा पर पीड़ित की तरफ से शिकायत दी गई थी कि कम्पनी से अज्ञात व्यक्ति ने करीब 2 लाख रुपये की दवाइयां चोरी कर ली हैं। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थाना सेक्टर 63 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच की थी। जिसमें सुमित शर्मा और अन्य का नाम सामने आया था। जिसके बाद 3 जनवरी को थाना सेक्टर 63 पुलिस ने आरोपी सुमित शर्मा को सी ब्लॉक सेक्टर 63, नोएडा से गिरफ्तार किया है। 50,000 का माल भी बरामद हुआ है। इस मामले में पुलिस इसके अन्य साथियों की तलाश भी कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुमित शर्मा जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश का रहने वाला है।



33 गेंदों पर

61 } रन की तूफानी पारी खेली पंत ने



## धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के रिश्ते में दरार तलाक की अफवाहों ने फिर पकड़ी जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, एक बार फिर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच तलाक की अफवाहें तब और तेज हो गईं जब दोनों ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। खबरों के मुताबिक, युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ अपने सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जबकि धनश्री ने चहल को अनफॉलो तो किया है, लेकिन उनके साथ की तस्वीरें अभी भी उनके प्रोफाइल पर मौजूद हैं। इस जोड़े के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि दोनों का तलाक लगभग तय है और आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। हालांकि, उनके अलगाव के पीछे के सही कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। साल 2023 में भी दोनों के अलगाव की अफवाहें उस समय उड़ी थीं, जब धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम बायो से 'चहल' उपनाम हटा दिया था। इसी दौरान, चहल ने एक गुप्त स्टोरी शेयर की थी जिसमें लिखा था, नया जीवन लोड हो रहा है। हालांकि, उस वक्त चहल ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपने प्रशंसकों से ऐसी बातें न फैलाने की अपील की थी। गौरतलब है कि इस जोड़े ने 11 दिसंबर, 2020 को शादी की थी। अपनी प्रेम कहानी के बारे में धनश्री ने झलक दिखला जा 11 पर खुलासा करते हुए बताया था कि लॉकडाउन के दौरान युजवेंद्र ने डांस सीखने की इच्छा जताई थी।





## झारखंड ने राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी प्रतियोगिता में जीता द्वितीय रनर अप का खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुडुचेरी में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 स्वर्ण पदक जीतकर द्वितीय रनर अप का खिताब अपने नाम किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का विवरणः

**स्वर्ण पदक** (बालक वर्ग)में रविराज, मोहम्मद फरहान, लखन उरांव, अशफाक अंसारी व रवि शामिल हैं।

**स्वर्ण पदक** (बालिका वर्ग) में प्रिशा गिरी, श्री निधि, वंशिका। वहीं रजत पदक (बालक वर्ग) में कंदर्प, शाश्वत, शशांक, वेदांत व आकाश। रजत पदक (बालिका वर्ग) में अदिति श्री। कांस्य पदक (बालक वर्ग) में मिहिर मिश्रा, आरित उरांव, अभिक सार्थक, ईशान भगत,समर्थ चंद्र। कांस्य पदक (बालिका वर्ग) में अनुष्का कुमारी, ऋद्धिमा मिश्रा, कुमकुम विश्वकर्मा, खुशी कुमारी, प्रियंका कुमारी का नाम शामिल है। इस ऐतिहासिक जीत पर झारखंड पारंपरिक लाठी महासचिव बिस्वजीत कर्मकार और अन्य पदाधिकारी तौहीद आलम, आनंद शंकर, एवं श्री वरुण कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सिडनी टेस्ट में भारत के पास 145 रन की बढ़त

# पंत की तूफानी पारी सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

**सिडनी(आईएएनएस)।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मात्र 33 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली जिससे भारत ने रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंच चुके पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बनाकर कुल 145 रन की बढ़त हासिल कर ली। तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने एक बार फिर चार विकेट चटकाए और दूसरे दिन के खेल के अंतिम सत्र में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की अगुआई की और पांचवें टेस्ट मैच को रोमांचक बना दिया। पहली पारी में चार रन की बढ़त लेने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में धमाकेदार शुरूआत की और यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में मिशेल स्टार्क की गेंदों पर चार चौके जड़े। लेकिन बोलैंड ने लगातार तीन विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की वापसी की अगुआई की, लेकिन दूसरे दिन के अंत में एक विकेट चटकाकर 4-42 विकेट हासिल किये। लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 33 गेंदों पर 61 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे तेज अर्धशतक और इस प्रारूप में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक शामिल है। हालांकि भारत ने दूसरे दिन 141/6 पर 145 रनों की बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन उसके पास केवल चार विकेट शेष हैं, जिससे खेल रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर, जो क्रमशः आठ और छह रन बनाकर नाबाद हैं, तीसरे दिन कैसे आगे बढ़ते हैं। भारत यह भी प्रार्थना कर रहा होगा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह, जो पीठ में ऐंठन के बाद स्कैन के लिए गए थे, बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध हों। अंतिम सत्र की शुरूआत जायसवाल ने स्टार्क की शॉर्ट और वाइड गेंदों पर तीन शानदार कट और एक अतिरिक्त कवर ड्राइव के साथ की। केएल राहुल ने दो चौके लगाए, इससे पहले कि वह बोलैंड की पारी का पहला शिकार बने, जब उन्होंने 13 रन पर अपने स्टंप पर खेल गए। बोलैंड ने फिर एक गेंद सीम के साथ डाली और जायसवाल के बाहरी किनारे से होते हुए ऑफ-स्टंप के ऊपर से टकराई, और सलामी बल्लेबाज को 22 रन पर वापस भेज


### भारत दूसरी पारी

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 22 | 35 | 04 | 03 | 62.85 |
| के एल राहुल | 13 | 20 | 02 | 00 | 65.00 |
| शुभमन गिल | 13 | 15 | 02 | 00 | 86.66 |
| विराट कोहली | 06 | 12 | 01 | 00 | 50.93 |
| ऋषभ पंत | 61 | 33 | 06 | 04 | 184.81 |
| जाडेजा | 08 | 39 | 01 | 00 | 20.66 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 04 | 21 | 00 | 00 | 19.85 |
| सुंदर | 06 | 17 | 00 | 00 | 35.29 |



### पंत की 'असाधारण' पारी ने ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया: तेंदुलकर

**सिडनी।** भारतीय शीर्ष क्रम एक बार फिर टीम को मजबूत शुरूआत देने में विफल रहा, ऋषभ पंत ने अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन 59/3 के स्कोर पर बल्लेबाजी की और ऑस्ट्रेलियाई धरती पर मेहमान बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। पंत ने 33 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जिसे भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने वास्तव में उल्लेखनीय करार दिया। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया,ऐसी विकेट पर जहां अधिकांश बल्लेबाजों ने 50 या उससे कम के एस.आर. पर बल्लेबाजी की है, ऋषभ पंत की 184 के एस.आर. के साथ पारी वास्तव में उल्लेखनीय है। उन्होंने पहली गेंद से ही ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना हमेशा मनोरंजक होता है। क्या प्रभावशाली पारी है! पंत ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक छक्के की मदद से 29 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इंग्लैंड के जॉन ब्राउन (मेलबर्न 1895) और वेस्टइंडीज के रॉय फ्रेडरिक्स (पर्थ 1975) द्वारा बनाए गए 33 गेंदों के पिछले प्रयासों को बेहतर बनाया। यह टेस्ट मैच में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी था।



### पंत की पारी देख सुनील गावस्कर ने डाला भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिडनी के मैदान पर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तूफानी पारी का मजा लेने वालों में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर भी थे। यह वही गावस्कर हैं जिन्होंने पिछले टेस्ट के दौरान पंत को खराब शॉट सिलेक्शन के लिए स्टुपिड (बेवकूफ) तक बोल दिया था। गावस्कर को ऑन एयर पर पंत को 3 बार स्टुपिड बोलते हुए सुना गया। लेकिन शनिवार को जब भारतीय टीम के धुरंधर बल्लेबाज दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फेल हो गए तो पंत ने बेखौफ खेल दिखाते हुए 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 33 गेंदों पर 61 रन बनाकर भारतीय टीम को 100 से ज्यादा की लीड दिलाई। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद गावस्कर मीडिया से मुखातिब होने जा रहे थे तो उससे पहले उन्होंने भांगड़ा डालकर अपनी खुशी जाहिर की। घटनाक्रम की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टीक का वितरण

**रांची।** हॉकी ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर मारंग गोमेके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो स्टेडियम में संयुक्त निदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टीक एवं हॉकी बॉल प्रदान किए गए। इन्हें स्मरण करते हुए इनके द्वारा किए गए कार्यों की भी चर्चा की गई ताकि खिलाड़ी इनसे प्रेरणा लेकर उनके दिखाए गए रास्ते पर चल सके।

### झारखंड लॉन बॉल संघ ने खिलाड़ियों का किया स्वागत



**रांची।** दिल्ली से रांची राजधानी ट्रेन से आने के बाद रांची रेलवे स्टेशन पर झारखंड लॉन बॉल टीम का झारखंड लॉन बॉल संघ ने सभी खिलाड़ियों का माला पहनाकर किया भव्य स्वागत। बताते चले की झारखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया , और अंडर 25 और पुरुष वर्ग में झारखंड चैंपियन रही , और इसके साथ टीम ने 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए सभी वर्ग में क्वालीफाई भी कर लिया, लॉन बॉल संघ के सचिव सह कोच ने कहा जल्द अभ्यास कैंप रांची में लगाया जाएगा जहां हमने गलती की है उसमें सुधार किया जायेगा। स्वागत करने वालों में देवेंद्र सिंह, शशि सिंह, रोहित , रितेश झा इत्यादि शामिल थे।

## स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली पर जादू चलाया : मार्क वॉ



**सिडनी(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने भारत के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और विराट कोहली को आउट करके मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया, जिसके बाद ऋषभ पंत ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट में 61 रनों की शानदार पारी खेलकर पारी को संभाला। कोहली, जो एक बार फिर ऑफ स्टंप के बाहर गेंद को छेड़ते हुए स्टंप के पीछे स्लिप में कैच आउट हुए, को बोलैंड ने सीरीज में चौथी बार आउट किया और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्क वॉ का मानना है कि तस्मानियाई तेज गेंदबाज ने भारतीय महान बल्लेबाज को मंत्रमुग्ध कर दिया है। वॉ ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, यह लगभग ऐसा है जैसे उसने उस पर जादू चला दिया हो। वह उसे मंत्रमुग्ध कर रहा है। वह गेंद का पीछा करने के लिए बल्ले को मंत्रमुग्ध कर रहा है और यह आखिरी बार हो सकता है कि हम विराट कोहली को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर और टेस्ट मैच क्रिकेट में देखें।''वॉ की टिप्पणियों में दम है क्योंकि पांच पारियों में कोहली ने बोलैंड की 68 गेंदों का सामना किया है, जिसमें उन्होंने चार आउट के साथ सिर्फ 28 रन बनाए हैं। उनका संघर्ष स्पष्ट है, जिसमें 35.2 फीसदी का गलत शॉट प्रतिशत है। पांचवें टेस्ट का दूसरा दिन शायद आखिरी बार था जब कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच खेला था और निश्चित रूप से उसी तरह से आउट होने के बाद निराश थे।

## अगर भारत में एक दिन में 15 विकेट गिरते, तो हंगामा मच जाता : गावस्कर

**सिडनी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा पांचवां टेस्ट भारत में खेला जाता, तो एक दिन में 15 विकेट गिरने पर हंगामा मच जाता। उन्होंने कहा कि पिच लंबे प्रारूप के मैच खेलने के लिए आदर्श नहीं है। पहले दिन 11 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की और स्टंप तक 141/6 रन बना लिए। उसकी कुल बढ़त 145 रन की है। गावस्कर ने कहा, अगर भारत में एक दिन में 15 विकेट गिरते, तो सब कुछ तहस-नहस हो जाता। ग्लेन मैकग्रा ने कहा था कि उन्होंने इतनी घास कभी नहीं देखी। क्या आपने किसी पूर्व भारतीय क्रिकेटर को पिच के बारे में शिकायत करते सुना है? पूर्व (ऑस्ट्रेलियाई और अंग्रेजी क्रिकेटर) हमेशा भारतीय पिचों और परिस्थितियों के बारे में बात करते रहते हैं।



## अप्रैल-नवंबर 2024 में भारत का कॉफी निर्यात रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-नवंबर के दौरान भारत के कॉफी निर्यात में उछाल दर्ज हुआ। भारत का कॉफी निर्यात 8 महीने की अवधि के दौरान रिकॉर्ड 1 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है।

निर्यात के मूल्य में उछाल 'रोबस्टा कॉफी' की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि और यूरोपीय यूनियन के नए डिफोरेस्टेशन रेगुलेशन से पहले स्टॉकिंग के कारण दर्ज हुआ।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में 'रोबस्टा कॉफी' की अधिक मांग के कारण 2023-24 में पूरे वर्ष के लिए भारत का कॉफी निर्यात 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1.28 बिलियन डॉलर हो गया। देश ने 2022-23 में 1.14 बिलियन डॉलर मूल्य की कॉफी का निर्यात किया। भारत के कॉफी निर्यात के प्रमुख बाजारों में इटली, रूस, यूएई, जर्मनी और तुर्की शामिल हैं।



भारत 2022-2023 के दौरान दुनिया का आठवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक बन गया। भारतीय कॉफी अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कॉफी में से एक है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रीमियम पर है। भारत दो प्रकार की कॉफी अरेबिका और रोबस्टा का उत्पादन करता है। अपने हल्के सुगंधित स्वाद के कारण अरेबिका का रोबस्टा कॉफी से ज्यादा बाजार मूल्य है। रोबस्टा कॉफी का इस्तेमाल इसके स्ट्रॉन्ग फ्लेवर के कारण अलग-अलग मिश्रण बनाने में किया जाता है। रोबस्टा की भारतीय कॉफी के कुल उत्पादन में 72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत को वैश्विक स्तर पर रोबस्टा कॉफी का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक माना जाता है।

## भारत में 2024 में ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम रिकॉर्ड 89 मिलियन वर्ग फीट पर पहुंचा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ऑफिस सेक्टर में 2024 में टॉप आठ शहरों में ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम (जीएलवी) में 89 मिलियन वर्ग फीट (एमएसएफ) की बढ़ोतरी देखी गई है।


ग्लोबल कमर्शियल रियल एस्टेट सर्विस फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सेक्टर में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम है, जो 2023 के पीक से 14 मिलियन वर्ग फीट अधिक है और इसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम में नए टेक-अप, कॉरपोरेट्स द्वारा ओपन मार्केट रिन्यूअल और प्री-लीजिंग शामिल हैं। यह ओवरऑल मार्केट एक्टिविटी का संकेत है।

शहरों की बात की जाए तो, बेंगलुरु ने 29 प्रतिशत जीएलवी (25.93 मिलियन वर्ग फीट) के साथ बढ़त हासिल की, इसके बाद मुंबई 20 प्रतिशत (17.84 मिलियन वर्ग फीट) और दिल्ली-एनसीआर 15 प्रतिशत (13.14 मिलियन वर्ग फीट) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट में बताया गया है कि हैदराबाद और पुणे क्रमशः 14 प्रतिशत (12.31 एमएसएफ) और 10 प्रतिशत (8.47 एमएसएफ) की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पांच शहरों में शामिल हैं।

कुशमैन एंड वेकफील्ड के मुख्य कार्यकारी, भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और एपीएसी टेनेंट रिप्रेजेंटेशन, अंशुल जैन ने कहा, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) कुल मांग में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। जीसीसी की बढ़ती उपस्थिति वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत के रणनीतिक महत्व को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम 2025 में प्रवेश कर रहे हैं, ग्रेड-ए स्पेस की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है, जिससे ग्लोबल ऑफिस मार्केट में भारत की स्थिति और मजबूत होगी।

नेट अब्जॉर्प्शन, जो बाजार में वास्तविक मांग या ऑक्यूपाइड स्पेस के विस्तार का बैरोमीटर है, भी रिकॉर्ड तोड़ 50 एमएसएफ पर था, जो 2019 के पूर्व-कोविड पीक से 7 एमएसएफ अधिक था।

बेंगलुरू फिर से 14.18 मिलियन वर्ग फीट नेट अब्जॉर्प्शन के साथ लिस्ट में टॉप पर रहा, जिसने कुल नेट अब्जॉर्प्शन का 28 प्रतिशत प्राप्त किया।



बेंगलुरु ने 29 प्रतिशत जीएलवी के साथ बढ़त हासिल की, मुंबई 20 प्रतिशत, दिल्ली-एनसीआर 15 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## 2024 'होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया' के लिए रहा शानदार

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 'होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया' (एचएमएसआई) ने शनिवार को जानकारी दी कि 2024 में कंपनी की कुल बिक्री 58,01,498 यूनिट रही, जो 2023 की तुलना में 32 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। इसमें पिछले साल की 52,92,976 यूनिट की घरेलू बिक्री और 5,08,522 यूनिट का निर्यात शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दिसंबर महीने में कुल बिक्री 3,08,083 यूनिट रही। इसमें 2,70,919 यूनिट की घरेलू बिक्री और 37,164 यूनिट का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने देश में 6 करोड़ घरेलू बिक्री कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, एचएमएसआई ने गुजरात के विठलापुर में अपने चौथे दोपहिया प्लांट में एक नई तीसरी असेंबली लाइन का उद्घाटन किया। कंपनी ने गुरुग्राम के मानेसर में अपनी ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में अत्याधुनिक इंजन असेंबली लाइन भी जोड़ी, जिसमें सीकेडी निर्यात (कम्प्लीटली नॉक-डाउन यानि किसी उत्पाद को भागों में बांटकर गंतव्य पर असेंबल करने का तरीका) पर ध्यान केंद्रित किया गया। एचएमएसआई ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में 'एक्टिवा ई:' और 'क्यूसीवन' भी पेश किया। कंपनी ने कहा, इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू हुई और इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी।



# झारखंड के पांच जिलों में योजनाओं की सुस्ती से नाराज हुईं कृषि मंत्री

- रांची, खूंटी, धनबाद, गुमला और देवघर के भूमि संरक्षण पदाधिकारी को सख्त निर्देश
- विभाग पदाधिकारी अगले दो दिनों में विधायकों से मिल योजना की देंगे जानकारी
- लाभुकों के आवेदन का अनुमोदन कर 31 जनवरी तक कार्य प्रगति का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं में सुस्ती पर नाराजगी व्यक्त की है। नेपाल हाउस के एनआईसी सभागार में भूमि संरक्षण निदेशालय के साथ ऑनलाइन बैठक के दौरान मंत्री तिर्की ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान रांची, खूंटी, धनबाद, गुमला और देवघर जिले में संचालित योजनाओं की सुस्त रफ्तार की बात सामने आई।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को अगले दो दिनों में क्षेत्र के विधायकों से मिलकर योजना की जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की सुस्ती की वजह से विभाग अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। विभाग की ओर से लाभुकों के लिए संचालित तालाब निर्माण योजना, डीप बोरिंग योजना, ट्रैक्टर खरीद, कृषि संयंत्र का अपेक्षित लाभ नहीं दिया जा सका है। जितनी संख्या में आवेदन का अनुमोदन होना चाहिए, उस लक्ष्य से ये पांच जिले काफी पीछे हैं।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग को ब्रिज की भूमिका अदा करने की जरूरत है, ताकि लाभुकों तक सही जानकारी और समय के साथ योजना पहुंच सके। योजना का लाभ लेने से संबंधित फॉर्म जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध रहना चाहिए। राज्य के विधायकों को भी योजना से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराए जाएं, ताकि जरूरतमंद किसानों को लाभ मिल सके। किसानों के साथ बेहतर सामंजस्य बना कर ही विभाग की योजना को धरातल पर उतारा जा सकता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य स्तर पर भूमि संरक्षण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की निगरानी जरूरी है। हर महीने निदेशालय स्तर पर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। मंत्री ने भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक को 3 से 4 दिन में जिला स्तर पर रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि जिला स्तर पर खाली पद को भरा गया है फिर बेहतर परफॉर्मेंस नहीं हो पा रहा है। अगर पदाधिकारी को रहने और नहीं रहने पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, तो सोचने की जरूरत है। विभागीय अधिकारी कार्य संस्कृति में बदलाव लाएं और काम को गति देने का काम करें। मंत्री ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का आवेदन और अनुमोदन करते हुए 31 जनवरी तक योजना की कार्य प्रगति की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले पद्मश्री अशोक भगत

**रांची।** पद्मश्री अशोक भगत ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। अशोक भगत ने राज्यपाल को नये साल की शुभकामनाएं दी। अशोक भगत ने संस्था विकास भारती की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।





## मुख्यमंत्री से मिले अधिकारी दी नववर्ष की शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव मुकेश कुमार, सचिव मनोज कुमार, निदेशक शशि प्रकाश सिंह, रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार, प्रबंध निदेशक कृतिश्री, उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त रामगढ़ चन्दन कुमार एवं उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्र ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से सभी को नूतन वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दी।



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले चतरा सांसद और विधायक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद कालीचरण सिंह एवं विधायक जनार्दन पासवान ने मुलाकात कर नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## गोगो दीदी योजना के नाम पर बीजेपी ने जनता से वसूले पैसे : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गोगो दीदी योजना में फर्जीवाड़ा बताते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। शनिवार को झामुमो दफ्तर में प्रेस वार्ता के जरिये सुप्रियो ने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने गोगो दीदी योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा किया है। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी के फॉर्म भरवाए जाने के नाम पर 500-500 रुपए वसूले गए थे, उन पैसों की अब रिकवरी कराई जाएगी। सुप्रियो ने यह भी कहा कि गोगो दीदी योजना को केंद्र से लागू करवा कर देश भर की सभी महिलाओं को 2100 रुपए दी जाये।

### महिलाओं के खाते में एक साथ 5000 रुपए डाले जाएंगे

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। विशेष कर महिला सशक्तीकरण और आर्थिक रूप से उन्हें मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। हमलोगों ने कहा था दिसंबर से मंईयां सम्मान राशि 2500 रुपए करने का वादा किया था जिसे पूरा किया गया। देश में पहली बार कोई सरकार इतनी बड़ी संख्या में 56 लाख महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह दे रही है। देश में किसी सरकार ने इतने बड़े पैमाने महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिनके खाते में दिसंबर महीने का पैसा नहीं गया उनके खातों में एकसाथ 5000 रुपए डाले जाएंगे।

### सुप्रियो ने बाबूलाल मरांडी पर साधा निशाना

सुप्रियो ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के वह बड़े विद्वान हैं। विधानसभा गठन के एक महीना से अधिक समय हो गया लेकिन उनको अभी तक विधायक दल का नेता नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने को बात कही थी उसे पूरा नहीं किया। अपने कार्यकाल में भाजपा बताए कि एमएसपी पर कब धान की खरीदारी की है।

## गोगो दीदी योजना में वसूली के आरोप की जांच कराए हेमंत सरकार : अविनेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि झामुमो के नेता अपने किए वादों को पूरा करने में असफल होते देख इसे छुपाने के लिए अनर्गल और तथ्यहीन आरोप गढ़ने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो नेता का चुनाव से पहले भाजपा की ओर से राज्य की बहनों के लिए घोषित गोगो दीदी योजना में वसूली की बात पूरी तरह बेबुनियाद और तथ्यों से परे है। भाजपा ने हेमंत सरकार से मांग की है कि अपनी पार्टी के प्रवक्ता के अनर्गल आरोपों की जांच कराकर जनता को बताएं कि किसने फॉर्म भरने के लिए पैसे दिए हैं। सरकार करोड़ों की अवैध वसूली को भी उजागर करे नहीं तो भाजपा जल्द झामुमो के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कानूनी कार्रवाई करेगी। प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा एक सशक्त विपक्ष के नाते राज्य सरकार को जब उनका वादा याद कराती है तो सत्ताधारी गठबंधन तिलमिला जाता है। कहा कि झामुमो बताए कि 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद का वादा क्या केवल वोट लेने के लिए किया गया था। 450 रुपए में गैस सिलिंडर का वादा क्या सिर्फ दिखावा था? मंईयां सम्मान योजना का भाजपा ने विरोध नहीं किया है, बल्कि भाजपा के ही चुनाव पूर्व गोगो दीदी योजना के दबाव में झामुमो ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपए किया।

### मंईयां के अलावा अन्य योजनाओं का भुगतान रोक रही सरकार

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार केवल मंईयां योजना में जैसे-तैसे भुगतान कर अन्य योजनाओं का भुगतान रोक रही है। हेमंत सरकार विधवा, वृद्ध और दिव्यांग जन की भी पेंशन राशि बढ़ाकर 2500 रुपए करे और जल्द भुगतान भी सुनिश्चित करे। ये लोग ज्यादा जरूरतमंद हैं।

## गुरु गोविंद सिंह जयंती उत्सव के लिए सीएम आमंत्रित



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिख समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 19 जनवरी 2025 को गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित गुरु गोविन्द सिंह जयंती उत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष रणजीत सिंह हैप्पी, झारखंड सिख फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सचिव परमजीत सिंह, हरजीत सिंह स्विंकी, ऋषि छाबड़ा, तविंदर सिंह, गुरनाम सिंह, सोनू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस भवन में वित्त मंत्री ने लगाया जनता दरबार



**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार लगाया। इस दौरान विभिन्न लोगों तथा कांग्रेसजनों द्वारा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। समस्याओं को सुनकर वित्त मंत्री ने समाधान का भरोसा दिलाया। छह जनवरी को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सुबह 11 बजे से 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। बता दें कि जनसमस्याओं के समाधान तथा शिकायतों के निवारण के लिए कांग्रेस कोटे के कैबिनेट मंत्रियों द्वारा राज्य से लेकर जिला स्तर तक जनता दरबार का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

## आदिवासी छात्रावास स्थित लाइब्रेरी होगा अपग्रेड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को करमटोली स्थित आदिवासी छात्रावास में संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने रांची जिले के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत को आदिवासी छात्रावास में संचालित हो रहे लाइब्रेरी में जल्द फर्नीचर और पुस्तकें सहित सभी जरूरी सुविधा उपलब्धएं कराने के लिए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने कहा कि छात्रावास परिसर में संचालित हो रहे कोचिंग क्लासेज का भी विस्तार किए जाने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं को विषयवार शिक्षक की आवश्यकता अनुसार प्रोफेशनल टीचर को सूचीबद्ध करते हुए शिक्षण का काम लें। स्टूडेंट्स ही शिक्षकों की रेटिंग करें और उसी आधार पर उनसे काम ली जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विस्तृत योजना तैयार किए जाने और अधिसूचित किए जाने तक कोचिंग के सभी कार्य प्रतिबद्धता के साथ करें। विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को कल्याण हॉस्टल में चल रहे कोचिंग क्लासेज का अवलोकन कर उसके सुचारू संचालन के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिए थे। निरीक्षण के क्रम में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को वहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने बताया कि कोचिंग में कभी-कभी बहुत अधिक बच्चे हो जाते हैं उस स्थिति में एक ही हॉल में क्लास का संचालन संभव नहीं हो पाता है। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त द्वारा हॉस्टल परिसर में खाली एक और भवन में ही एक बैच के कोचिंग चलाए जाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**एनआईए ने बोकारो से....**

की। यह छापेमारी झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड, कुरकुटिया, धमधरवा, तूईयो और हरयीदमो में हुई। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने पुष्टि की है कि एनआईए को नक्सलियों और उनके नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के दौरान टीम कई दस्तावेजों को साथ लेकर गई है, जो नक्सली संगठन की गतिविधियों और उनके संबंधों को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।

एनआईए की यह कार्रवाई झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ नए साल की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है। टीम का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनके आर्थिक व संगठनात्मक आधार को कमजोर करना है। छापेमारी से जुड़े इलाके लंबे समय से नक्सली प्रभाव में रहे हैं, जिससे यह जांच और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने भी सक्रियता बढ़ा दी है।

**टांगी से काटकर की गई थी..**

कुल्हाड़ी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार, थाना प्रभारी दुलर चौड़े, भागीरथ पासवान (अनु०जाति/जनजाति थाना प्रभारी लातेहार), मनोज कुमार, रामाकान्त गुप्ता, राहुल सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार महतो, विक्रांत कुमार उपाध्याय, नागेश्वर महतो, संतोष कुमार, मनीष राय, अरविंद तिवारी (लातेहार), सैट-01 सशस्त्र बल के जवान और पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार की तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

**राज्य में 7 से 13 तक बंद रहे...**

के वक्त लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। राजधानी रांची में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को रांची जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च, माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों सहित सभी निजी विद्यालयों को छह और सात जनवरी को पूर्णतः बंद रखने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य सरकार ने राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से आठ तक की कक्षाएं 7 जनवरी से 13 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। इस कारण, रांची में 6 से 13 जनवरी तक केजी से आठ तक की कक्षाएं बंद रहेंगी। वहीं, 7 से 13 जनवरी तक वर्ग 9 से वर्ग 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। रांची उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी कोटि के सरकारी उच्च, माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं कार्यरत शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी इस अवधि में नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित रहते हुए विद्यालयी कार्य का संपादन करना सुनिश्चित करेंगे।

**लिफ्ट और एस्केलेटर कभी...**

इस कारण स्टेशन का आधुनिकीकरण हुआ है। यहां यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं। मगर, कुव्यवस्था के कारण इन सुविधाओं का उपयोग यात्री नहीं कर पा रहे हैं। बीमार, वृद्ध, बच्चों और महिलाओं के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लेकिन, अभी इसका हाल क्या है? रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये कभी चलते हैं और कभी नहीं। देख कर हैरान हो जाएंगे कि यात्री एस्केलेटर का उपयोग ऊपर जाने की बताए नीचे उतरने में कर रहे हैं। ऐसा कभी देखा है क्या? लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा हर समय उपलब्ध नहीं रहने से बीमार, वृद्ध और महिला यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अब एक नजर स्टेशन परिसर की दुकानों पर भी डाल लीजिए। ये दुकानें यात्रियों को मनमाने मूल्य पर सामान बेच रहे हैं। बोर्ड पर समोसा का मूल्य आठ रुपए लिखा है और उसे दस रुपए में बेचा जा रहा है। पांच रुपए की चाय दस रुपए में मिल रही है। वहीं, पंद्रह रुपए के पानी की बोतल को बीस रुपए में बेचा जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि रेल नीर का टेंडर खत्म हो गया है, जिस कारण रेल नीर की सप्लाई नहीं हो रही है। दूसरे ब्रांड के पानी की बोतल 20 रुपए में बेच रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि रेलवे स्टेशन को हवाई अड्डों की तरह सुविधायुक्त और सुसज्जित किया जाए। बावजूद इसके, 16 दिसंबर को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना तब करना पड़ा, जब स्टेशन पर एक भी कुली नहीं थे। रांची रेलवे स्टेशन पर दो चक्के वाली ट्रॉली की व्यवस्था नहीं है, जिसमें लोग अपने सामानों को ले जा सकें। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने दक्षिण पूर्व रेलवे लाइसेंस पोर्टर भारवाहक संघ रांची के अध्यक्ष मनोज तांती से बात की। उन्होंने बताया कि रांची स्टेशन पर 28 कुली हैं, जिन्हें निर्धारित दर से कम भाड़ा मिलता है। आजकल लोग ट्रेन से उतर कर कुली को नहीं, बल्कि लिफ्ट और एस्केलेटर खोजते हैं।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने दक्षिण पूर्व रेलवे हटिया डिवीजन के प्रवक्ता निशांत कुमार से सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि कुली स्टेशन पर रहते हैं, मनमाना रेट नहीं लेते, खाने-पीने के सामानों को मूल्य बढ़ा कर नहीं बेचा जाता है। किसी भी प्रकार की परेशानी पर स्टेशन मैनेजर के पास शिकायत दर्ज कराएं। सवाल यह उठता है कि बेस्ट मेंटेंड स्टेशन के अवार्ड से नवाजे गए स्टेशन में इतनी ज्यादा खामियां कैसे मिल रही हैं और अवार्ड लेने के बाद भी मेंटेन करने की जिम्मेदारी किसकी है?

**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding (Short Term Tender)
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/04/2024-25 (2nd Call)
Date:- 03.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Kharsota More to Kasnap More road (Total Length- 23.30 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 15,06,38,769.00 (Rupees Fifteen crore Six Lakh Thirty Eight thousand Seven hundred Sixty Nine) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 15,07,000.00 (Rupees Fifteen Lac Seven Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 20-01-2025, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 07-01-2025, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR.NO.343557 Road(24-25):D

**कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

ई०-संख्या- ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (4th call)

1. कार्य का नामः-

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 07.01.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-13.01.2025, 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-15.01.2025 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश संख्या- 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 343545 Rural Development(24-25)#D

**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक- 07 / दिनांक- 03.01.2025

**आम सूचना**

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत आमजनों को सूचित किया जाता है कि मझिआँव प्रखण्ड परिसर के बगल में नवनिर्मित दुकान आवंटन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए दिनांक 06.01.2025 से दिनांक 10.01.2025 तक 2000/-(दो हजार रूपये) का बैक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से) या नगद कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र में अपना विवरण भर कर एवं निम्नवत् दस्तावेज स्वःअभिप्रमाणित संलग्न करते हुए दिनांक 11.01.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य है। सभी प्राप्त आवेदन के जाँचोपरांत सही पाये गये आवेदनों में से दिनांक 13.01.2025 को लौटरी के माध्यम से दुकान आवंटन की प्रकिया की जायेगी।

भाग-01

| | |
|---|---|
| मझिआँव प्रखण्ड परिसर के बगल में नवनिर्मित दुकान | दुकान संख्या 01 से दुकान संख्या 10 तक। |

**आवश्यक दस्तावेज।**
1. आवेदक का आधार कार्ड एवं पहचान पत्र की प्रति।
2. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ 2 अदद्।

**दुकान आवंटन हेतु नियम एवं शर्तः-**
1. एक आवेदक एक से अधिक दुकानों के लिए आवेदन कर सकते है, परन्तु एक आवेदनकर्त्ता को एक ही दुकान आवंटन की जायेगी।
2. दुकान की संख्या से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर लौटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
3. दुकान आवंटन के पश्चात् निर्धारित समय के अन्दर एकरारनामा करना अनिवार्य होगा।
4. दुकान आवंटन के पश्चात 50000/-(पचास हजार) रूपये सुरक्षित जमा राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। जो दुकान छोडने के उपरांत वापस किया जाएगा। सुरक्षित जमा राशि में किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
5. दुकान आवंटन 03 (तीन) वर्षो का होगा तथा तीन वर्षो में एकरारनामा नवीनीकरण करना अनिवार्य होगा। इस अवधि के पश्चात एकरारनामा नवीनीकरण करने का निर्णय कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा लिया जायेगा। दुकान का एकरारनामा नवीनीकरण करने अथवा नहीं करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिआँव के पास सुरक्षित रहेगा।
6. आवंटित दुकानदारों को प्रतिमाह 1500/-(पन्द्रह सौ) रूपयें किराया शुल्क देना होगा जो माह के 01 से 10 तारिख के बीच जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि तक दुकान का किराया जमा नहीं करने पर 10 रू (दस रूपये) प्रतिदिन दण्ड स्वरूप वसूल किया जायेगा।
7. लगातार तीन माह का किराया जमा नही करने पर आवंटन रद्द कर पुनः किसी अन्य को आवंटन कर दिया जायेगा।
8. दुकान का विस्तार या किसी भी प्रकार का निर्माण नगर पंचायत मझिआँव के अनुमति के बिना प्रतिबंधित रहेगा।
9. दुकानदार को अपने दुकान के आस-पास साफ-सफाई रखना अनिवार्य होगा। गंदगी पाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसुल किया जाएगा।
10. दुकानदार विद्युत का कनेक्शन स्वंय से आवश्यकतानुसार ले सकते है जिसका व्यय भार स्वंय से वहन करना होगा।
11. सभी दुकानदार को ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 343551 (Urban Development) 24-25 (D)

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। समुदाय के 6 नेताओं ने प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के रूप में शपथ ली। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था। शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली। बेरा ने सदन के पटल से सभी छह भारतीय अमेरिकी कांग्रेसियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की। वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुब्रमण्यन प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया।

हालांकि, रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का अध्यक्ष चुना गया। मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी थानेदार, कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजा कृष्णमूर्ति ने भी शपथ ली। वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय अमेरिकी महिला हैं। खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल ने लगातार पांचवीं बार शपथ ली, जो इनके मजबूत होते राजनीतिक कद को दर्शाता है।



### प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए पहले भारतीय अमेरिकी थे दलीप सिंह सौंद

दलीप सिंह सौंद 1957 में प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय अमेरिकी और सिख थे। वह डेमोक्रेटिक पार्टी से थे और लगातार तीन कार्यकाल के लिए चुने गए थे। दूसरे भारतीय अमेरिकी को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रवेश करने में लगभग पांच दशक लग गए। बॉबी जिंदल ने 2005 से 2008 तक लुइसियाना के पहले कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व किया। बाद में वे लुइसियाना के दो कार्यकाल वाले गवर्नर बने, जिससे वे किसी अमेरिकी राज्य के गवर्नर के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए। जिंदल रिपब्लिकन टिकट पर सदन में चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय अमेरिकी रहे हैं।

## रिपब्लिकन जॉनसन फिर चुने गए अमेरिकी सदन के अध्यक्ष

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** लुइसियाना के सांसद माइक जॉनसन फिर से अमेरिकी सदन के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। जॉनसन ने 218 वोटों के साथ चैंबर में शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर से स्पीकर चुने गए। जॉनसन ने जीत के बाद अपने बयान में कहा, चार साल से मुद्रास्फीति का दौर देखने के बाद हमारे पास एक बड़ा एजेंडा है। हमें बहुत कुछ करना है। हम इसे दो तरीके से कर सकते हैं और उच्च मुद्रास्फीति से लड़ सकते हैं। हम अमेरिकियों को राहत देंगे और ट्रंप टैक्स कट्स को बढ़ाएंगे। एकतरफा व्यापार सौदों से उद्योगों की रक्षा करेंगे और विदेशी निवेश वापस अमेरिका में बढ़ाएंगे। 113वीं कांग्रेस ने शुक्रवार को शपथ ली। दोनों चैंबर के प्रभारी रिपब्लिकन हैं।



## नेपाल में पेट्रोलियम पदार्थ मिलने की पीएम ओली ने की घोषणा

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाल में पेट्रोलियम उत्पाद मिलने की घोषणा की है। पिछले कुछ महीने से नेपाल में पेट्रोलियम पदार्थों की संभाव्यता अध्ययन के लिए खनन का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ओली ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बात को सार्वजनिक किया है। अपने फेसबुक पेज पर प्रधानमंत्री ओली ने लिखा है कि दैलेख जिला में किए जा रहे अन्वेषण में 402 मीटर की गहराई पर पेट्रोलियम पदार्थ का नमूना मिला है, जिसे परीक्षण के लिए भेजने के बाद नेपाल में भी पेट्रोलियम पदार्थ होने की बात पक्की हो गई है।



## अमेरिका के एनएसए दो दिन के दौरे पर आज आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन की रविवार से शुरू हो रही दो दिवसीय नई दिल्ली यात्रा दोनों देशों की साझेदारी के लिए खासी अहमियत रखती है। इस दौरान भारत-अमेरिका के बीच 'महत्वपूर्ण और उभरती टेक्नोलॉजी पर पहल (आईसीईटी)' सहित कई रणनीतिक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के 20 जनवरी को पद छोड़ने और डोनाल्ड ट्रंप के 47वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने से पहले हो रही है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ 'एक महत्वपूर्ण बैठक' के लिए सुलिवन की यात्रा की पुष्टि की। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा, यह सुलिवन की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अंतिम यात्रा होगी। वह बहुत उत्साहित हैं और इस महत्वपूर्ण समय में इन बातचीतों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## तहव्वुर राणा के वकील ने की अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील

**वाशिंगटन।** मुंबई 26/11 हमले का आरोपी तहव्वुर राणा भारत में प्रत्यर्पण से बचने के लिए आखिरी कोशिश की है। उसके वकील जोशुआ एल. ड्रेटल ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। अपील में तर्क दिया गया है कि प्रत्यर्पण 'दोहरे खतरे के सिद्धांत' का उल्लंघन होगा, जो एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाने से बचाता है। अमेरिकी शीर्ष अदालत इस मामले पर 17 जनवरी को सुनवाई करेगी।



### प्रधानमंत्री ने दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 का किया उद्घाटन, बोले

# भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर पांच प्रतिशत से भी हुई कम

**नई दिल्ली (हि.स.)**



### पीएम ने कहा

**किसानों को 3 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई**

**1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं**

**ग्रामीणों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से वे ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी पांच प्रतिशत से नीचे आ गई है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरुआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि, 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे, लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे..., मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया, लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो पहले उपेक्षित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

## देश में रैनसमवेयर हमले में एक साल में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में रैनसमवेयर हमले में एक साल में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बीते वर्ष भारत में 98 रैनसमवेयर अटैक हुए हैं और सबसे ज्यादा अटैक मई व अक्टूबर माह में हुए। एक साइबर सिक्योरिटी एजेंसी साइबर पीस में रिलीज हुई 'रैनसमवेयर ट्रेंड 2024 : इनसाइट्स फॉर ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी रेडिनेस' में इसकी जानकारी दी गई है। साइबर पीस ने एडवांस ओएसिंट (ओपन सोर्स इंटेलिजेंस) तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए 166 थ्रेट एक्टर समूहों की निरंतर निगरानी की और 658 सर्वरों/अंडरग्राउंड संसाधनों से डाटा एकत्र किया।

रिपोर्ट के अनुसार इन अंडरग्राउंड संसाधनों का उपयोग करते हुए रैनसमवेयर समूहों ने 153 देशों में 5,233 हमलों को अंजाम दिया। इस सूची में अमेरिका सबसे अधिक लक्षित देश रहा। इसके बाद कनाडा, यूके, जर्मनी और अन्य देश रहे। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि 'किलसेक' सबसे प्रमुख खतरा था, जबकि 'लॉकबिट3' दूसरा सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा। अन्य समूहों जैसे रैनसम हब, डार्क वॉल्ट व क्लॉप ने मध्यम स्तर की गतिविधियां दर्ज कीं। भारत में औद्योगिक क्षेत्र सबसे अधिक लक्षित रहा, जो कुल घटनाओं का 75% था। इसके बाद हेल्थकेयर सेक्टर (12%) व वित्तीय क्षेत्र (10%) सबसे अधिक प्रभावित हुए। सरकारी क्षेत्र पर सबसे कम प्रभाव पड़ा, जहां केवल 3% घटनाएं दर्ज की गईं। यह वितरण दिखाता है कि औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर साइबर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। साथ ही, हेल्थकेयर, वित्तीय व सरकारी डोमेन में कमजोरियों को भी दूर किया जाना चाहिए।

| औद्योगिक क्षेत्र पर | |
|---|---|
| साइबर अटैक | 75% |
| हेल्थकेयर पर | 12% |
| वित्तीय क्षेत्र पर | 10% |
| सरकारी क्षेत्र | 03% |



## हश मनी केस में 10 जनवरी को सुनवाई

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में 10 जनवरी को सजा सुनाई जाएगी। उन्हें एक पोर्न स्टार को पैसे देकर चुप रहने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। हालांकि, जज ने संकेत दिया की ट्रप को जेल या अन्य दंड का सामना नहीं करना पड़ेगा। न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन मर्चेन ने संकेत दिया कि वह ट्रंप को जेल की सजा नहीं सुनाएंगे और न ही उन्हें पर जुमार्ना लगाएंगे, बल्कि उन्हें 'बिना शर्त बरी' करेंगे।

### पीएम की ओर से केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने चढ़ाई अजमेर में ख्वाजा की दरगाह पर चादर

# प्रधानमंत्री मोदी देश में सद्भाव का बना रहे माहौल : किरेन रिजिजू

**अजमेर (हि.स)**

पूरी दुनिया में भाईचारे, इंसानियत और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए विख्यात राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री के हाथों सौंपी गई चादर ख्वाजा साहब के मजार पर पेश की।

इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित अनेक भाजपा नेता उनके साथ मौजूद थे। दरगाह के बाहर किरेन रिजिजू का काफिला पहुंचते ही भाजपाइयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पूर्व यहां सर्किट हाऊस में भी अजमेर के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया। रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चादर चढ़ाना पूरे देश की ओर से चादर चढ़ाने जैसा है।



### वेब पोर्टल का किया उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मौके पर अजमेर दरगाह पर गरीब नवाज ऐप और एक वेब पोर्टल का शुभारंभ भी किया। इस पोर्टल पर ख्वाजा साहब के जीवन परिचय के साथ दरगाह की सुविधाओं, गेस्टहाउस बुकिंग और सीधा प्रसारण की जानकारी दी गई है। अब जायरीन को दरगाह संबंधित जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

## सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने को केंद्र सरकार ला रही है नया कानून

- डाटा सुरक्षा उल्लंघन पर लगेगा 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक नया कानून लाने वाली है। इसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिए अपने मां-बाप की मंजूरी लेनी जरूरी होगी। यह नियम डाटा प्रोटेक्शन के नए ड्राफ्ट में है। इसका मतलब बताया जा रहा है कि कंपनियां बच्चों का डाटा तब तक इस्तेमाल या स्टोर नहीं कर सकतीं, जब तक माता-पिता की तरफ से सहमति ना हो। लेकिन, सबको पता है कि कंपनियां डाटा पाने के लिए कई तरह की कितनी तरकीब लगाकर डाटा ले ही रही हैं। फिलहाल केंद्र ने बीते शुक्रवार को मसौदा नियम जारी किए और लोगों से आपत्तियां व सुझाव भेजने को कहा, जैसा कि कोरम पूरा करने के लिए होता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना में कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया एमवाईजीओवी. आईएन पर प्रस्तुत की जा सकती है। मसौदा नियमों पर 18 फरवरी के बाद विचार किया जाएगा। यानी, अभी इसमें बदलाव भी हो सकते हैं। केंद्र सरकार के ड्राफ्ट के अनुसार, डाटा के लिए जिम्मेदार कंपनियों को यह जांचना होगा कि जो शख्स खुद को बच्चे का अभिभावक बता रहा है, वह खुद व्यस्क हो और अगर किसी कानून का पालन करने के संबंध में उसकी जरूरत पड़ती है, तो उसकी पहचान की जा सके। इसमें सबसे खास बात यह है कि डाटा कंपनियां इस डाटा को उतने वक्त तक ही स्टोर कर सकेंगी, जितने समय तक के लिए उन्हें लोगों ने मंजूरी दी है। इतना ही नहीं, इसके बाद में इस डाटा को डिलीट करना होगा। ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म डाटा के लिए जिम्मेदार कंपनियों की लिस्ट में आएंगे। उपभोक्ताओं को यह पूछने का अधिकार होना चाहिए कि उनका डाटा क्यों इकट्ठा किया जा रहा है। साथ ही, डाटा उल्लंघन के लिए 250 करोड़ रुपये तक का भारी जुर्माना भी है। कंपनियां लोगों का पर्सनल डाटा भारत से बाहर नहीं ले जा सकेंगी। कानूनी तौर पर ऐसे कुछ ही मामले होंगे, जब डाटा को देश से बाहर लेने की सहमति होगी। डाटा प्रॉसेसिंग की सभी कैटेगरीज को भी सार्वजनिक तौर पर बताना होगा। प्रॉसेसिंग का मकसद भी बताना होगा। मालूम हो कि डिजिटल पर्सनल डॉटा प्रोटेक्शन कानून साल 2023 में संसद से पास हुआ था।

### 'पंचायत से संसद 2.0' का आयोजन करेगा राष्ट्रीय महिला आयोग

# 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि लेंगी भाग

- अनुसूचित जनजातियों से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संसद में लाना है उद्देश्य
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित हो रहा है कार्यक्रम

**नई दिल्ली (हि.स.)**

अनुसूचित जनजातियों से निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संसद में लाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग 'पंचायत से संसद 2.0' की शुरुआत करने जा रहा है। लोकसभा सचिवालय और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यक्रम 'पंचायत से संसद 2.0' में देश भर से 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। यह कार्यक्रम 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।



शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के 22 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली अनुसूचित जनजातियों की 500 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। यह सम्मानित आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर भी आयोजित हो रहा है। उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करते हुए, यह कार्यक्रम आदिवासी महिला नेताओं की नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने और उन्हें अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास है। इस पहल को महिला सशक्तीकरण के लिए मील का पत्थर बताते हुए रहाटकर ने कहा कि यह पहल जमीनी स्तर पर महिला नेताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्हें संवैधानिक सिद्धांतों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन तंत्र से अवगत कराकर, हमारा लक्ष्य उन्हें प्रभावशाली नेतृत्व के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करना है। महिला नेता एक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं और यह कार्यक्रम उनकी यात्रा का समर्थन करने के लिए एनसीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रहाटकर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय नेता करेंगे मार्गदर्शन

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में आयोजित होने वाले तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन करेंगे। भाग लेने वाले प्रतिभागी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम और महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिलेंगे। प्रतिभागी ऐतिहासिक लोकसभा कक्षों, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे।

## बांग्लादेश में तफसीरुल कुरान महफिल में भगदड़, तीस घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में तीन दिवसीय तफसीरुल कुरान महफिल के आखिरी दिन शुक्रवार रात मची भगदड़ में कम से कम 30 लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा जशोर जिला के शरशा उपजिला के पुलेरहाट में एड-दीन सकीना मेडिकल कॉलेज अस्पताल और उसके आसपास हुआ। द डेली स्टार के अनुसार, शुक्रवार रात मशहूर वक्ता मिजानुर रहमान अजहरी का भाषण होना था। उन्हें सुनने के लिए अप्रत्याशित रूप से बहुत अधिक लोग पहुंच गए। इस वजह से भगदड़ मची। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायलों में से नौ को जशोर जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## दुनिया की सबसे वृद्ध महिला टोमिको इटूका का निधन

- जापान के ओसाका में 1908 में हुआ था जन्म



**टोक्यो (आईएएनएस)**

दुनिया की सबसे बुजुर्ग शख्स के रूप में पहचानी जाने वाली 116 वर्षीय टोमिको इटूका का निधन हो गया है। उनका जन्म 23 मई, 1908 को ओसाका में हुआ था। ह्योगो प्रांत की नगर सरकार ने बताया कि इटूका का इस हफ्ते की शुरुआत में पश्चिमी जापान के आशिया शहर के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया, जहां वह रहती थीं। क्योडो न्यूज ने यह जानकारी दी।

शनिवार को जापानी दैनिक 'द मेनिची' की रिपोर्ट के अनुसार, जिस शहर में वह रहती थीं, वहां के विशेष नर्सिंग होम में वह अपने पसंदीदा लैक्टिक एसिड ड्रिंक का आनंद लेती थीं और अक्सर कर्मचारियों को धन्यवाद कहती थीं। आशिया के मेयर रयोसुके ताकाशिमा ने कहा, अपने लंबे जीवन के माध्यम से, उन्होंने हमें बहुत साहस और आशा दी। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दिसंबर 2023 में ओसाका प्रांत के काशीवारा में 116 वर्षीय फुसा तात्सुमी की मृत्यु के बाद इटूका जापान में सबसे बुजुर्ग जीवित शख्स बनी थी।